







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 322
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 08 सितंबर, 2024


# 2017 के पहले यूपी था डर की चपेट में : जगदीप धनखड़

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

- दुनिया में भारत की सशक्त पहचान में यूपी की गुणात्मक भागीदारी: जगदीप धनखड़
- उपराष्ट्रपति ने किया सैनिक स्कूल गोरखपुर का लोकार्पण
- विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को देनी होगी आहुति: उपराष्ट्रपति
- तीन साल में सैनिक स्कूल बनाकर सीएम योगी ने किया चमत्कारिक कार्य: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है। श्री धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक



स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है। जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी जी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है। वैसे तो योगी जी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे, यह विश्वास भी था।

### भारतीयता हमारी पहचान, राष्ट्र हमारा धर्म

सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है।

### सफलता की शुरुआत का केंद्र है असफलता

श्री धनखड़ ने विद्यार्थियों की समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता, सफलता की शुरुआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर का डर मन से निकाल दें। डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है।

### सीएम योगी का करिश्मा भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता

श्री धनखड़ ने कहा कि पूर्वांचल उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण अंग है। इस क्षेत्र के पहले सैनिक स्कूल का ढांचा अद्भुत है। इस शानदार सैनिक स्कूल के रूप में सीएम योगी ने जो करिश्मा किया है वह भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता है। वह आश्वस्त हैं कि यह सैनिक स्कूल योगी जी की विशिष्ट छाप का प्रतिबिंब रहेगा।

### पूर्व सीएम संपूर्णानंद का रिकॉर्ड तोड़ दिया सीएम योगी ने

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1960 में देश के पहले सैनिक स्कूल की स्थापना उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद जी ने थी। अब यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सोसाइटी के माध्यम से सैनिक स्कूल खोलने की सराहनीय कार्य किया है। कम समय में सैनिक स्कूल बनाकर और सबसे अधिक दिन मुख्यमंत्री रहकर योगी जी ने पूर्व सीएम डॉ. संपूर्णानंद जी का रिकार्ड तोड़ दिया है।






# बाराबंकी से सपा विधायक का भाई पुलिस की गिरफ्त में

**लखनऊ के चिनहट इलाके में स्थित एक ढाबे पर हुए गोलीकांड में सपा विधायक सुरेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव को पुलिस ने हिरासत में ले लिया**

- पुलिस सपा विधायक के भाई के साथ गोलीकांड में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है
- बाराबंकी सदर से सपा विधायक का भाई होने के कारण एक बार फिर यूपी की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल सकता है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव योगी सरकार पर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते रहते हैं। इस बीच एक और सपा विधायक के भाई को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बाराबंकी सदर से सपा विधायक का भाई होने के कारण एक बार फिर यूपी की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल सकता है। बाराबंकी में सपा से सदर विधायक सुरेश यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लखनऊ के चिनहट इलाके में स्थित एक ढाबे पर हुए गोलीकांड में सपा विधायक सुरेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सपा विधायक के भाई धर्मेंद्र यादव इससे पहले भी विवादों में आ चुके हैं। लखनऊ पुलिस सपा विधायक के भाई के साथ गोलीकांड में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

### आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज

ढाबे में जब सौतेले भाइयों में गोलीबारी हो रही थी तो विधायक के भाई धर्मेंद्र यादव भी वहीं मौजूद थे। दोनों पक्षों में बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को समझा दिया था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जांच पड़ताल के बाद लखनऊ पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था।

### बच्चे आपस में जमीन बंटवारे को लेकर भिड़ गए

सपा विधायक सुरेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव के परिवार में संपत्ति विवाद चला आ रहा है। चिनहट थाना क्षेत्र के एक ढाबे के पास धर्मेंद्र यादव की दो पत्नियों के बच्चे आपस में जमीन बंटवारे को लेकर भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से गोलीबारी भी की गई। दोनों तरफ से हुई ताबड़तोड़ गोलीबारी से पूरे चिनहट इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करने में जुट गई थी।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी गोलीकांड की घटना

गोलीकांड की घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद इस मामले में चिनहट पुलिस ने सपा विधायक के भाई धर्मेंद्र यादव को हिरासत में ले लिया है। लखनऊ पुलिस धर्मेंद्र यादव से पूछताछ कर रही है। बताया गया कि धर्मेन्द्र यादव की दो पत्नियां हैं। एक पत्नी बाराबंकी में तो दूसरी पत्नी गोमतीनगर लखनऊ में रहती हैं। धर्मेन्द्र यादव का दोनों जगह आना-जाना है, लेकिन वह ज्यादातर गोमतीनगर में ही रहते हैं। बाराबंकी में रहने वाली पत्नी के दो बच्चे अर्जुन यादव उर्फ लक्की और ऋषभ यादव हैं। गोमतीनगर में रहने वाली दूसरी पत्नी से एक बेटा प्रिंस है।

# ट्रांसपोर्ट नगर में ढही तीन मंजिला बिल्डिंग, अब तक 27 लोगों को किया गया रेस्क्यू, छह की मौत



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम बारिश के दौरान शहीद पथ किनारे स्थित एक इमारत (हरमिलाप टावर) भरभराकर जमींदोज हो गया। हादसे में एक कारोबारी समेत छह की मौत हो गई। मलबे में दबे 25 लोगों को निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनका इलाज जारी है। मलबे में अभी कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीमें राहत-बचाव कार्य में देर रात तक जुटी रहीं। आशियाना निवासी राकेश सिंघल का हरमिलाप ( ग्राउंड प्लस 2) टावर था। टावर के ग्राउंड फ्लोर पर आशियाना निवासी जसमीत साहनी (45) का मोबिल ऑयल और दूसरी मंजिल पर दवा का गोदाम था। पहली मंजिल पर मनचंदा का गिफ्ट सेंटर का गोदाम था। शनिवार दोपहर तकरीबन साढ़े तीन बजे तेज बारिश शुरू हुई। करीब आधे घंटे बाद अचानक पूरी बिल्डिंग ढह गई। आसपास भगदड़ मच गई। सबसे पहले पुलिस मौके पर पहुंची। फिर दमकल और उसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की पहुंची टीमों ने राहत-बचाव शुरू किया। एक-एक कर 30 लोगों को निकाला गया। इसमें से कारोबारी जसमीत, पंकज, धीरेंद्र उर्फ धीरज व दो अन्य की मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

# भारत जैसी सांस्कृतिक विरासत दुनिया के किसी देश के पास नहीं : उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन उप राष्ट्रपति भारत गणराज्य जगदीप धनखड एवं उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ स्वदेश धनखड की गरिमा में उपस्थिति में एवं जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य कुलाधिपति जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट की अध्यक्षता में संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया।

उप राष्ट्रपति भारत गणराज्य जगदीप धनखड ने कहा कि आज ऋषि परंपरा विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि ऋषि परंपरा के कारण ही पूरे विश्व में भारत का लोहा माना है। भारत ने कभी दूसरे की जमीन लेने का प्रयास नहीं किया। भारत जैसी सांस्कृतिक विरासत दुनिया के किसी देश के पास नहीं है, यह हमारे जीवन का आधार होगा। ऋषि परंपरा का सिद्धांत है ऋषि परंपरा की वजह से ही हमारा भारत जल स्थल वायु में बढ रहा है। वसुधैव कुटुंबकम के भाव से चल रहा है। भारत में किसी भी संकट का समाधान का एक ही रास्ता है। लोग राजनैतिक स्वार्थ के लिए राष्ट्र धर्म को नहीं मानते हैं, ऋषियों के जो मुख से बडी निकल गई वह हमेशा रहेगी। भारत में पांच हजार साल की संस्कृति आज भी जीवित है। उन्होंने स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से कहा कि आज आपकी उपस्थिति में यह है ऋषि परंपरा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। आप भी एक ऋषि हैं। आपका भी जीवन ऋषि जीवन पर ही समर्पण हो रहा है हम आपको दिव्यांग नहीं मान रहे हैं। आप दृष्टिहीन कैसे हो सकते हैं। जिन्होंने इतना बडा भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट में दिव्यांग विश्वविद्यालय खोलकर दिव्यांगों की सेवा कर रहे

जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि उनके संभाग्य में आसीन सब पत्नी भारत के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड का आगमन हुआ है यह मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवी अर्थ बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत चीन को भी पीछे छोड दिया है। यहां पर उपस्थित कुलपति छात्र अधिकारी मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से विश्वविद्यालय बनाने में पैसा नहीं लिया। वह 23 वर्षों से चला रहा है। कुछ लोग उनका विरोध किया। उन्होंने विश्वविद्यालय को शासन को दे दिया। उन्होंने कहा कि आज ऋषि परंपरा का शुभारंभ हो रहा है। तुलसी पीठ के पीठाधीश्वर रामचंद्र दास ने कहा कि आज उपराष्ट्रपति जनपद में पधारे हैं। आज पूरी देश दुनिया आशा भरी रूप में देख रही है। कहा कि जनपद में तुलसी पीठ की स्थापना की है। कहा कि बहुत लोग सरकार से सहयोग मांगते हैं, लेकिन हमारे परम पूज्य गुरु ने सरकार को दिया है। इसके पूर्व उपराष्ट्रपति भारत गणराज्य एवं धर्मपत्नी ने रक्त चंदन व रुद्राक्ष का पौधा रोपण किया। साथ ही स्व डॉ कुमारी गीता देवी मिश्रा के चित्र का अनावरण किया। दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट सतना मध्य प्रदेश में राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने राष्ट्रपति एवं उनकी धर्मपत्नी को रामायण तुलसी विवाह अंग वस्त्र भेंट किया एवं मंच पर जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर कुमार पांडेय ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह स्वागत भेंटकर किया गया।

इस मौके पर औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन एन आई तथा निवेश प्रोत्साहन उत्तर प्रदेश सरकार नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप, मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर, राज्य मंत्री मध्य प्रदेश सरकार प्रतिमा बागरी, अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरेंद्र गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लव कुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, पदम श्री जल योद्धा उमाशंकर पांडेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ नशा मुक्ति केंद्र



जन एक्सप्रेस। उरई

राजकीय मेडिकल कालेज में नशा मुक्ति केंद्र को स्थापना की गई। जिससे यहाँ नशे से पीड़ित व्यक्ति के इलाज में सहायता मिलेगी। प्रधानाचार्य डॉक्टर अरविंद त्रिवेदी व प्रभारी सीएमएस प्रशांत निरंजन ने केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि जिले के मेडिकल कॉलेज में नशा मुक्ति केंद्र न होने से इससे पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। केंद्र की खुलने से यहां नशा से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के साथ-साथ उनकी काउंसलिंग भी कराई जाएगी जिससे वह नशे की आदत से बाहर आ सके और समाज मे एक अच्छा जीवन जी सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल कालेज में एक वार्ड रूम की व्यवस्था की है, जिसमें 10 बेड रहेंगे। उसमें एक डॉक्टर, नर्स और स्टाफ की तैनाती रहेगी और आगे जरूरत पड़ने पर इसमे वृद्धि की जाएगी। वहीं प्रभारी सीएमएस ने बताया कि ऐसे लोग जो नशा के काफी आदि हो चुके हैं और वह नशा को छोड़ना चाहते हैं लेकिन छोड़ नहीं पा रहे हैं ऐसे लोगों कालेज में आए जिससे उनको इलाज के साथ-साथ काउंसलिंग भी दी जाएगी। कार्यक्रम में कई डॉक्टर मौजूद रहे।

# उप राष्ट्रपति ने आरोग्यधाम में नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन और पारिजात वृक्ष का किया रोपण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड के शनिवार को चित्रकूट आगमन पर दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन एवं मध्य प्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने उप राष्ट्रपति को गुलदस्ता भेंटकर अभिनन्दन किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति द्वारा आरोग्यधाम परिसर में स्थित भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा स्थल पर पहुँचकर नानाजी को पुष्पार्चन किया।

इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश प्रतिमा स्मृति चिन्ह स्वरूप भेट की गई। संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा नानाजी के जीवन दर्शन पर आधारित साहित्य और रानी दुर्गावती का साहित्य के साथ आरोग्यधाम में तैयार हर्बल उत्पादों की किट भी प्रदान की गई। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आरोग्यधाम फार्मेसी में तैयार च्यवनप्राश और अन्य हर्बल प्रोडक्ट आप लोग हमें इस तरह उपहार स्वरूप देंगे तो हमें लत लग जाएगी और हम बार-बार मंगाते रहेंगे। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने आरोग्यधाम में हर्बल गार्डन के पास अपनी सहधर्मिणी डॉ सुदेश धनखड के साथ पारिजात का पौधा रोपित किया।

इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के उप महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल, समाज शिल्पी दंपत्ति प्रभारी डॉ अशोक पांडेय, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह, रिसोर्स सेन्टर प्रभारी विनीत श्रीवास्तव, आयुर्वेद शोधशाला प्रभारी डॉ मनोज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर आरोग्यधाम द्वारा आजीवन स्वास्थ्य की संकल्पना पर आधारित रुरल हैल्थ को लेकर एक प्रदर्शनी आरोग्यधाम के ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शित की गई। जिसमें दादी माँ का बटुआ आकर्षक रहा। साथ ही उद्यमिता विद्यापीठ के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार सामग्री का प्रदर्शन किया गया।

# विकासखण्ड मानिकपुर की ग्राम पंचायत डोढामाफी में जल स्रोत का पूजन जलकोष यात्रा का जनपद चित्रकूट में भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में के संदेश के साथ जल कोष यात्रा 2024 लखनऊ से जनपद के विकासखण्ड मानिपुर की ग्राम पंचायत डोडामाफी पहुंची। यहां जलकोष मात्रा का नेतृत्य कर रहे जल योद्धा पद्?मश्री उमाशंकर पाण्डेय का स्वागत किया गया। विकास खण्ड मानिपुर की ग्राम पंचायत डोडामाकी में पानी की पाठशाला, जल जागरुकता के लिए नुक्कड नाटक व कठपुतली के माध्यम से जागरुकता एवं पानी की पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में प?द्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने ग्राम वासियों को पानी की आवश्यकता के बारे में बताया। साथ ही लोगों को जल, जंगल व जमीन के क्षेत्र में स्वयं से आगे आकर कार्य करने एवं पानी बचाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आवहन किया कि हर कार्य में पानी का समुचित उपयोग व पुनः उपयोग करें। अशोक ने लोगों को जल, जंगल, जमीन एवं जन के एक दूसरे के पूरक व सहयोगी होने को खेल के माध्यम से प्रस्तुत किया। लोगो को नुक्कड नाटक टीम व कठपुतली के माध्यम से भी जल के लिए जागरुकता कार्यक्रम का प्रस्तुतीकररण किया गया। साथ ही जनजागरुकता के लिए रैली का आयोजन ग्राम पंचायत में अधिकारियों, बच्चे एवं ग्रामवासियों के साथ स्कूल से कूप तक जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों एवं आस पास के नागरिको को जागरुक करना। साथ ही यह संदेश देना था कि पानी को बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है। पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं बल्कि हम सभी नागरिको की भी है। इस अवसर पर प?द्मश्री एवं जल योद्धा उमाशंकर पाण्डेय ने ग्राम पंचायत डोडामाफी में बने कूप का पूजन कर जल स्रोतों को बचाने के प्रति जागरुकता एवं संवेदन शीलता विकसित करने का आहवान किया।

# 25 वर्ष बाद हत्यारोपी को हुआ आजीवन कारावास, 70 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस। उरई

**✻ दोस्तों ने ही लूटपाट कर दोस्त की थी हत्या, एक को पहले ही हो चुकी उम्रकैद जबकि एक हुआ दोषमुक्त**

स्पेशल न्यायालय डकैती कोर्ट में करीब 25 वर्ष चले ट्रायल के बाद हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला से साथ 70 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अपर शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम ने बताया कि कोंच कोतवाली क्षेत्र में एट-कोंच रोड स्थित ग्राम अंडा के पास बीते वर्ष 1999 की 26 मार्च को मुश्ताक, सलीम और अयोध्या प्रसाद कोंच जा रहे थे। तभी अयोध्या प्रसाद और सलीम ने अपने ही साथी मुश्ताक के ऊपर हथौड़े से हमला करते हुए पीट-पीटकर घायल कर दिया था। साथ ही उसकी घड़ी, बाइक, जंजीर व दो हजार रुपए लूट लिए थे। मुश्ताक को घायल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया था। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए उसे झांसी रेफर कर दिया गया था। जहां मुश्ताक को मृत घोषित किया गया था। जिस पर 27 मार्च को अज्ञात लोगों के खिलाफ मृतक के भाई ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। विवेचना के बाद इसमें मृतक के साथी अयोध्या प्रसाद, सलीम उर्फ डब्लू और सलीम ड्राइवर का नाम सामने आया था।पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस द्वारा सभी लोगों के खिलाफ न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल की गई थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से 12 गवाह पेश किए गए थे।जिसमें 16 जनवरी 2012 को एक अभियुक्त अयोध्या प्रसाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जबकि इस मामले में एक अन्य आरोपी सलीम ड्राइवर को दोष मुक्त कर दिया था। वहीं एक अभियुक्त सलीम उर्फ डब्लू ने 313 के बयानों के समय अपने आपको नाबालिक बताया था। जिसकी पत्रावली पेश की गई थी, जो वाद सुनवाई के दौरान निरस्त कर दिया गया। इस मामले में अभियुक्त सलीम की निशानदेही पर मृतक की घड़ी व हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद हुआ था और कुल 14 चोटें मृतक के शरीर पर आई थी। शनिवार को इस मामले में सुनवाई पूरी हुई। जिसमें सलीम उर्फ डब्लू को साक्ष्य और गवाहों के आधार पर स्पेशल न्यायालय डकैती कोर्ट के न्यायाधीश डॉक्टर अवनीश कुमार ने बालिग साबित होने पर हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इतना ही नहीं बल्कि 70 हजार रुपए का आर्थदंड भी लगाया है।

# एसओजी ने मुठभेड़ के बाद महिला के हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर महिला के हत्यारोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा की गई फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ऊसरगांव में बीते दिन 3 सितम्बर को गौशाला के पीछे एक खेत में महिला का शव नग्न हालत में बरामद हुआ था। जिसकी हत्या सिर में गहरी चोट मारकर की गई थी। महिला की पहचान मानसिक रोगी महिला के रूप में हुई थी, जो अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। इस हत्या को लेकर उसके पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने घटना से जल्द पर्दा उठाने के लिए कालपी और आटा पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया था। जांच पड़ताल में पता चला कि महिला की हत्या के बाद से गांव का एक युवक चंद्रपाल उर्फ रणविजेंद्र पाल अहिरवार फरार है, जो अक्सर महिला के इर्द गिर्द ही रहता था। शुक्रवार देर रात मुखबिर द्वारा आरोपी के घर आने की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने सरसेला रोड पर घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस से घिरता देख आरोपी ने पुलिस पार्टी पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसकी एक गोली चंद्रपाल के पैर में लगी। जिससे वह घायल हो गया, और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से तमंचा कारतूस, खोखा व बाइक बरामद की है।एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने कबूला है कि मानसिक रोगी महिला की हत्या उसने ही की है।

# मेडिकल कॉलेज के सामने ही सरकारी डॉक्टर का चल रहा क्लीनिक

**कॉलेज में हड्डी रोग का उपचार करने वाले मरीजों को भेजता है अपने ही क्लीनिक में**

जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह बादशाह

**उरई।** शहर के कालपी रोड़ स्थित राजकीय मेडिकल कालेज उरई में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ के रूप में विख्यात चिकित्सक डा. एसके अग्रवाल सरकारी सेवा में होने के बाद भी उन्हें प्राइवेट प्रैक्टिस करने का ऐसा चस्का लगा कि वह मेडिकल कालेज के गेट नंबर दो के सामने यश मेडिकल स्टोर के समीप ही दुकान चलाने में मशगूल हो गये। ऐसा कृत्य करके वह दोहरा लाभ प्राप्त करने के मिशन में जुट गये हैं।

स्वास्थ्य महकमे से मिली जानकारी की मानें तो जो भी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करता है, उसको सरकार द्वारा अतिरिक्त भत्ता दिया जाता है। लेकिन इस मामले में राजकीय मेडिकल कालेज उरई के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. एसके अग्रवाल खुलेआम प्राइवेट प्रैक्टिस राजकीय मेडिकल कालेज गेट नंबर दो के सामने यश मेडिकल स्टोर के समीप बैठकर करते हुये कभी भी देखा जा सकता हैं। कहने के लिये भले ही वह सरकारी सेवा में हों लेकिन अपनी कमाई बढ़ाने की ललक ने उन्हें प्राइवेट प्रैक्टिस करने के




लिये उन्मुख कर दिया। जिससे वह अपनी दुकान यश मेडिकल स्टोर के समीप सजाकर बैठ जाते हैं। जहां मेडिकल कालेज में उनके पास उपचार कराने पहुंचने वाले मरीजों को अच्छा उपचार कराने की सलाह देकर उनसे ही उपचार कराने के लिये प्रेरित किया जाता है। जिससे बेचारे मरीज ही नहीं बल्कि तीमारदार अपने मरीजों को लेकर मेडिकल कालेज के गेट नंबर दो के सामने लेकर पहुंच जाते हैं। जहां पर सरकारी चिकित्सक डा. एसके अग्रवाल ऐसे मरीजों को उपचार करने में लगे रहते हैं। यही सिलसिला लंबे समय से चला आ रहा है।हालांकि सीएमओ कार्यालय से जब इस बारे में जानकारी की तो बताया गया कि कोई भी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकता है। इसके लिये उन्हें सरकार द्वारा भत्ता भी दिया जाता है। यदि कोई सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करता है तो उसे सरकार द्वारा दिया जा रहा भत्ता नहीं लेना चाहिए। इस पूरे प्रकार की शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत भी की गई है। वहीं कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि जब शिकायतकर्ता ने इस मामले की डीएम से शिकायत की तो वहां से खाली करने पर विचार हो रहा है। शिकायतकर्ता ने डाक्टर का सरकारी पर्चा व डाक्टर का प्राइवेट पर्चा के साथ शिकायती पत्र में लगा कर शिकायत की थी।

शेष ख़बर अगले एपिसोड में

# बालिका इंटर कॉलेज में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्या योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देशन में राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज में शनिवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 द्वारा केन्द्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति का गठन हुआ। जिसका उद्देश्य समाज के गरीब और हाशिए के लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का काम करता है। बालिकाओं के मध्य कानून की जानकारी देते हुये बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, गरीब, निसहाय, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति आदि को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके लिये हमारे पराविधिक स्वयंसेवक ग्रामीण व अन्य क्षेत्रों में जाकर निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देते हैं।

न्यायिक मजिस्ट्रेट एस आनन्द ने बताया कि विद्यार्थियों की मुख्य पहचान यह है कि यह जिज्ञासू हो, विद्यार्थी का सबसे बडा गुण जानने की इच्छा है। सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम कुलदीप सिंह ने बताया कि विधिक सहायता भारत के सम्बन्धित में निहित संवैधानिक लक्ष्यों को प्राप्त करना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण




द्वारा लोगों को निशुल्क विधिक सहायता के लिए टोल फी नम्बर 15100 जारी किया गया है। जिसके माध्यम से लोग अपनी शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं। सहायक अध्यापक नीलम बगडिया ने बताया कि नारी गौरव है, अभिमान है, नारी से रचा विधान है। ऐसी नारी को हम सबका प्रणाम है। पैरालीगल वालंटियर ममता वर्मा ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढाओ तथा स्त्रीयों के अधिकारों के बारे में बताया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या विनीता वर्मा, शशिकला, राधा, रामसागर व अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने वृद्धा आश्रम विनायकपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यरत कर्मचारियों में से शशिकान्त लेखाकार, दिलीप कुमार सुरक्षा कर्मी अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित वृद्ध संवासियों से मुलाकात कर उनके समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी। कुछ संवासियों द्वारा बताया गया कि उनके पास सीनियर सिटीजन कार्ड नहीं है। रास्ता खराब होने के कारण आने-जाने में कठिनाई होती है। वृद्धजनों के अस्वस्थ होने पर उनके तत्काल उपचार के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है।

इसी क्रम में सखी वन स्टाप सेण्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेजिता द्विवेदी, अर्चना साहू, अर्चना यादव, महिला सुदराकर्मी स्वाती रजावत उपस्थित मिले। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि युद्धराम कम्प्यूटर आपरेटर, सह कनर्क जिला प्रोबेशन कार्यालय का भी कार्य देख रहे हैं। पुष्पा देवी प्रशिक्षित पैरामेडिकल नर्स के बारे में बताया कि वह संयुक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट में कार्य देख रही हैं।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। उरई



मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल दुबे व पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी की अध्यक्षता में कोंच तहसील के विकास खण्ड सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान के अवसर मंडलायुक्त व पुलिस उप महानिरीक्षक के समक्ष कुल 42 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से राजस्व की 10, पुलिस की 06, विकास की 04, विद्युत की 06 और 16 अन्य विभागों से सम्बंधित है, मौके पर कुल 02 शिकायतो का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया कि शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी व बिना पक्षपात के निस्तारण करना सुनिश्चित करे। मंडलायुक्त ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। जिससे फरियादियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि आज जो भी शिकायते प्राप्त हुई है उन शिकायतो के निस्तारण के लिए एक जांच कमेटी गठित की जाए। साथ ही गंभीरता से मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को अपनी समस्या का निदान मिल सके। पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि शिकायतो के निस्तारण में लापरवाही बरते पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0सें0) : 33.0 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0सें0) : 27.0 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# घाटमपुर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी

**समस्याओं को सुन तुरंत निस्तारण करने का दिया आदेश**



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जिलाधिकारी कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील घाटमपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिस भी विभाग द्वारा शिकायत निस्तारण में यदि गलत आख्या लगाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी घाटमपुर तथा तहसीलदार घाटमपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात मे जिन गरीब लोगों के कच्चे मकान गिरे है उन लोगों को दैवी आपदा के अंतर्गत सत्यापन कराते हुए उनको नियमानुसार सहायता दिए जाने की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने उपजिलाधिकारी घाटमपुर, तहसीलदार घाटमपुर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद से घाटमपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन दिनों मे अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अवैध अतिक्रमण से कब्जा मुक्त कराते हुए उसकी रोपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस के दौरान जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र न बनाए जाने की अधिक शिकायत प्राप्त होने के कारण खण्ड विकास अधिकारी घाटमपुर को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया गया कि समय से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा आज-9 प्रकरणो में तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतुराजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 246 शिकयतें प्राप्त हुए, जिनमें 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकयतों के निस्तारण हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराएं गए कि प्रकरणों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। दीप कुमार निवासी घाटमपुर द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास न दिए जाने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्यमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास उपलब्ध कराने हेतु सूची में नाम सम्लित किए जाने के निर्देश दिए। श्रीमती साहिदा निवासी घाटमपुर द्वारा बरसात में मकान क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की गई जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी घाटमपुर को निर्देशित किया गया कि आज समाधान दिवस में क्षतिग्रस्त मकान होने की जितनी भी शिकायते प्राप्त हुई है उन सभी शिकायतकर्ताओं को दैवी आपदा के अन्तर्गत सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

श्रीमती गुड्डन पत्नी स्व संतोष द्वारा शिकायत की गई की उनके 5 बच्चे है पति की मृत्यु के उपरांत सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है जिस पर तत्काल जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जब तक उनके बच्चे बालिक नही हो जाते तब तक उनका बच्चो को शासन द्वारा 4000 प्रतिमाह दिए जाने की योजना का फार्म भरवाया जाए तथा सभी बच्चों का सरकारी स्कूल में एडमिशन कराने के निर्देश दिए। राजेश कुमार द्वारा शिकायत की गई की विधुत विभाग द्वारा बिना उनकी अनुमति के उनके खेतो में बिजली के खम्बे लगाए गए जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी दक्षिणांचल को निर्देशित करते हुए कहा की उनके खेतो से बिजली के खम्बे हटाने की कार्यवाही की जाए। राम बालक निवासी घाटमपुर द्वारा शिकायत की गई की उनकी जमीन पर दबंगो द्वारा कब्जा किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को आवश्यक किए जाने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक पतारा की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कराने की शिकायत पर लेखपाल आयुष के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुये कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश उपजिलाधिकारी, घाटमपुर को दिये। राम शंकर द्वारा वरासत में नाम दर्ज न किए जाने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल आज ही नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी घाटमपुर को दिए। समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0आलोक रंजन, उप जिलाधिकारी घाटमपुर श्री यदुवेन्द्र वैश्य, तहसीलदार घाटमपुर, सहित सभी सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीयअधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कानपुर में लकी लक्ष्मी महोत्सव का हुआ शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर द लैंडमार्क होटल में ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल ने अपने पुनर्निर्मित प्रारूप में लकी लक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ करने की घोषणा कर दी है, जिसका थीम है गेट ब्लेस्ड बी लकी। लकी लक्ष्मी के संयोजक मनोज झा ने बताया कि कानपुर के प्रमुख स्थानों पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव एक नया और समृद्ध अनुभव देने का वादा करता है,जिसमें पिछले वर्षों की मूल्यवान प्रतिक्रिया को समाहित किया गया है। यह आयोजन आभूषण विक्रेताओं को उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है,जिसमें आधुनिक और पारंपरिक तत्वों का समन्वय करते हुए नए डिजाइन और उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य भारतीय आभूषण उद्योग को पुनर्जीवित करना और प्रतिभागियों के लिए अपार अवसरों और सौभाग्य का द्वार खोलना है। जहां आकर्षक इनामों,रोमांचक प्रतियोगिताओं और विभिन्न गतिविधियों के साथ,यह महोत्सव खुदरा विक्रेताओं की दृश्यता बढ़ाने,बिक्री को प्रोत्साहित करने और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। इस उत्साह को और बढ़ाते हुए, अभिनेत्री मुग्धा गोडसे विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंची। यह महोत्सव ग्राहकों को कई सुनहरे मौके प्रदान करेगा, जिनमें सुनिश्चित उपहार जीतने के अवसर और समय-समय पर, साप्ताहिक एवं बंपर पुरस्कार ड्रॉ शामिल हैं। इस उत्सव के उत्साह को और बढ़ाते हुए मौके पर अभिनेत्री मुग्धा गोडसे ने विशेष अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, लकी लक्ष?मी महोत्सव का हिस्सा बनकर मैं बेहद प्रसन्न हूं।आभूषण और समृद्धि के इस भव्य उत्सव को देखकर मन खुश हो जाता है। यहां जो रचनात्मकता और सौंदर्य देखने को मिल रहा है,वह सचमुच अद्भुत है और मुझे विश्वास है कि यह महोत्सव सभी को प्रेरित और प्रसन्न करेगा। यह महोत्सव 12 अक्टूबर 2024 से शुरू होकर 26 नवंबर 2024 तक चलेगा। इस मौके पर चेयरमैन सैय्यम मेहरा, निदेशक कमल सिंघानिया,जोनल अध्यक्ष डा. रवि कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# शुभ मुहूर्त को देखते हुए स्थापित किए गए गणपति बप्पा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गणेश महोत्सव के अवसर पर शहर भर मे उत्सव का माहौल देखने को मिला। निराला नगर जहां गणेश मूर्तियों की सबसे बड़ी बाजार है वहां से लोग गाजे-बाजे के साथ अपने घरों और पंडालों मे गणेश जी की मूर्तियां लेकर गए। इस बार शहर मे पंडालों की संख्या भी बढ़ गई है और लोग धूमधाम से महोत्सव मना रहे हैं। शुभ मुहूर्त के अनुसार कल गणेश जी को पूजन के बाद विभिन्न पंडालों मे स्थापित किया गया। शहर मे महल और महाराजा की तर्ज पर बड़े पंडाल सजाए गए हैं। जिनमे 15 फीट से लेकर 3 फीट तक की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही घरों मे मिट्टी के छोटे गणेश भी काफी खरीदे गए हैं। शुक्रवार शाम से रात तक मूर्तियां महोत्सव कमेटियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ पंडालों के लिए रवाना की गईं।

**तैयार हुए गणेश परिवार**

महोत्सव कमेटी के सदस्यों की मांग पर विभिन्न गणेश परिवार तैयार किए गए हैं। साकेतनगर, बर्रा, गोल चौराहा जैसे क्षेत्रों से मूर्तियां लेकर कमेटी के सदस्य आतिशबाजी करते हुए पंडालों के लिए रवाना हुए। शहर मे महलों की तर्ज पर भव्य पंडाल सजाए जा रहे हैं। सिविल लाइन, खलासी लाइन, ग्वालटोली, नवाबगंज, विकासनगर, गोविंदनगर, किदईनगर, रतनलालनगर, बर्रा विश्वबैंक, और गुंजन विहार जैसे स्थानों पर बड़े-बड़े पंडालों मे गणेश जी की मूर्तियां विराजमान की गई हैं।

**शतभिषा नक्षत्र का संयोग**

इस बार गणेश महोत्सव के दौरान कई शुभ मुहूर्त रहे। शनिवार को सुबह 10:51 बजे से दोपहर 1:21 बजे तक गणेश स्थापना का शुभ मुहूर्त रहा जो 2 घंटे 30 मिनट तक चला। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन शतभिषा नक्षत्र का संयोग भी है। वास्तु शास्त्र के अनुसार गणेश की मूर्ति को घर के ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा मे स्थापित करना चाहिए। अगर इस दिशा मे स्थान उपलब्ध नही हो तो मूर्ति को पूर्व, पश्चिम या उत्तर दिशा मे भी स्थापित किया जा सकता है।

# गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे के साथ हुई मूर्ति स्थापना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**गाजे-बाजे के साथ गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ**

**शिवराजपु।** क्षेत्र में गणेश चतुर्थी के मौके पर पारंपरिक ढंग से गणपति बप्पा का गणेश महोत्सव धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ आरंभ हो गया है। क्षेत्र के सखरेज गाँव स्थित शिव गजानन सेवा समिति द्वारा तृतीय उत्सव इस बार गणपत बप्पा की मूर्ति स्थापित कर गणेश महोत्सव आरंभ हो गया है। कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गणेश उत्सव के विशेष प्रबंध किए गए हैं, साथ ही आकर्षक मूर्ति की स्थापना भी की गई है। गणपति बप्पा के दर्शन और झांकियां के साथ ही नित्य रात्रि में होने वाले भजन कीर्तन में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है 7 समिति के अध्यक्ष अलोक द्विवेदी ने बताया कि मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन के दिवस तक रोजाना प्रसिद्ध कलाकरो द्वारा रास लीला और रामलीला का मंचन किया जायेगा। आज स्थापना दिवस पर विशाल जागरण का कार्यक्रम किया गया।

इस मौके पर मयंक पांडे, भोला तिवारी, आकाश शुक्ला, विजय सिंह, छोटू तिवारी, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कानपुर विश्वविद्यालय के 39वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर, मेधावियों की पदक सूची जारी




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के 39वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यह समारोह 28 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमे विश्वविद्यालय की मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलाधिपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को पदक पाने वाले मेधावियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। जिसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

विश्वविद्यालय ने यह भी जानकारी दी है कि यदि किसी छात्र-छात्रा को इस सूची मे कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति 15 सितंबर 2024 की शाम 5:00 बजे तक दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जाएगी।

आपत्ति दर्ज करने के लिए विश्वविद्यालय ने ईमेल आईडी उपलब्ध कराई है।

**छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने मे जुटे हुए हैं। समारोह मे विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों से जुड़े मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पदकों और प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया जाएगा। इस बार भी समारोह मे बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं शामिल होंगी जो अपनी डिग्रियों और पदकों को प्राप्त करेंगे।

**समारोह की तैयारी जारी**

दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है जहां मेधावियों की मेहनत को सम्मानित किया जाता है और उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी यह गर्व का क्षण होता है। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व मे समारोह को और भी विशेष बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# सपा ग्रामीण की मासिक बैठक संपन्न


**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जिले मे हो रही हत्याओं, ब्लात्कार, अपहरण और हर छोटी बडी घटनाओ पर समाजवादी पार्टी के कार्य कर्ता की बनी कमेटी तुरंत लेंगे संज्ञान और करेंगे सरकार को घेरने का कार्य समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण की बैठक ग्रामीण कार्यालय एक नवीन मार्केट में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एवम पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने जिले से आये हुए सभी पदाधिकारीयों से कहा कि जिले मे किसी भी तरह का प्रशाशनिक अत्याचार ना इंसाफी पुलिस उत्पीड़न हो उसको तुरंत संज्ञान मे लेकर सारे कार्य कर्ता, पदाधिकारी इकट्ठा हो कर विरोध करेंगे और हो रहे ज़ुल्म को रोकेंगे और हर कार्यकर्ता अखिलेश यादव बन कर जनता के हितों के लिए एकजुट हो कर पी डी ए के फॉर्मूले पर चल कर समाजवादी पार्टी के वोट पर अपनी पकड़ रखेगा और आगामी आने वाले विधान सभा के चुनाव को देखते हुए तैयार रहेगा और अपने बुथों को मजबूत करेगा वोटर लिस्ट मे वोट बढ़ाने का कार्य करेगा

बैठक मे लोकसभा प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद राजा राम पाल ने कार्य कर्ताओं का धन्यवाद किया की आप लोगों ने मजबूती के साथ लड़ाया और तीन विधान सभा मे हमको जिताया आगामी इलेक्शन मे जो कमी रह गई है वो हम लोग अभी से मेहनत करके दूर करेंगे और पांचो विधान सभा जीतेंगे

बैठक का संचालन महासचिव जितेंद्र कटियार ने किया बैठक मे मुख्य रूप से मौजूद रहे। आज मासिक बैठक में राजा राम पाल पूर्व सांसद सतीश निगम पुर्व विधायक कल्यानपुर, जितेन्द्र कटियार महासचिव कानपुर ग्रामीण,अर्चना रावल जिला अध्यक्ष महिला सभा कानपुर ग्रामीण,रंजन पासी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण, शिवसिंह पाल जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कानपुर ग्रामीण,वीरपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा कानपुर ग्रामीण, सौरभ सिंह जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड कानपुर ग्रामीणनिर्भय सिंह यादव पुर्व जिला अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण, श्याम सुन्दर यादव जिला उपाध्यक्ष, के के कुशवाहा विधान सभा अध्यक्ष बिठूर,राजू बर्मा विधान सभा अध्यक्ष घाटमपुर चंद्र शेखर यादव विधान सभा अध्यक्ष कल्याणपुर, रंजीत तोमर जिला सचिव, कर्मवीर यादव जिला सचिव, नियाज़ सिद्धकी जिला सचिव, दिलीप प्रजापति जिला सचिव, कपूर सिंह, राजाराम शाहू, सोमवती संख्वावर जिला पंचायत सदस्य, मीना संख्वार महासचिव महिला सभा पुर्व ब्लाक प्रमुख पतारा,भारत सिंह यादव ब्लाक अध्यक्ष ककवन ब्लाक अध्यक्ष शिवराजपुर शैलेंद्र सिंह यादव, रहीश अली, वीरेन्द्र सिंह पटेल अमर सिंह यादव महासचिव घाटमपुर विधान सभा, दीप शिखा सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# ऊर्षला मे आयुष्मान कार्डधारक से डॉक्टरों ने मांगे पैसे, पीड़ित परिवार ने सीएम से की शिकायत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए जहां लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं तो वहीं सरकारी अस्पतालों मे भ्रष्टाचार के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कानपुर के उर्सला अस्पताल से सामने आया है। जहां आयुष्मान कार्डधारक मरीज से इलाज के नाम पर 15 हजार रुपये की मांग की गई। इस मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक और कानपुर जिलाधिकारी राकेश कुमार से की है। कानपुर के उर्सला अस्पताल के अस्थि रोग विभाग मे राजू नाम का एक मरीज भर्ती हुआ था। राजू के परिवार का आरोप है कि उनके पास आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद डॉक्टर ने सर्जरी के लिए जरूरी इंप्लांट के नाम पर 15 हजार रुपये की मांग की। जब उन्होंने रुपये देने से इनकार किया तो पांच दिन तक मरीज को कोई देखने नही आया और बिना सर्जरी के ही पैर की टूटी हड्डी पर प्लास्टर चढ़ा दिया गया।

**धनीराम पैंथर की मदद से हुई शिकायत**

इस मामले मे राजू के परिवार ने धनीराम पैंथर से संपर्क किया और अपनी समस्या बताई। धनीराम ने तुरंत उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल को मामले की जानकारी दी। धनीराम पैंथर का कहना है कि उर्सला अस्पताल मे बिना रुपये लिए मरीजों का इलाज नही हो रहा है। डॉक्टर स्टाफ और नर्से मनमानी दिखाकर मरीजों और उनके तीमारदारों से रुपयों की मांग कर रहे हैं।

**बिना सर्जरी मरीज को चढ़ा दिया प्लास्टर**

राजू की पत्नी सीता ने अस्पताल प्रशासन को बताया कि उनके पास सर्जरी के लिए रुपये नही हैं और उन्होंने आयुष्मान कार्ड दिखाया। लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर ने 15 हजार रुपये मांगे। रुपये न देने पर बिना सर्जरी किए राजू के पैर मे प्लास्टर चढ़ा दिया गया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई।

**अस्पताल प्रशासन का कहना**

इस मामले पर उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल ने बताया कि मरीज ने भर्ती होने के दौरान डॉक्टर को आयुष्मान कार्डधारक होने की जानकारी नही दी थी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्डधारक मरीजों के लिए दवा और इलाज की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अस्पताल द्वारा की जाती हैं। जल्द ही राजू की पैर की सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर से कराई जाएगी।

**भ्रष्टाचार पर उठ रहे सवाल**

इस घटना ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों मे चल रहे भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। आयुष्मान भारत योजना जो गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करती है। उसका लाभ मरीजों को सही तरीके से नही मिल पा रहा है। ऐसे मामलों मे अस्पतालों की मनमानी और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की मांग बढ़ रही है। अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद अब देखना यह होगा कि इस मामले मे कब और क्या कार्यवाही की जाती है। मरीज के इलाज मे देरी और सर्जरी के बिना प्लास्टर चढ़ाने जैसी घटनाएं मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ की तरह हैं जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

# चौबेपुर थाना प्रभारी ने बंदी माता रोड से हटवाया अतिक्रमण



**जन एक्सप्रेस । चौबेपुर**

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बंदी माता रोड तिराहे को बीते दिन शनिवार की दोपहर चौबेपुर थाना प्रभारी राजेंद्र कांत शुक्ला ने लाव लश्कर के साथ पहुंचकर फुटपाथ को पूरी तरीके से खाली कराया है। बंदी माता रोड तिराहे पर काफी समय से ठिलिया वाले, ई-रिक्शा वाले तिरछे रिक्शे को खड़ा करके अराजकता फैला रहे थे। जिसकी वजह से एन एच 91 रोड पर आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो रही थी। जिसके चलते वहां से गुजरने वाले वाहनों को एवं राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। बंदी माता रोड के दोनों और फुटपाथ पर अतिक्रमण होने की वजह से दिन में कई बार जाम लग जाया करता था और वहां से निकलने वाले वाहनों की लंबी-लंबी करें लग जाती थी।

सूत्रों के मुताबिक क्षेत्रीय जनता ने कई बार चौबेपुर थाना प्रभारी से आए दिन लग रहे जाम को लेकर शिकायत भी की। शिकायत का संज्ञान में लेते हुए शनिवार के दोपहर थाना प्रभारी अपने सहकर्मियों के साथ बंदी माता रोड पर पहुंचे और अतिक्रमण को हटवाया। बंदी माता रोड पर हुए अतिक्रमण के हटने के बाद क्षेत्रीय जनता में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने चौबेपुर थाना प्रभारी की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

# जमीन कब्जाने के मामले मे फरार चल रहे इनामियों को पुलिस ने दबोचा


**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सिविल लाइंस स्थित एक हजार करोड़ रुपए की नजूल की जमीन कब्जाने के मामले मे फरार चल रहे एरियल परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये सभी आरोपी 50-50 हजार रुपये के इनामी थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई दिनों से कोशिश कर रही थी। इससे पहले इस मामले मे कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष समेत कई अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कानपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस मे हडर्ड चौराहे के पास एक नजूल की जमीन स्थित थी। जिसकी अनुमानित कीमत एक हजार करोड़ रुपए थी। बीते 28 जुलाई 2024 को हरेंद्र मसीह, राहुल वर्मा, मौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, और अर्पण एरियल के उकसाने पर अवनीश दीक्षित, जीतेश झा, मोहित बाजपेयी, संदीप, विक्की चार्ल्स, अब्बास, जितेंद्र और अन्य 20 व्यक्तियों ने बलपूर्वक इस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी।

# पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में थाना छावनी के ई-मालखाना का किया गया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





कानपुर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध विपिन कुमार मिश्रा तथा अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर महोदय के निर्देशन में एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं अपराध आशीष श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त लखन सिंह यादव के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त छावनी/लाइन्स श्रीमती अंजली विश्वकर्मा के नेतृत्व में पूर्वी जोन के थाना छावनी पर आज ई-मालखाना का शुभारंभ किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

ई-मालखाना से मुकदमा संबन्धी माल का रखरखाव एवं क्यू आर कोड के माध्यम से पहचान करने एवं खोजने में होने वाली आसानी एवं सुविधाओं के बारे में पुलिस कर्मियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ई-मालखाना पुलिस विभाग के लिए एक क्रांतिकारी कदम है, जो पारंपरिक मालखानों की कई समस्याओं का समाधान करता है।

**एक लाख या इससे ऊपर के काम ई-टेंडर से**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर नगर निगम अब एक लाख या इससे ज्यादा की धनराशि से होने वाले सभी विकास कार्य ई-टेंडरों के माध्यम से कराएगा। इससे पहले 10 लाख या इससे ऊपर के काम ई-टेंडरों से कराए जाते थे। माना जा रहा कि गड़बड़ियों में अंकुश लगाने के लिए यह फैसला लिया गया है। शुक्रवार को नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक में रिंग रोड के लिए चकेरी और कुलगांव की जमीन देने के भी प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। हालांकि, डीएम सर्किल रेट के हिसाब आकलन कर जमीन हस्तांतरित की जाएगी।

# प्रयागराज महाकुंभ-2025 मेले में एम्स रायबरेली को मिली जमीन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 में आने वाले भक्तों के लिए अच्छी और राहत भरी खबर है। इस बार महाकुंभ मेले में विशेष स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाएं मिलेंगी। मेला प्राधिकरण से जमीन मिलने केबाद एम्स रायबरेली ने मेला परिसर में 10 बेड की अस्थायी आईसीयू को स्थापित करने की कवायद में जुट गया है। यह पहली बार होने जा रहा है कि रायबरेली एम्स महाकुंभ में आईसीयू तक की सुविधा देगा

इसके अलावा भक्तों को मुफ्त ओपीडी, जांच और एंबुलेंस की सुविधा भी मुहैया कराई जएगी। प्रयोगशाला (लैब) में अत्याधुनिक मशीनों से ब्लड सहित अन्य जांचें होंगी। इसके लिए एम्स प्रशासन प्रस्ताव को पास करने की प्रक्रिया में जुट गया है। प्रयागराज में महाकुंभ-2025 को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इस बार रायबरेली एम्स की ओर से मेला परिसर में भक्तों को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए आगे आया है। एम्स प्रशासन ने मेला परिसर में 10 बेड की अस्थायी आईसीयू वार्ड सहित अन्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए मेला प्राधिकरण से जमीन मांगी थीमेला प्राधिकरण एम्स को जमीन उपलब्ध कराने के लिए तैयार हो गया है। इस संबंध में एम्स को प्राधिकरण का पत्र भी मिल गया है। मेला प्राधिकरण से हरी झंडी मिलने के बाद एम्स में तैयारियां शुरू हो गई हैं आईसीयू में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात किए जाने का प्रस्ताव है। मेला परिसर में ही भक्तों की जांच के लिए अस्थायी लैब भी स्थापित इस लैब में मरीजों के ब्लड, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य बड़ी जांचों की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी

रायबरेली एम्स के अपर चिकित्सा अधीक्षक सुयस सिंह ने बताया प्रयागराज के महाकुंभ मेला प्राधिकरण से जमीन की व्यवस्था हो गई है। मेला परिसर में 10 बेड की अस्थायी आईसीयू और लैब संचालित कराने का प्रस्ताव है। निशुल्क ओपीडी की सुविधा भी विशेषज्ञ डॉक्टरों से कराई जाएगी। मेला में आने वाले भक्तों को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का प्रयास होगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने तीन छात्राओं को कुचला, एक की मौत, दो गंभीर

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



साइकिल सवार तीन छात्राओं को राष्ट्रीय राज्यमार्ग बरुआ चौराहे के समीप ट्रक ने कुचल दिया। घटना के दौरान एक किशोरी की मौके परही मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालत नाजुक होने पर उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ट्रक में तोड़फोड़ की। इसके बाद सड़क पर छात्रा का शव रखकर रायबरेली-प्रतापगढ़ मार्ग तीन घंटे तक जाम कर रखा

कालोनी और घायलों के समुचित इलाज की राशि दिलाये जाने के आश्वाशन के बाद मार्ग जाम बहाल हो सका। कोतवाली अंतर्गत पूरे नारायण मजरे कालू जलालपुर निवासी साइकिल सवारछात्रा कंचन (17) पुत्री रतिपाल कक्षा 8, शैलजा (16) रामशंकर कक्षा 8 और हाईस्कूल की छात्रा आरती (16) पुत्री स्वर्गीय रघुनाथ करहिया बाजार स्थित कान्हा शिक्षा निकेतन विद्यालय जा रही थी। शनिवार सुबह लगभग पौने आठ बजे के करीब बरुआपुल चौराहे पर प्रतापगढ़ की तरफ से सलोन की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने विपरीत दिशा में जाकर तीनों साइकिल पर जोरदारटक्कर मार दी

घटना के दौरान तीनों छात्राएं ट्रक के अंदर फंस गई। वहीं, ट्रक के आगे बढ़ जाने से एक छात्रा शैलजा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोघायल हो गई मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर ट्रक के अंदर से छात्राओं को पकड़कर बाहर निकाला। जिसमें छात्रा शैलजा की मौके पर मौत हो गई जबकि कंचन और आरती की हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर सीओ सलोन आसपास के थाने की फोर्स मौके पर बुलाई गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने छात्रा के शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। राजमार्ग जाम के दौरान दोनों तरफ दो किलोमीटर दूर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर एसडीएम अभिषेक कुमार पहुंचे। उनके द्वारा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता मृतक की बडी बहन की शादी का अनुदान, आवास एवं घायल बच्चियों के इलाज का समुचित खर्च सरकारी सहायता से दिलाये जाने के आश्वासन पर परिजनों का आक्रोश शांत हुआ। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मृतक के पिता रामशंकर की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। दोनों घायल छात्राओं का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छात्रों को सफलता दिलाने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को सफलता के सूत्र बताकर उत्तीर्ण करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया आयोजित एक कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान के शिक्षक कुलदीप सिंह और रसायन विज्ञान के शिक्षक देवेंद्र त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा किस तरह के शिक्षक छात्रों को उचित मार्गदर्शन देकर सफलता के सूत्र बताते हैं और उन्हें अपने-अपने तरीके से समझाने का प्रयास करते हैं शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक आचरण और सामाजिक व्यवहार यह भी छात्रों को सीखने का कार्य करते हैं ऐसे शिक्षक सम्मान के पात्र हैं। सम्मानित होने वाले शिक्षक कुलदीप सिंह व देवेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि वो छात्रों को आधुनिक तरीके से पढ़ने का प्रयास करते हैं ताकि कम समय में उन्हें चीज समझ में आ जाएं। इन दोनों शिक्षकों के द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र उच्च स्थान में कार्यरत हैं।

### रोजगार मेले में 61 युवाओं को मिला रोजगार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर, अयोध्या में 07 सितम्बर, 2024 को प्रातः 10 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, अयोध्या में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के एच0आर0 द्वारा 61 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, अयोध्या ने मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### भाजपा नेता की दादी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री, मुख्यालय प्रभारी व एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला ने शुक्रवार की शाम भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री के पैतृक आवास भैरव पंडित का पुरवा सोहावल पहुंचे। यहां उन्होंने सुनील तिवारी शास्त्री की दादी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के साथ है। जनता होने वाले उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को जीता कर विधानसभा भेजेगी। इस अवसर पर विकास शुक्ला, आजमगढ़ जिला मंत्री नीरज तिवारी, विनोद गौड़, राजेश तिवारी, रमाकानत तिवारी, चंद्रभान सिंह, पवन मिश्र, चंद्र मणि तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### स्वर्गीय बाबूजी गरीबों मजलूमों शोषितो पीड़ितों की लड़ाई को मजबूती से लड़ने का काम किया थाप्पारसनाथ यादव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्र सेन यादव की नवी पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर मनाई गई । समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि स्वर्गीय बाबूजी गरीबों मजलूमों शोषितो पीड़ितों की लड़ाई को मजबूती से लड़ने का काम किया था । उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने की जरूरत है । श्री यादव ने कहा कि बाबूजी का जीवन संघर्षों से भरा रहा है उन्होंने हमेशा दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ने का काम किया और सभी को उनका हक दिलाया । फैजाबाद की जनता आज भी बाबूजी के संघर्षों को याद करती है । हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना है । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्र सेन यादव ने जीवन भर सड़क से संसद तक गरीब मजदूर दलित अल्पसंख्यक की लड़ाई लड़ी है उन्होंने समाज को मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया । श्री पांडे ने कहा कि हम सभी को बाबूजी के संघर्षों को हमेशा याद रखें आगे भी उन्ही के पद चिन्हों पर चलना है । पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कहा कि पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्र सेन यादव हर गरीब दलित मजदूर शोषित पीड़ित की आवाज थे उन्होंने पूरे जीवन में सामंतवादी व्यवस्थाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी और कभी हार नहीं मानी । इस अवसर पर अन्य गणमान्य मौजूद रहे ।

### गणपति बप्पा मोरया के नारों के साथ प्रारंभ हुआ शिवालय परिवार का 17 वां श्री गणेश महोत्सव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन ? शिवालय मंदिर में श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास ने यह जानकारी दी सिंधी समाज अपना 17 वां श्री गणेश महाउत्सव मना रहा है पंडित राजन पांडेय के द्वारा श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना करवाई गई आज भजन संध्या के उपरांत गणेश जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा 11 दिवसीय इस दिव्य कार्यक्रम में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा 17 तारीख को बैंड बाजों के साथ श्री गणपति जी की प्रतिमा का गुप्तारघाट में विसर्जन किया जाएगा इस शुभ अवसर पर माता आशा राय,दृष्टि राय,जय खत्री, भक्ति जसवानी ,मधु जसवानी, कान्हा राय , मारुतिनंदन, संजय सहता,मीना कुमारी आदि भक्ति मौजूद रहे।

### भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर -अयोध्या ।** भूमि विवाद को लेकर विवाहित की पिटाई करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों के विरुद्ध गाली गलौज करने मारने पीटने और धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के बड़गोड़ा निवासी मंजू पत्नी घनश्याम की शिकायत पर मु0 अ0 सं0 331/24 धारा 115(2) 352,324(2),351(2) बी एन एस में मुकदमा लिखा गया। मंजू ने शिकायती पत्र मे बताया कि गांव में स्थित गाटा संख्या 38क उनके ससुर मग्घू प्रसाद व परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज खतौनी है। जिस पर विपक्षी सुनीता उनके परिवार के सूरज, मुकेश, मीरा उनकी भूमि को कब्जा करना चाहते हैं। बताया कि 1 सितंबर को सुबह करीब 7 बजे विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडा लोहे की पाइप लोहे की चद्दर लेकर आए और जबरदस्ती कब्जा करने लगे। उनके द्वारा चद्दर रखने से रोका गया तो आरोपियों द्वारा उनके साथ गाली गलौज की जाने लगी। मना करने पर लात घूसा और डंडे से मारने पीटने लगे। तथा उनकी कुर्सी को तोड़ दिया गया। उनके द्वारा हल्ला गुहार मचाने पर उनके ससुर मग्घू सहित गांव के तमाम लोग आ गये तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। हमले में उनके शरीर में काफी चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# कंपोजिट विद्यालय एवं निर्माणाधीन डायट भवन का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को बीआरसी अमेठी परिसर में संचालित कंपोजिट विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता का जायजा लिया। एवं संबंधित अधिकारियों तथा शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली।और मौके पर बच्चों से किताब पढ़वाया। साथ ही बोर्ड पर सवाल हल करवाए। मौके पर उपस्थित शिक्षक गणों से बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने का निर्देश दिया।इसके अलावा डीएम ने मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। इसके उपरान्त डीएम ने बीआरसी अमेठी परिसर में निर्माणाधीन डायट भवन,हॉस्टल एवं ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता परखी।इस दौरान इन भवनों में छोटे-मोटे कार्य शेष पाए गए। जिन्हें शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यदारी संस्था को दिया।निरीक्षण के दौरान कहीं-कहीं फर्श की ढलान सही नहीं पाई गई।जिससे जल भराव की स्थिति बनी हुई है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को जल जमाव के लिए उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग में कहीं पर भी जल जमाव की स्थिति न उत्पन्न हो।इसके अलावा बाथरूम में नल की फिटिंग, यूरिनल, सॉकेट,स्विच,विद्युत कनेक्शन एवं अन्य छोटे-मोटे कार्यों को बीस सितंबर तक पूर्ण कर बिल्डिंग को हैंडओवर करने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया। इसके साथ ही डायट भवन में फर्नीचर आदि भी लगवाने को कहा।डायट भवन के संचालन को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया।वहीं निरीक्षण के दौरान बीआरसी परिसर में जल भराव की स्थिति पाई गई। जिसके निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को उचित प्रबंध करने के निर्देश दिया।जिससे परिसर में जल भराव की स्थिति से निजात मिल सके।बताते चलें कि डायट भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन यूनिट14 द्वारा कराया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का पेड़ से लटका मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर कोतवाली क्षेत्र के परसवां पूरे राम चरन पाण्डेय गांव में शनिवार सुबह एक वृद्ध किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पीछे बाग में अमरूद के पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी दुर्गा यादव उम्र 60 वर्ष शाम को सोए हुए थे। लेकिन सुबह उनकी बहू ने देखा कि वह घर के पीछे अमरूद के पेड़ से वह लटके हुए हैं तो जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगी परिवार और आसपास के लोग दौड़े फंदे से नीचे उतारा गया लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक खेती किसानी करता था। वृद्ध की मौत का कोई पुख्ता कारण नहीं पता चल सका है लेकिन लोगों ने बताया कि मृतक नशे का आदी था।

# अमेठी में कार्यरत रंजना उर्फ नवाब साहब को मिला भारत न्याय पुरस्कार




**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

सामाजिक सेवा और साहित्यिक योगदान के लिए जानी जाने वाली रंजना उर्फ नवाब साहब को नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय और कानून मंत्रालय द्वारा भारत न्याय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की उपस्थिति में दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन मोहित नारायण और भारत युवा कल्याण संघ द्वारा किया गया। जिसमें रंजना को यह सम्मान उनकी पुस्तक 'वर्चुअल वाइपर्स' और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है।इस क्रम में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि 'रंजना का सामाजिक सेवा और साहित्यिक योगदान प्रशंसनीय है।उनकी पुस्तक और सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेंगे।मोहित नारायण द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि 'हम रंजना के काम से प्रभावित हैं।और उनके योगदान को पहचानने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस सम्बन्ध में रंजना द्वारा उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं।मैं अपने काम को जारी रखने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।इस दौरान सम्मान समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया।

# अवध विवि में तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जिसमे प्रदेश के प्रमुख प्रकाशनों ने प्रतिभाग किया। इस पुस्तक प्रदर्शनी में अयोध्या के इतिहास, पौराणिक ग्रंथों, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े साहित्यों का संग्रह प्रकाशकों ने लगाया है। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रकाशन केंद्रों में प्रमुख तौर पर श्रृखला पब्लिकेशन, श्रद्धा पब्लिशिंग हाउस, कोशल प्रकाशन केंद्र, अयोध्या मॉडर्न पब्लिकेशन (प्रयागराज), डिस्काउंट पब्लिकेशन (गोरखपुर) जैसे कई प्रकाशन केंद्रों ने अपने स्टाल लगाये हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी पुस्तक प्रदर्शनी में आकर रुचि के अनुरूप पुस्तकों की खरीद की। यह प्रदर्शनी 09 सितम्बर तक चलेगी। प्रदर्शनी में केंद्रीय पुस्तकालय के प्रभारी प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, आशीष कुमार जायसवाल, रामनिवास गौड़, अमित वर्मा और महेंद्र पाल सिंह का सहयोग रहा।

# उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर - अयोध्या।** उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 64 शिकायत आई। मौके पर चार शिकायत का निस्तारण हुआ। पारा ब्रह्मनान निवासी नरेंद्र यादव ने डेढ़ माह बीत जाने के बाद जन्म प्रमाण पत्र ना बनाए जाने की शिकायत किया। खंड विकास अधिकारी केपी श्रीवास्तव ने शिकायत के निस्तारण का आश्वासन दिया। तुलसमपुर निवासी भरत लाल गुप्ता शिकायत किया कि के सामने सीलिंग की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी ने शिकायत के निस्तारण का आदेश दिया। इस मौके पर तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह,नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राव, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर केपी श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हैरिंग्टनगंज ब्लाक में आयोजित हुई प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज के शहीद राम सूरत इंटर कालेज के सामने देहली बाजार मार्ग पर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन बॉलीवॉल, रस्साकसी तथा कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी की 16, बॉलीवाल की 11 तथा रस्साकसी की आठ टीमें भाग ले रहीं है। हैरिंग्टनगंज ब्लाक की प्रतियोगिता का समापन रविवार को खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव करेंगे। ब्लाक स्तर पर विजेता तथा उपविजेता टीमों का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा।इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि पीएम मोदी का विजन खेल तथा खिलाडियों को प्रोत्साहित करना है। सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं बनाई गई है। इस तरह के छोटे आयोजनों से गांवों की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है। इस दौरान ओम प्रकाश सिंह, रामू प्रियदर्शी, अवधेश पाठक, सरयू दूबे, अजय सिंह, देवेन्द्र मणि तिवारी, रामसुन्दर सरोज, आयोजन समिति के जगतनारायण शुक्ला, हरिवंश सिंह, अशोक तिवारी, मोहित मिश्र, सुनील चौरसिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रुदौली ब्लाक परिसर में सम्पन्न हुआ हेचरी का शिलान्यास कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। रुदौली -अयोध्या**



रुदौली ब्लॉक परिसर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनी हैचरी के लोकार्पण का कार्यक्रम विधायक रुदौली राम चन्दर यादव ,ब्लॉक प्रमुख श्रीमती शिल्पी सिंह , चैयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सिंह ,उपायुक्त स्वतः रोजगार/ उपायुक्त श्रम सविता सिंह व उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार यादव की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सिंह ने बताया कि कम पूजी में रोजगार करने वाले उधमी समूह की महिलाओं के लिए हैचरी बरदान साबित हो रहा।श्री सिंह ने बताया कि आईआर और कड़क नाथ जैसे बांड का चूजा दिया जा रहा है।रुदौली विधायक राम चन्दर यादव ने कहा कि रुदौली विकास खण्ड ने पूरे जनपद में हैचरी उत्पादन में नया आयाम स्थापित किया जिसके लिए यहां के कर्मचारियों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। श्री यादव ने बताया कि प्रदेश की योगी व केंद्र की मोदी सरकार हर व्यक्ति को रोजगार देने के लिए कटिबंध है। जिसके कड़ी में छोटे-छोटे उद्योग क्षेत्र में संचालित किया जा रहे हैं और समूह को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है। इसी दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की दीदीयों को भी प्रसस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव पांडे ,परियोजना निदेशक गिरीश पाठक, खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सौरभ गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी एडीओ आईएसबी भगवान दीन सहित ब्लॉक के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

**सम्मानित किए गए उनके संस्थापित विद्यालय के एक दर्जन मेधावी छात्र**

# पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्र सेन यादव की मनाई गई पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर- अयोध्या**




पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की 9वीं पुण्यतिथि पर किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर परिसर में श्रद्धांजलि एवं पुण्यतिथि समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री ललई यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह ने की।

हैरिंगटनगंज ब्लाक क्षेत्र स्थित किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर के परिसर में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में पहुंचे अतिथियों का पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री शैलेंद्र यादव उर्फ ललई यादव ने पूर्व सांसद के राजनीतिक उत्तराधिकारी पुत्र आनंद सेन यादव को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे बाबूजी के संघर्षों को आगे बढ़ाते रहने की बात कही। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने स्वर्गीय मित्रसेन यादव को युग पुरुष बताया और केंद्र तथा प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष एमएलसी एवं मिल्कीपुर उपचुनाव प्रभारी लाल बिहारी यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय मित्र सेन यादव को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब मिल्की पूर्व चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा घोषित पार्टी प्रत्याशी अधिक प्रसाद को मिल्कीपुर का विधायक चुनकर भेजा जाए। सपा जिला ध्यक्ष पारसनाथ यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मिल्कीपुर उप चुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत ही स्वर्गीय बाबू मिशन यादव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने उनके संघर्षों को एक-एक करके गिराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक एवं पूर्व मंत्री आनंद सिंह यादव ने श्रद्धांजलि सभा में पधारे अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, छेदी सिंह, हाजी फिरोज खान गब्बर, इंदू सेन यादव, ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव, आनंद सिंह मिंटू, राजा मानसिंह, सरोज यादव, धर्मपाल यादव, एजाज अहमद, रामजी पाल, अखिलेश सिंह, इंद्रसेन यादव, आजाद सिंह, सहित दर्जन लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय मित्र सेन यादव के संस्थापक विद्यालय के एक दर्जन मेधावियों को साइकिल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा परीक्षा नियामक उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में होती है तीन छात्रों अजीत, अनुभव और अंश को भी प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। इस मौके पर दर्जनों पार्टी पदाधिकारी ओम कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# योगी सरकार में रौशन हो रही महिलाओं की जिंदगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बना रही सीएम योगी की विद्युत सखी योजना
- सरकार का राजस्व बढ़ाने के साथ खुद भी स्वावलंबी बन रही विद्युत सखियां
- 10,500 से अधिक विद्युत सखियों ने की सरकार के राजस्व में 1120 करोड़ की वृद्धि

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के रामनगर विकास खंड स्थित सिलौटा गांव की विद्युत सखी राजश्री शुक्ला ने न केवल विद्युत सखी योजना से जुड़कर अपने परिवार की आय बढ़ाई, बल्कि प्रदेश की अन्य महिलाओं के लिए एक मिशाल भी बनीं। वह खुद तो स्वावलंबी बनी हीं, साथ में गांव की अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित कर रहीं हैं और योगी सरकारी की योजनाओं के बारे में लोगों को बता रही हैं। वह अपने साथ ही ग्रामीण जीवन में भी बदलाव ला रही हैं। साथ ही बिजली सखी के रूप में घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करके ग्रामीणों को बिलों का भुगतान करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े होने के बोझ से छुटकारा दिला रही हैं।



राजश्री शुक्ला ने बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बिजली का बिल जमा करती हैं, जिससे ग्रामीणों का समय तो बचता ही है, साथ ही लंबी लाइन से उन्हे छुटकारा भी मिल जाता है। राजश्री शुक्ला ने बताया कि वह 50,000 रुपए से अधिक कमीशन प्रतिमाह कमा रही हैं। उन्होंने जुलाई-24 में 81,900 रुपये का कमीशन अर्जित कर प्रदेश की दस सबसे अधिक कमीशन अर्जित करने वाली बिजली सखियों में अपना नाम दर्ज कराया है। वह बताती हैं कि वह स्वयं सहायता समूह के जरिए विद्युत सखी बनी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैंकिंग सखी की तर्ज पर हम लोगों को बिजली सखी से जोड़कर हमारे जीवन को खुशहाल बना दिया है। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देती हूं। आज मैं बिजली का बिल जमा कराकर उससे मिलने वाले कमीशन से अपने परिवार का बखूबी ख्याल रख रही हूं। इससे मेरी और मेरे परिवार की आय में वृद्धि हुई है।

## 30 हजार से अधिक महिलाएं बिजली सखी के लिए चयनित

उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का सीएम योगी का प्रयास रंग लाने लगा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि महिला स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर नारी शक्ति प्रदेश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10,500 से अधिक विद्युत सखियों ने 1120 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल जमा कराकर 14.6 करोड़ रुपये कमीशन प्राप्त कर अपना और परिवार का जीवन रौशन किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब तक स्वयं सहायता समूह के जरिये 30,000 महिलाओं को चयनित किया जा चुका है, जिसमें से 10,500 से अधिक विद्युत सखियां पहले से ही पूरे प्रदेश में कार्य शुरू कर दिया है। यह ग्रामीण और शहरी इलाकों में मीटर रीडिंग और बिजली के बिल का कलेक्शन कर रही हैं। इसके लिए उन्हे विद्युत सखी ऐप उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वह लॉगिन करके बिजली बिल बनाकर उसका कलेक्शन करती हैं और ऐप के जरिए ही यूपीपीसीएल को बिल का भुगतान करती हैं।

### ऐप के जरिये ही प्राप्त हो जाता है कमीशन

बिल का भुगतान करते ही उनका कमीशन भी ऐप पर तुरंत आ जाता है। ऐसे में उन्हे विद्युत उपकेंद्र तक भी नहीं जाना होता है। इस योजना से जुड़ने के लिए विद्युत सखी को पहली बार ऐप पर 30 हजार रुपये का रिचार्ज करना होता है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह के जरिए 30 हजार रुपये 4 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाता है। पहली बार रिचार्ज कराने के बाद विद्युत सखी दोबारा अपने अनुसार रिचार्ज कर अपना काम करती हैं।

### प्रतिमाह 8 हजार रुपए तक कमा रहीं बिजली सखी

मिशन निदेशक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दो हजार तक के प्रति बिजली बिल के भुगतान पर विद्युत सखी को 20 रुपये दिए जाते हैं, जबकि दो हजार रुपये से अधिक के प्रति बिजली बिल के भुगतान पर 1 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। वहीं शहरी क्षेत्रों में तीन हजार तक के प्रति बिजली बिल भुगतान पर 12 रुपये और तीन हजार रुपये से ज्यादा के बिजली बिल भुगतान पर .4 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। इससे बिजली सखी हर माह करीब 6 से 8 हजार रुपये कमा रही हैं।

# जूतों से पकड़ा गया फर्जी दरोगा

## दोस्त की वर्दी चुराई, कार खरीदने पहुंचा, जेल जाते समय हाथ से मुंह छिपाता रहा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में पुलिस ने फर्जी दरोगा को पकड़ा। उसने दोस्त की वर्दी चुराई, बाजार से स्टार खरीदे और कार खरीदने चिनहट पहुंच गया। शनिवार सुबह चिनहट इलाके में गश्त कर रहे चौकी इंचार्ज ने देखा कि दरोगा की वर्दी में दिख रहे व्यक्ति ने जो जूते पहने हैं, वो पुलिस के नहीं हैं। उसने चिनहट थाने को इसकी सूचना दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद उस युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बहराइच के रहने वाले सोमिल सिंह (22) के रूप में हुई। इंस्पेक्टर चिनहट अश्विनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया- गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज जावेद को एक ढाबे के पास संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा। वह दरोगा की वर्दी में था, लेकिन उसने पुलिस के जूते नहीं पहने थे। उसकी वर्दी का रंग भी थोड़ा अलग था। पूछताछ के दौरान उसने अपनी तैनाती बाराबंकी में बताई। पहले तो उसने पुलिस टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की। फिर सख्ती से पूछताछ करने पर उसने गुनाह कबूल लिया। आरोपी ने बताया, उसका नाम सोमिल सिंह (22) है। वह बहराइच के रामगांव का रहने वाला है। शोरूम में कार खरीदने आया था। उसके साथ शोरूम का एक कर्मचारी भी था। दोनों को चिनहट थाने लाया गया।

### परिचित कॉन्स्टेबल की चुराई थी वर्दी

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने परिचित कॉन्स्टेबल की वर्दी चुराई थी। इसके बाद बाजार से दो स्टार खरीदे। पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के बाद उसे जैसे ही गाड़ी में बिठाया, वो हाथ से मुंह छिपाने लगा। इंस्पेक्टर चिनहट अश्विनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया- आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सोमिल और उसके साथी से पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश में बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण पर फोकस

## वर्षा अवधि के अतिरिक्त 8 महीने में सब स्ट्रक्चर, सुपर स्ट्रक्चर व अप्रोच रोड समेत सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य

- अयोध्या तथा प्रयागराज के बाद अब सीतापुर में शारदा कैनाल के ऊपर होगा नए ब्रिज का निर्माण
- सीएम योगी की मंशा अनुसार, शारदा नहर पर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर होगा इस ब्रिज का निर्माण, योगी सरकार ने तैयारियां की शुरू
- 22.86 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य को किया जाएगा पूरा, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड को सौंपा गया है जिम्मा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए विशेष तौर पर फोकस कर रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 में कमान संभालने के बाद सीएम योगी द्वारा प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए खासतौर पर प्राथमिकता दी गई है। इसी का परिणाम है कि आज हाइवे, एक्सप्रेसवे के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों, कस्बों, गांवों व ब्लॉक की कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है। इस कार्य को पूरा करने के लिए सीएम योगी के विजन में एक कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसी कार्ययोजना के अंतर्गत अब सीतापुर में बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है।

### रोड ओवरब्रिज होगा शारदा नहर पर बनने वाला पुल

उल्लेखनीय है कि अपनी विशिष्ट शैली, उत्तम गुणवत्ता तथा कम अवधि में निर्माण प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के कारण बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण को तरजीह दी जाती रही है। अयोध्या तथा प्रयागराज में भी हाल ही में इसी तकनीक पर आधारित रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया गया। वहीं, सीतापुर में जिस बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज का निर्माण होना है वह रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) होगा जिसका निर्माण शारदा नहर के ऊपर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर होगा।



### 22.86 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होगा पूरा

सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने परियोजना पर कार्य शुरू करते हुए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि परियोजना को 22.86 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत शारदा नहर पर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर ब्रिज का निर्माण होगा तथा इस निर्माण व विकास कार्य के अंतर्गत सब स्ट्रक्चर, सुपर स्ट्रक्चर व कनेक्टिंग रोड का निर्माण भी किया जाएगा।

### 8 महीने में कार्य होगा पूरा

इस पूरी परियोजना को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 8 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 2017 में योगी सरकार के गठन के बाद प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से राष्ट्रीय मार्गों का विकास, केंद्रीय मार्ग निधि योजना से मार्गों का विकास, विश्व बैंक-नाबार्ड तथा एशियन बैंक से प्राप्त ऋण से मार्गों का विकास, दीर्घ-लघु सेतुओं व आरओबी निर्माण समेत ब्लॉक-नगर पंचायत व ग्रामीण सड़कों का विकास प्रमुख है। इस क्रम में, योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में पिछले 7 वर्षों में प्रदेश में 28,538 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का विकास व नवनिर्माण हुआ है। प्रदेश में कुल 4,115 किमी के 46 नए राष्ट्रीय मार्ग तथा 5,604 किमी के 70 नए राज्य मार्गों के निर्माण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में प्रतिदिन 9 किमी मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा दो दिन में एक सेतु के निर्माण के औसत से कार्य हो रहा है। 2,503 किमी राज्य मार्गों, 5,934 किमी प्रमुख जिला मार्गों तथा 13,849 किमी अन्य जिला मार्गों का भी पिछले 7 वर्षों में योगी सरकार द्वारा विकास किया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बीजेपी के सदस्यता अभियान को लेकर ब्रह्म समाज ने की सभा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सभा का आयोजन सुधीन्द्र शुक्ल के आवास पर किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा करने और सनातन संस्कृति को पोषित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी अवस्थी ने कहा कि अखिल भारतीय ब्रह्म समाज समाज के सभी लोगों को एकजुट करने और देश की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध संगठन है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने सदस्यता के लिए टोल फ्री नंबर सहित सभी तरीकों का विवरण देते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन अपने सामाजिक दायित्वों की पूर्ति करने में अग्रगामी है।

### खिलाड़ियों के बीच खेल संबंधी चोट से बचाव हेतु सेमिनार का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। खिलाड़ियों के बीच खेल की चोट पर जागरूकता के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से श्री ए0के0 सेठी, क्षेत्रीय खेल अधिकारी और स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य, के सम्मानित संगठन के तहत 7 सितंबर 2024 को के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में सफलतापूर्वक एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस पहल को खेल-संबंधी चोटों की व्यापकता और रोकथाम के बारे में युवा एथलीटों को जागरूक करने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ सोच-समझकर तैयार किया गया था यह एक महत्वपूर्ण पहलू है जो एथलीटों के प्रशिक्षण और एथलेटिक प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। ऑर्थोपेडिक सर्जन और स्पोर्ट्स मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. पुलक शर्मा ने एक व्यावहारिक और व्यापक प्रस्तुति दी, जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल चोटों, उनके कारणों और प्रभावी प्रबंधन रणनीतियों को शामिल किया गया। अपनी प्रस्तुति के दौरान, डॉ. शर्मा ने एथलीटों के शरीर को शारीरिक परिश्रम के लिए तैयार करने के लिए उचित वार्म अप को लागू करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खेल विषयों के अनुरूप उपयुक्त गियर के चयन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और चोटों को कम करने के लिए प्रशिक्षण सत्रों के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन पर जोर दिया।

### बीकेटी ब्लाक के सरावां गांव में गंदगी का अंबार

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ जिले के बख़्शी का तालाब ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलालपुर के मजरा सरावां गांव में गंदगी का अंबार दिखाई दिया। बता दें कि सरावां गांव में गलियों में गंदगी व गंदा पानी भरा हुआ है और नालियां टूटी-फूटी एवं जगह-जगह कीचड़ में गांव के नागरिकों एवं स्कूली बच्चों के लिए परेशानी बनी हुई है। वहीं सरावां गांव निवासी बृजमोहन यादव, रामविलास मिश्रा, कल्लू, खतीक,मुद्दी, वाहिदा, अफ़ज़ल एवं सैकड़ो ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सफाई कर्मी कई महीनो से सरावां गांव में नहीं आया हैं जिससे कि गलियों एवं सड़कों पर गंदगी अंबार लगा हुआ हैं और नालियां टूटी-फूटी हैं ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे सरावां गांव में लोगों को काफी समस्याएं हो रही और गंदगी में पनप रहे मच्छरों एवं गंदी बदबू से लोग बीमार भी पढ़ते रहते हैं। वहीं बीकेटी ब्लॉक अधिकारी की लापरवाही के चलते सचिव अपने काम से भटकते नजर आ रहे हैं, जिस कारण गांव में गंदगी का अंबार है और नालियां कीचड़ से पटी पड़ी हुई है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि ग्रामीणों को समस्याएं हो रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन योजना सिर्फ कागजों पर नजर आ रही है जमीनी स्तर पर गांवों में कीचड़ व गंदगी अंबार लगा हुआ है।

### नए तेवर और कलेवर में मैदान में उतर रही है कांग्रेस

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सियासत में कांग्रेस अब नए तेवर और कलेवर में नजर आ रही है। विधायक संख्या कम होने के बाद भी पार्टी जनता के बीच विपक्ष की भूमिका निभाने को बेताब है। हिरासत में मौत का मामला हो या बीमारी से बच्चों की मौत, बाढ़ पीड़ित हों या भेड़िए का आतंक, इन सभी मामलों में कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और उनकी टीम मौके पर पहुंची। इन मुद्दों को उठाते हुए जनता के बीच अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास किया। कांग्रेस की यह कवायद वोटबैंक में तब्दील होगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस त्रिस्तरीय रणनीति पर कार्य कर रही है। जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतर रही हैं। जालौन में हिरासत में किसान की मौत, कानपुर में पुलिस उत्पीड़न, बाढ़ पीड़ितों और भेड़िए के आतंक से परेशान लोगों के बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मौके पर पहुंचे। लोगों का दर्द बांटा और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसके बाद सरकारी तंत्र सक्रिय हुआ। अब वह जिलेवार दौरे पर निकल गए हैं।

# चार आईएएस अफसरों का तबादला, वेटिंग में डाले गए राजेश कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में प्रशासनिक अफसरों के तबादलों का दौर जारी है। शासन ने आज फिर बड़ा फेरबदल करते हुए चार वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है।उत्तर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में शनिवार को एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। नियुक्ति विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक 1991 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को सभी पदों से हटा दिया गया है। राजेश कुमार सिंह से प्रधान सचिव जेल प्रशासन एवं सुधार सेवाये, महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रामीण विकास संस्थान और सहकारिता विभाग का दायित्व वापस ले लिया गया है। राजेश कुमार सिंह को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है। बताया जा रहा है कि आईएएस राजेश कुमार सिंह से राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट के एक मामले में बेहद नाराज चल रही थी।प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, नागरिक सुरक्षा एवं राजनीतिक पेंशन महेंद्र प्रसाद अग्रवाल को प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। महेंद्र प्रसाद अग्रवाल 1997 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। 1996 बैच के आईएएस अधिकारी अनिल गर्ग को डीजी कारागार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।





# मरपा गांव की खलियान, चारागाह, घूर गड्ढे की जमीन से हटवाया गया कब्जा

- नायब तहसीलदार, कानूनगो,लेखपाल ने ट्रैक्टर से जुतवाकर खाली कराई जमीन

जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब के इटौंजा क्षेत्र के मरपा गांव में राजस्व विभाग की टीम द्वारा कई वर्षों से ग्रामीणों द्वारा कब्जा की गई अंबेडकर पार्क पंचायत भवन व खलिहान घूर-गढ्ढे की भूमि से कब्जा हटवाया गया। बता दें कि बीकेटी तहसील की राजस्व टीम ने बताया कि मरपा गांव में गाटा संख्या 7 पर रघुनंदन व मोहनलाल का कब्जा था और गाटा संख्या 9 पर कल्लु का कब्जा था तथा गाटा संख्या 20 पर अनिल सिंह रामपाल का कब्जा था गाटा संख्या 22 पर राम भजन बालक हरिश्चंद्र कृष्ण कुमार व अन्य लोगों का कब्जा था इन लोगों ने कई वर्षों से पंचायत की जमीनों पर कब्जा कर रखा था जिस पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए इन लोगों का कब्जा पंचायत की सरकारी जमीनों से हटवा दिया गया। कब्जे से खाली कराई गई जमीनों की अनुमानित लागत 46 लाख रुपए है। वहीं इसी क्रम में अन्य पंचायतों में दबंग लोग पंचायत की जमीन पर कब्जा जमाए हुए हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी व तहसीलदार से मांग की है कि सभी ग्राम पंचायतों में अवैध रूप से कब्जा जमाये हुये लोगों से जमीन खाली कराई जाये, जिससे पंचायत का चौमुखी विकास हो सकें। इस मौके पर नायब तहसीलदार, कानूनगो राजेन्द्र प्रसाद, लेखपाल सरोज कुशवाहा अन्य राजस्व कर्मचारी, ग्राम प्रधान शिवनारायण अन्य ग्रामीण व इटौंजा पुलिस बल मौजूद रहा।

# मड़ियांव इलाके में ई रिक्शा चालक की चाकू से गोदकर हत्या

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के मड़ियांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात ई रिक्शा चालक ओमवीर कश्यप (20) की खदान के पास रंजिश में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वहीं सूचना पर मड़ियांव पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक के पिता माल निवासी राजकुमार कश्यप ने मड़ियांव पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक युवक के पिता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस उन्हें ट्रामा सेंटर से लेकर आ गई और उन्हें शनिवार सुबह छह बजे तक जबरदस्ती थाने पर बैठाए रखा। आरोप है कि पुलिस उन्हें ट्रामा सेंटर से लेकर आ गई और उन्हें शनिवार सुबह छह बजे तक जबरदस्ती थाने पर बैठाए रखा।

# संस्कृति विभाग ने नामित किये संस्थाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य

- मनोनयन से अकादमियों की गतिविधियां व्यापक और गुणवत्तापूर्ण होंगी: जयवीर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

संस्कृति विभाग ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, भारतेंदु नाट्य अकादमी, उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और बिरजू महराज कथक संस्थान के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर सरकारी सदस्यों को नामित किया है। इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से तीन वर्ष के लिए होगा। इनके मनोनयन के संबंध में आज प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने आदेश जारी कर दिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग के विभिन्न संस्थानों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नामित किए जाने से कार्य की गुणवत्ता के साथ व्यापकता प्राप्त होगी। इससे संगीत, कला, नृत्य, ललित, नाट्य, गायन, वादन, लोककला, जनजातीय नृत्य सहित अन्य कलाओं व संस्कृति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और तेजी से विकास करेगा। प्रदेश के उभरते कलाकारों को सरकार द्वारा अधिक से अधिक कार्यक्रमों में सहभागी बनाया जाएगा ताकि कला एवं संस्कृति का संरक्षण और व्यापक प्रचार प्रसार हो सके। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष पद पर प्रो जयंत खोत, जनपद-प्रयागराज, उपाध्यक्ष पद पर विभा सिंह खीरी मनोनीत किए गए हैं। डा ज्ञानेश चंद्र वाराणसी, कविता सिंह कानपुर, उपमा पांडेय आंबेडकर नगर, ज्योति सिन्हा जौनपुर, अमित जायसवाल महराजगंज, राकेश जायसवाल मुरादाबाद, ज्योति मिश्राप्रयागराज, प्रभाकर मौर्य अयोध्या, डा सुभाष चंद्र दीक्षित कासगंज, श्रीकांत शुक्ला लखनऊ, ललित कुमार वाराणसी, सरोज रावत को सदस्य मनोनीत किया गया है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि भारतेंदु नाट्य अकादमी में अध्यक्ष के पद पर डा रतिशंकर त्रिपाठी वाराणसी को मनोनीत किया गया है। दिनेश श्रीवास्तव वाराणसी, सुरेंद्र कुमार पांडेय फर्रूखाबाद, ओमेंद्र कुमार वर्मा कानपुर, आलोक शर्मा अलीगढ़, मानवेंद्र त्रिपाठी गोरखपुर को सदस्य मनोनीत किया गया है। राज्य ललित कला अकादमी में अध्यक्ष पद पर डा सुनील कुमार विश्वकर्मा वाराणसी, उपाध्यक्ष पद पर गिरीश चंद मनोनीत किया गया है। अनिल सोनी मथुरा, डा संदीप श्रीवास्तव गोरखपुर, डा आभा सिंह आगरा, डा शुभम शिवा कानपुर, अभिनव दीप लखीमपुर खीरी को सदस्य मनोनीत किया गया है। बिरजू महराज कथक संस्थान के अध्यक्ष पद पर कुमकुम धर लखनऊ, उपाध्यक्ष पद पर डा मिथिलेश तिवारी गोरखपुर को मनोनीत किया गया है। अनुज मिश्रा लखनऊ, रुचि बलूनी मेरठ, सोनी सेठ वाराणसी, सुरभि सिंह लखनऊ, डा गोपाल मिश्रा चित्रकूट को सदस्य मनोनीत किया गया है। लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सदस्य पद पर डा कुमुद सिंह गोरखपुर, नरेंद्र पाठक आगरा, जग प्रसाद तिवारी व बेनी प्रसाद तिवारी महोबा, ब्रजभान मरावी बलरामपुर, सुरेश प्रसाद कुशवाहा लखनऊ को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि मनोनीत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और गैर सरकारी सदस्यों को वर्ष 2014 में जारी शासनादेश के अनुसार सुविधाएं अनुमन्य होंगी।



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# उत्तराखण्ड में हो रहे सांप्रदायिक अपराध और उसका निराकरण

**इन मज़ारों की जाँच की तो इसके पीछे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई। यह गिरोह बेरोज़गार मुस्लिमों को ख़ादिमों के कपड़े पहनवाकर, थोड़ा-बहुत बोलने और झाड़ने फूंकने का प्रपंच सिखाकर लैंड जिहाद व लव जिहाद हेतु तैयार करवाकर इस प्रकार की घटनाएँ करवाता था और बड़ी मात्रा में आस्था के नाम पर लोगों से पैसा भी निकलवा लेता था। बड़ी संख्या में इन मज़ारों पर हिंदू बंधु जाने लगते और धन, संपत्ति, ज़ेवर, खाद्यान्न, फल आदि चढ़ाने लगते। इस चढ़ावे से फलते-फूलते वहाँ के ख़ादिम अपनी मज़ार की दूसरी-तीसरी-चौथी ब्रांच खोलते जाते थे।**

*श्यामपुर उत्तराखण्ड का एक सुंदर सा गाँव हैं। वहाँ सभी लोग सुख-शांति से अपना जीवन यापन कर रहे होते हैं। अचानक वहां गाँव के किनारे पर एक फ़क़ीर आकर मिट्टी का एक ढेर बनाता है उस पर चादर डालता है और फिर उसके बग़ल में एक झोपड़ी बनाकर रहने लग जाता है। अब श्यामपुर के लोग आते जाते लोगों को वह फ़क़ीर या मज़ार का ख़ादिम बहलाता-फुसलाता है और लोग वहाँ माथा टेकने लगते हैं। लोगों की श्रद्धा को बढ़वाकर वह ख़ादिम दूसरे चरण में भोले-भाले ग्रामीणों से कहता है कि वे अपने खेत में ही एक छोटे से कोने कहीं मज़ार बना देंगे तो वह आकर उस मज़ार पर नमाज़ पढ़कर उसे भी सिद्ध बना देगा। ख़ादिम के बहकावे में आकर वह ग्रामीण ऐसा ही करता है और अपने खेत में मज़ार बनाकर वहाँ प्रतिदिन दिया-बत्ती करने लग जाता है। लोगों का आना जाना बढ़ता है तो वहाँ एक दानपेटी रख दी जाती है। अब ख़ादिम हर सप्ताह आकर उस दानपेटी से राशि निकालकर ले जाता है। शनैः-शनैः वह ख़ादिम, उसी ग्रामीण के पैसों से मज़ार पर टिन डलवा देता है उसे पक्का निर्माण करवा देता है। इधर मज़ार पर लोगों का आना-जाना बढ़ता है उधर गाँव में कुछ और मुस्लिम परिवार आकर बसने लगते हैं और मज़ारें भी बढ़ने लगती है। अचानक गाँव में लव जिहाद की घटनाएँ बढ़ने लगती हैं। गाँव की लड़कियों मुस्लिम लड़कों के झाँसे में आकर अपना सर्वस्व उन्हें सौंपने लगती है। अब गाँव में कभी गर्भस्थ होने से, कभी इज्जत के डर से, कभी मज़ार के ख़ादिम के नाराज़ होने के डर से तो कभी बाहुबल के सहारे हिंदू लड़कियां मुस्लिम लड़कों से निकाह करने लगती हैं। कभी-कभी तो इस कार्य में हिंदू लड़कियों के परिवार भी दबाव में आकर सहमति देने लगते हैं। इस कथा में केवल गाँव का नाम काल्पनिक है बाक़ी सब जो लिखा है वह उत्तराखण्ड के कई-कई ग्रामों की स्थिति का सच्चा कच्चा-चिट्ठा है। उत्तराखण्ड में लैंड जिहाद, लव जिहाद, मतांतरण, व्यापार जिहाद इसी प्रकार हज़ारों ग्रामों में अपने पैर पसार चुका है। इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार का बुलडोज़र चलने लगता है और ऐसी सैकड़ों नक़ली मज़ारों पर बुलडोज़र चलाकर मज़ारों को ध्वस्त करके मज़ार के आसपास क़ब्ज़ा की गई सैंकड़ों-हज़ारों एकड़ ज़मीन को भी इन ख़ादिमों से मुक्त कराता है। अब शासन-प्रशासन के देखने में यह भी आता है कि शासकीय ही नहीं बल्कि निजी ज़मीन पर भी ये दिखावटी और अपराधी प्रकार के ख़ादिम मज़ारों के सहारे क़ब्ज़ा किए बैठे होते हैं। इन ज़मीनों के हिंदू जनजातीय स्वामी इन अपराधी ख़ादिमों के बहकावे में आकर, जिन्न-जिन्नात के प्रकोप के भय से अपनी ज़मीनें, पैसा, लड़कियां सब कुछ इन अपराधी ख़ादिमों को दे रहे होते हैं। पिछले दिनों देहरादून के समीप पछ्वा नामक ग्राम में ऐसे दो प्रकरण देखने में आए थे, जब अवैध मजार को हटाने गये प्रशासन को हिंदू समाज के जनजातीय और अनुसूचित जाति के लोगों ने रोकने का प्रयास किया। प्रशासन जब मामले की गहराई में गया तो ग्रामीणों ने बताया कि उनको किसी कष्ट के निवारण के लिए ख़ादिम ने मजार पर बुलाया तो वे गये थे। इसके बाद वहाँ के ख़ादिम ने उन्हें बहला-फुसलाकर मन्नत करवा ली और उनसे कहा कि आप की इच्छा पूरे होने पर चादर चढ़ाना और अपनी जमीन पर बाबा का मजार बनवा देना फिर आपको इतनी दूर यहाँ आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**विपक्ष की मांग है कि पूरे मामले की जाँच वरिष्ठ पुलिस महिला अधिकारियों के द्वारा कराई जाये। मौलिवुड में महिलाओं को दो शब्द समझौते और समायोजन के इर्द-गिर्द घूमना होता है। केवल एक ही सन्देश दिया जाता है- अपने को मांग के अनुसार सेक्स के लिये तैयार रहना है। न बोलने पर काम से बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। दिलचस्प तथ्य है कि दृश्य में महिला-पुरुष या पति-पत्नी के एक शॉट के 17 री-टेक होते थे। यह पहले से मान लिया जाता था कि अभिनेता तो अभिनेत्री से दुर्व्यवहार करेंगे। इच्छा के विपरीत महिलाकर्मियों को काम करना पड़ता था। 10 से 15 केवल पुरुष ही मोलिवुड में हैं जो अत्यंत धनी है और फ़िल्म इंडस्ट्री में इन्हीं का आधिपत्य है।**

# यौन शोषण और अपराध की गिरफ्त में मौलिवुड



डॉ. अंजनी कुमार झा

**जूनियर कलाकारों को कलाकार के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। साहस कर बयान दे चुके कुछ कलाकारों के अनुसार उन्हें शारीरिक यातनाएं दी जाती हैं। काम करने के बाद रुपये नहीं दिए जाते हैं। हालाँकि, जब इसकी भनक माफिया को लगी तो परिवारवालों को धमकियां दी जाने लगी।**

मलयालम फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न के मामले अबतक थम नहीं रहे। शोषण, अत्याचार के अनेक सनसनीखेज मामलों के सार्वजनिक होने से केरल की फिल्म इंडस्ट्री में भूचाल-सा आ गया है। मौलिवुड में मलयाली के एक और अभिनेता जयसूर्या के विरुद्ध एक अभिनेत्री ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। इससे पूर्व मशहूर एक्टर सिद्दिकी को हाल ही में एक हीरोइन के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पहला मामला फ़िल्म निर्देशक रंजीत का आया, जिसमें बंगाल की एक्ट्रेस ने उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। उपरोक्त सभी मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला इतना गंभीर है कि सिद्दिकी को एसोसिएसन ऑफ़ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स के महासचिव के पद से हाथ धोना पड़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऐसे सभी मामलों की जाँच एसआईटी को सौंप दी गई है। जस्टिस के. हेमा कमिटी की रिपोर्ट को केरल की एलडीएफ सरकार ने जारी किया, जिसमें महिला अभिनेत्रियों के साथ हो रहे अत्याचार का ब्योरेवार वर्णन है। रिपोर्ट में साफ शब्दों में जिक्र है कि केरल फ़िल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के काम करने का उचित माहौल नहीं है। वर्ष 2017 में गठित कमिटी ने 2019 को राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपी किन्तु अगस्त, 2024 में राज्य सरकार ने इसे सार्वजनिक किया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विजयन सरकार फ़िल्म इंडस्ट्री और सेक्स रैकेट माफिया के चंगुल में है। एफआईआर तो शोर को कम करने के लिए है। दागियों को जिस तरह सरकार बचा रही है, यह शर्मनाक है। रिपोर्ट में साफ-साफ उल्लेख है कि फ़िल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ यौन शोषण के अतिरिक्त शारीरिक उत्पीड़न भी किया जाता है। उसी को एक्ट्रेस के रूप में मौका दिया जाता है जो शारीरिक सम्बन्ध बनाने को तैयार हो। ऐसी लड़कियों को अभिनेत्री बनाया जाता है। उसे बहुत कम धनराशि दी जाती है। इनकार करने पर स्थापित एक्ट्रेस को जान से मारने की धमकी के साथ ब्लैकमेलिंग भी की जाती है। इसके उलट जो ÷सहयोग÷ करने से इनकार करती है, उसे कभी अवसर नहीं दिया जाता। अश्लीलता को फिल्मों में खूब परोसा जा रहा है और उस आड़ में सेक्स रैकेट के साथ ड्रग्स का हजारों करोड़ का धंधा फल-फूल रहा है। अभिनेत्रियों से कम कपड़े और अश्लील हरकतों



**केरल में जन्मी और पली-बढ़ी गीथा जे. जो अब न्यू कैस्टल यूनिवर्सिटी, ग्रेट ब्रिटेन में फ़िल्म प्रैक्टिस पढ़ाती हैं, उसने साफ शब्दों में कहा कि केरल का पूरा फ़िल्म उद्योग सड़ चुका है। अप्रैल, 2010 में ख्याति को चूम रहे थिलाकन को सच बोलने की सजा मिल गई थी। फिल्में मिलनी बंद हो गई थी।**

को शूटिंग में करने को कहा जाता है। सफल तारिका की अब यही पहचान बन गई है। आयोग की आंतरिक शिकायत समिति ने साफ शब्दों में कहा है कि फ़िल्म इंडस्ट्री में महिलाओं को कार्य नहीं करना चाहिए। आयोग ने चिंता जाहिर की है कि ऐसे अपराधों की थानों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है और बहुत दबाव में शिकायत दर्ज कर ली गई तो गिरफ्तारी कभी होती नहीं है। फ़िल्म इंडस्ट्री की आड़ में सरकार की शह पर घिनौने धंधे चल रहे हैं। बढ़ती किरकिरी के कारण एसोसिएशन ऑफ़ मलयालम मूवी आर्टिस्ट के अध्यक्ष और मशहूर अभिनेता मोहनलाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालाँकि, उनका कार्यकाल 2027 तक था। जगदीश और आर. जयन सहित कई पदाधिकारियों को लोकलाज के कारण इस्तीफा देना पड़ा। विशेष जाँच टीम के राडार पर कई नामचीन फिल्मी हस्तियों के अतिरिक्त सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऐसे में ÷मैनेज÷ के चक्कर में गिरफ्तारी की हरी झंडी न मिलना लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है।

एक वरिष्ठ पुलिस अफसर ने कहा कि किसी का कुछ नहीं बिगड़ेगा। यह जाँच दल, रिपोर्ट केवल भरमाने का तरीका है। जनरोष को मद्देनजर रखते हुए भाजपा और कांग्रेस ने माकपा विधायक सह अभिनेता एम. मुकेश के इस्तीफे की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 17 फरवरी 2017 को कोच्चि में एक सुप्रसिद्ध नायिका का पहले अपहरण हुआ, फिर चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म हुआ। पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद मुख्यमंत्री पिनार्याई विजयन ने केरल हाई कोर्ट की सेवानिवृत जज के. हेमा की अध्यक्षता में कमिटी का गठन कर दिया। रिपोर्ट तो आ गई, किन्तु दोषी कौन? सजा किस-किस को मिलेगी? इत्यादि प्रश्न तो अनुत्तरित हैं। सात वर्षों बाद आई रिपोर्ट भी लगता है मामले को शांत करने और लीपापोती के लिये है। तभी तो फ़िल्म इंडस्ट्री पोर्न इंडस्ट्री के रूप में तब्दील हो गया। सरकार के कई मंत्री-विधायक इस काले धंधे में संलिप्त हैं, इसलिये यह रिपोर्ट शो-पीस बन कर रह गया। आश्चर्यजनक तथ्य है कि 31 दिसंबर,2019 को कमिटी ने सरकार को रिपोर्ट सौंपी, किन्तु इसे लगभग पांच वर्षों तक जानबूझ कर रोके रखा। इसे जारी कराने के लिये जब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई तो संस्कृति विभाग ने गोपनीयता का हनन होना बता कर इसे देने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट में भी याचिकाओं के जरिये रोकने का प्रयास किया गया। अंततः राज्य सूचना आयोग के हस्तक्षेप और कोर्ट के आदेश के बाद रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जा सका। कास्टिंग काउच साफ-साफ दिखता है। अनेक गवाहों के कैमरे पर आने, ऑडियो क्लिप्स, वीडियो क्लिप्स, स्क्रिन शॉट्स, इंटरव्यू, गवाहों के बयान आदि से इसकी साफ-साफ पुष्टि होती है। समिति के समक्ष कुछ महिलाओं ने यहाँ तक कहा कि रात में पुरुष उनके दरवाजे को जोर-जोर से पीटते हैं. कई महिलाओं ने यह भी बयान में कहा कि सच बोलने से उन्हें पुलिस का भय है कि कहीं उनके रिश्तेदारों पर झूठे मुकदमे न लाद दिये जायें। एक सुप्रसिद्ध अभिनेता ने बयान में कहा कि पूरी फ़िल्म इंडस्ट्री को माफिया चला रहा है, जिसमें पुरुष प्रोड्यूसर, निर्देशक, अभिनेता शामिल हैं। सिनेमा के तकनीकी सेक्शन में महिला कर्मी नाममात्र की है। फ़िल्म इंस्टीट्यूट के. आर. नारायणन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ विजुअल साइंस एंड आर्ट्स में 44 में केवल दो छात्राएं हैं।

## एक्सप्रेस कविता


*मेरा जुनून अवरोधों से तो डरता नहीं,*
*राह मुश्किल सही पैर तो थकता नहीं।*
*आपके वास्ते आईना भी लाए हैं,*
*पत्थरों में अक्स तो दिखता नहीं।*
*इश्क दिल में आकर उतर जाता है,*
*तेरा सपना कभी तो भटकता नहीं।*

*जिंदगी कब की ठहरी इस मोड़ पर,*
*पर वक्त है कि कभी तो ठहरता नहीं।*
*जिंदगी में संजीव खुद्दारी प्यारी बहुत,*
*टूट जाऊंगा पर झुक तो सकता नहीं।*
*टूटा हुआ एक तारा तिरि मोहब्बत का,*
*वापस गगन में तो जा तो सकता नहीं ।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

**खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..!!**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 19:55 तक |
| नक्षत्रः | स्वाति 15:22 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | इंद्र, 23:05 |
| सूर्योदयः | 06:03 |
| सूर्यास्तः | 18:26 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 16:53-18:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50-12:39 |

# जन एक्सप्रेस

### शुरू हुआ गुणगान !

*आया समय चुनाव का ।*
*शुरू हुआ गुणगान ।।*
*है गिनाते जाना ।*
*किया क्या महान ।।*
*जाकर जनदरबार में ।*
*शीश है नवाना ।।*
*यही हमारा काम है ।*
*आप ने भी माना ।।*
*आगे थोड़ा कर लेंगे ।*
*और भी सुधार ।।*
*काम की गुणवत्ता ।*
*बची कई प्रकार ।।*
*होगा देना मौका ।*
*इस पर करें विचार ।।*
*कर रहे विरोधी पर ।*
*पहले से प्रहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे की असमान रंगत सुधारने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



**त्वचा** से जुड़ी समस्याओं में अनइवन स्किन टोन की समस्या भी शामिल है। इस समस्या में त्वचा के कुछ हिस्सों का रंग गहरा होने लगता है। लेकिन वहीं कुछ हिस्से नॉर्मल लगते हैं। अनइवन स्किन टोन होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे कि बिना सनस्क्रीन लगाए बाहर जाना और त्वचा की सफाई न करना। अगर आप अपनी स्किन को ओवर एक्सफोलिएट करते हैं, तो भी आपको अनइवन स्किन टोन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, स्मोकिंग करने वालो और ज्यादा चीनी का सेवन करने वालों को भी अनइवन स्किन टोन की समस्या हो सकती है। लेकिन अगर अपने डेली रूटीन में कुछ टिप्स अपनाई जाए, तो इस समस्या को कंट्रोल किया जा सकता है।

**स्किन केयर रूटीन फॉलो करें:** अनइवन स्किन टोन की समस्या कंट्रोल करने के लिए स्किन केयर रूटीन फॉलो करना जरूरी है। ध्यान रखें कि आप अपने स्किन टाइप के मुताबिक ही रूटीन फॉलो करें। सही स्किन केयर प्रोडक्ट्स चुनने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें। इससे आपको सही स्किन केयर रूटीन मिलेगा।

**सनस्क्रीन लगाने की आदत बनाएं:** डेली स्किन स्किन करते वक्त सनस्क्रीन भी लगाएं। अगर आप घर से बाहर नहीं भी जा रहे, तब भी सनस्क्रीन इस्तेमाल करें। बाहर जाते हैं तो एसपीएफ 50 वाली सनस्क्रीन इस्तेमाल करें। सनस्क्रीन आपकी स्किन को हील करने में मदद मिलेगी। इससे स्किन को यूवी रेज से प्रोटेक्शन मिलेगी और मेलेनिन भी कंट्रोल रखेगा।

**खुद को हाइड्रेट रखें:** त्वचा पर निखार लाने के लिए स्किन अंदर से क्लीन होना भी जरूरी है। इसलिए दिनभर खुद को हाइड्रेट रखें। इसके लिए आप डाइट में नारियल पानी, नींबू पानी और डिटॉक्स ड्रिंक्स शामिल कर सकते हैं। बॉडी हाइड्रेट रहने से स्किन भी हाइड्रेट रहेगी। इससे स्किन पर डार्क स्पॉट्स और डलनेस की समस्या भी खत्म होगी।

**नेचुरल फेशियल अपनाएं:** अनइवन स्किन टोन कंट्रोल करने के लिए आप नेचुरल फेशियल भी अपना सकते हैं। इसके लिए आप कुछ प्राकृतिक घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकते हैं। इसके अलावा, अगर आपको फर्क नजर नहीं आता है, तो डॉक्टर की सलाह पर स्किन ट्रीटमेंट भी ले सकते हैं। इससे आपको जल्द ही असर नजर आएगा।

**डाइट में चेंज करें:** अनइवन स्किन टोन की समस्या करने के लिए बॉडी को डिटॉक्स करने की जरूरत भी है। ट्रीटमेंट के दौरान जंक और प्रोसेस्ड नहीं खाएं। क्योंकि ये चीजें बॉडी में टॉक्सिन बढ़ाने का कारण बन सकती हैं। अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा फल और सब्जियां एड करें। इससे आपकी बॉडी को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स मिलेंगे। इसके साथ ही स्किन हेल्थ को भी फायदा होगा। इन टिप्स को फॉलो करने से आप अनइवन स्किन टोन की समस्या कंट्रोल कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव



रमेश सर्राफ धमोरा

**1895 में पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे-धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरों अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया।**

**पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजों को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे, अंग्रेज पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफतार कर सकती थी लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।**

**गणेश** शब्द का अर्थ होता है, जो समस्त जीव के ईश अर्थात् स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगल करने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिनों तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते हैं। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते हैं। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक प्रिय है। इसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। पूजा में गणपति को लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काट कर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया। महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों मे अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। ना समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे। 1894 से पहले लोग अपने घरों मे गणपति उत्सव मनाते थे लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे।

# गोली लगने से घायल युवक की हालत बिगड़ी, लखनऊ रेफर

- हमलावरों ने चलाई थी दो गोलियां, एक पीठ में धंसी
- पांच लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र के गांव महाराजपुरवा चंदीदीनपुरवा गोली लगने से घायल युवक की हालत बिगड़ गई। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर किया है। उधर पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर पर ही गांव के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब गांव महाराजपुरवा चंदीदीनपुरवा में वर्ष 2023 में एक युवक की गांव के ही कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। गांव निवासी 34 वर्षीय मुकेश अवस्थी ने मृतक के परिवार की मदद की थी। इससे हत्यारोपी उससे रंजिश मान रहे थे। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे मुकेश अवस्थी खाना खाकर घर के बाहर टहल रहे थे। अचानक इसी बीच हमलावरों ने पीछे से उसकी पीठ पर गोली मार दी, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। गोली मारने के बाद हमलावर भाग निकले थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अजीत सिंह ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ने लगी। इस पर डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर किया है। थाना खीरी पुलिस ने गोली लगने से घायल मुकेश अवस्थी की पत्नी की तहरीर पर गांव के ही विनीत अवस्थी, अनिकेत, रामसागर, शिव सागर व जगमोहन के खिलाफ जानलेवा हमला सहित कई बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घायल मुकेश अवस्थी की पत्नी सारिका के मुताबिक सभी पांचों आरोपी पहले से ही घात लगाकर बैठे हुए थे। हमलावरों ने उसके पति के ऊपर दो गोलियां चलाई थी। पहली गोली जब चली तो उसके पति झुक गए। इससे गोली पति के ऊपर होते हुए निकल गई। इसी बीच दूसरी गोली पति की पीठ में जा धंसी। पति की चीख पुकार पर जब वह घर के बाहर निकली तो आरोपी फायर करते हुए भाग निकले। इस वारदात से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

# अधिवक्तों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



अधिवक्ता संघ निघासन के अधिवक्तों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी निघासन को सौपा.अधिवक्ता संघ निघासन के मंत्री के नेतृत्व में दिनांक 04.09.2024 को कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की अपरधियों ने नृशंस हत्या कर दी गयी किन्तु अभी तक पुलिस द्वारा मुल्जिमानों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है, जिससे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्तों ने कहा कि यदि 48 घंटे के अन्दर मुल्जिमानों की गिरफ्तारी कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही नहीं की जाती है तो अधिवक्ताओं का आक्रोश उग्र हो सकता है।

जिसके सम्बन्ध में तहसील अधिवक्ता संघ निघासन-खीरी उत्तर प्रदेश शासन से मांग करता है कि उक्त प्रकरण में दोषियों को 48 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया जाये और उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। साथ ही मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को 01 करोड़ की आर्थिक सहायता,अविलम्ब मुल्जिमानों की 48 घंटे के अन्दर गिरफ्तारी सुनिश्चित हो व प्रकरण का खुलासा हो और एक मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की जाये प्रदेश भर के अधिवक्तों ने एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये, जो बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से ड्राफ्ट तैयार करके दिया गया है, वह समिति से स्वीकृत होकर विधि आयोग में लम्बित है, उसे शीघ्र विधि आयोग से स्वीकृत कराकर प्रदेश में लागू किया जाये।ज्ञापन देते समय अधिवक्ता संघ निघासन के विजय पाल सिंह एडवोकेट, रामप्रताप मौर्य, मो.इजहार, दीपचंद गुप्ता, मो.बशीर, मो.लतीफ खान, मंयक वर्मा, राम कुमेश यादव, सोनेलाल लोधी, योगेश कुमार यादव, आत्मा कुमार निषाद, मो.मेहताब खान, सर्वेश यादव आनंद कुमार मायाराम चौधरी, राकेश बैश्य, रवि कुमार गुप्ता, दयाशंकर पाल, आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 2024 को लेकर किया गया मीटिंग हौकना मटेरा में



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

विकासखंड रमिया बेहड की ग्राम पंचायत हौकना मटेरा में प्रधानमंत्री आवास योजना 2024 सर्वे को लेकर किया गया मीटिंग का आयोजन गांव के बहुत सारे व्यक्ति रहें मौजूद जिसमें विकासखंड सचिव उपदेश वर्मा ने बताया की उन्ही लोगों को आवास मिल सकता है जो लोग पात्र हैं जैसे प्रशासन द्वारा जो आदेश जारी किया गया है इस पर हम लोग आत्मनिर्भर हैं जिसमें बताए गया था की यदि आप के पास फोर व्हीलर वाहन व पक्का मकान है जिसकी आय अच्छी है और उसकी अर्थव्यवस्था और उसके पास बैंक लोन है तो उसे आवास नहीं मिल पायेगा इस दौरान मौजूद रहे विकास खंड सचिव उपदेश वर्मा ग्राम प्रधान बालक वर्मा ग्राम रोजगार सेवक देवेंद्र मिश्रा व लकी पूर्व प्रधान आशाराम मनोज वर्मा गज्जान सिंह व गांव के काफी सम्मानित देख कर रहे मौजूद।

# राजा राजेश्वर सिंह ने निघासन विधानसभा की मंडल कार्यशालाओं में सदस्यता के लिए किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



निघासन, रमियाबेहड़ व अंतरवेद मंडल के कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुँचाने का किया आग्रह निघासन भाजपा द्वारा 1 सितंबर से चलाये जा रहे सदस्यता अभियान 2024 की मंडल कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता व विदेश विभाग उ.प्र के प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह नें कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर सदस्यता कराने हेतु प्रेरित किया। राजा साहब ने यह भी कहा कि जब लोगों से संपर्क करें तो साथ मे उन्हें पार्टी की विचारधारा से भी अवगत करायें व सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करें।राजा राजेश्वर सिंह विगत दो दिनों में निघासन विधानसभा के मंडल निघासन, रमियाबेहड़ मंडल व अंतरवेद मंडल की कार्यशालाओं में सम्मिलित हुये व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। निघासन व रमियाबेहड़ में जिले से अभियान हेतु जिला महामंत्री व अभियान प्रमुख रामजी मौर्या तथा अंतरवेद मंडल में जिला महामंत्री विनोद लोधी नें अभियान के रुपरेखा की चर्चा की। अंतरवेद में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामजी पांडे भी सम्मिलित हुये व उन्होंने भी पार्टी की मजबूती हेतु अपने विवार रखे। निघासन के मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, अंतरवेद के मंडल अध्यक्ष दामोदर मौर्या व रमियाबेहड़ के मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश विश्वकर्मा नें अपने अपने मंडलों की बैठकों की अध्यक्षता करते हुए राजा साहब, जिला प्रतिनिधियों व अन्य अतिथियों का स्वागत किया व कार्यशाला के समापन में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में इन मंडलों में प्रवास करने वाले जिला पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र संयोजक, प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष आदि पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## घायल गाय का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कराया इलाज



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गड्ढे में घायल पड़ी गाय को निकाल कर पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका इलाज कराया। ग्राम पंचायत अलीगंज के ग्राम पंचायत बागोड़ा गांव के निकट गड्ढे में पड़ी एक गाय घायल तड़प रही थी। गाय ब्लेट तार से कटी हुई थी। कीड़े पड़ गए थे। कोई ध्यान नहीं दे रहा था। बजरंग दल के पदाधिकारियों पारूश श्रीवास्तव, अर्पित वर्मा, सौरभ शर्मा, हर्षित तिवारी सहयोगी फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। डॉक्टर को दिखाया। अंकित कुमार, परमजीत वर्मा, जितेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, दीपू मिश्र और क्षेत्रीय लोगो द्वारा गाय को बाहर निकाल कर इलाज कराया गया। उसके बाद ऑपरेशन करा कर पट्टी करा कर चारे पानी की व्यवस्था की है।

# एसपी ऑफिस एम्बुलेंस में बेटी को लेकर पहुंचा पिता

- पुलिस नहीं कर रही कारवाई पिता बोला- दामाद ने छत से धक्का देकर दोनों पैर तोड़ा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को छत से धक्का दे दिया।जिससे छत से गिरने के कारण उसके दोनों पैर टूट गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेकिन गिरफ्तारी न करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित के पिता घायल बेटी को एम्बुलेंस में लेकर एसपी आफिस पहुंच गए। जहां उच्चाधिकारियों ने उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता तरन्नुम पुत्री मुमताज ने अपने पति जुनैद पर शादी के बाद घर से बार-बार दहेज मांगने और मांग पूरी न होने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही उसका आरोप है कि इस बार 10 लाख की बड़ी रकम मांगी गई, जिसे पूरी न करने पर जान से मारने की नियति से छत से धक्का दे दिया, जिसमें छत से गिरने से उसके दोनों पैर टूट गए। पीड़ित का पहले जिला अस्पताल ओयल फिर प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस आरोपियों से मिलकर उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। परेशान होकर पीड़ित अपनी चोटिल बेटी को लेकर एसपी ऑफिस पहुंच गया। जहां उच्च अधिकारियों ने जल्द विधिक कार्रवाई पूरी करने का आश्वासन दिया है। वहीं पूरे मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मारपीट दहेज की मांग और उत्पीड़न की धाराएं हैं।गिरफ्तारी की कोई धारा नहीं है। पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

# फर्जी बार कोड से भुगतान कर चूना लगा रहे दो युवक धरे गए

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

बार कोड से पैसों के लेन देन में माहिर चंद युवाओं का एक गिरोह इन दिनों शहर में पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। इन युवाओं के निशाने पर सीधे साधे दुकानदार है। जो कि मजबूरन बार कोड से पेसों का लेन देन करते है। ऐसे ही तकरीबन आधा दर्जन दुकानदारों को गिरोह के सदस्यों ने निशाना बनाकर हजारो रुपये का चूना लगा दिया। इस प्रकार से दुकानदारों से ठगी के मामले में सक्रिय दुकानदारों ने दो युवकों को धर दबोचा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन पुलिस की जांच में युवक बेकसूर निकले, पुलिस ने उन्हे रिहा कर दिया। जिससे ग्रामीणों में रोष है। हालांकि दुकानदारों का कहना है। कि युवकों के पकडे जाने के बाद से ठगी की घटनाएं थम गई है। बता दें कि नगर की लखीमपुर रोड व जहानपुर स्थित बाजपेई पान भंडार, रवि गुप्ता चाय की दुकान, टीटू पान भंडार, किराना दुकानदार दीपक, सर्वेश पान भंडार सहित कई किराना आदि की दुकानों के दुकानदारों को निशाना बनाया। दुकानदार दीपक ने बताया। कि युवकों द्वारा भुगतान करने पर उसके अकाउंट में पैसे नहीं आए। तो वह ऐसे युवकों की निगरानी करने लगा। इसी बीच उसकी दुकान पर बाइक सवार दो युवक आए और सामान खरीदने के बाद रुपए भेजने की बात कही, लेकिन उसके खाते में पैसे न पहुंचने पर उसे शक हुआ। और उसने दोनो युवकों को दबोच कर नानक पुलिस चौकी के सिपुर्द किया। जबकि दुकानदारों का आरोप है। कि पुलिस ने दोनों युवकों का रिहा कर दिया।

जिम्मेदार कहिन। कोतवाल रमेश चंद्र पांडे से जानकारी की तो उनका कहना था कि मामला उनके संज्ञान में है। स्कूल के छात्र थे। सामान खरीदा था पैसे नहीं दे रहे थे तो उनको डांट कर छोड़ दिया गया है।

## आवास योजना के लिए होगा जरूरतमंदों का सर्वे

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। पीएम आवास योजना के तहत आवास प्लस सूची में जरूरतमंद परिवारों के नाम जोड़ते हुए उन्हें आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक ग्रामसभा में सर्वे किया जाएगा। ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षणकर्ता तैनात होंगे, वहीं सर्वे करेंगे। इसकी जानकारी ग्रामसभा की खुली बैठक में दी जाएगी।

# नगर के लाइफ केयर पैथोलॉजी सेंटर सही जांच रिपोर्ट ना आने पर असंतुष्ट मरीज ने पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर में एक ओर जहां धडल्ले से मानकों का उल्लंघन करते हुए मरीजों के उपचार के लिए अस्पताल खुलते जा रहे है। वहीं दूसरी ओर मांग व पूर्ति के नियम के तहत मरीजों की जांच के लिए धलडल्ले से पैथालोजी सेंटर भी खुलते जा रहे है। नगर में तकरीबन बीस से पच्चीस पैथालोजियां संचालित हो रही है। जिसमें कोई भी पैथोलॉजी सेंट्रो पर रेडियोलॉजिस्ट नहीं मौजूद हैं ।ऐसे ही एक मामले मे उदय सिंह पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम लीलापुर ग्रंट लंदनपुर थाना हैदराबाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 अगस्त को उसकी पत्नी की एक जांच के लिए लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेटर लखीमुपर रोड पर गया। जहां जांच में हीमोग्लोबिन 4.2 बताया गया। जिस पर चिकित्सक के संतुष्ट न होने पर मरीज की दूसरी जांच साक्षी पैथालोजी से कराई तो रिपोर्ट में 10.3 बताया गया। जिस पर वह लाइफ केयर पैथालोजी सेंटर पहुंचा। शिकायत दर्ज कराने पर पैथालोजी के संचालक सहित स्टाफ ने अपनी ही रिपोर्ट को सही बताते हुए धमकी दी। कि जो करना हो कर लेना। इसके बाद पीडित ने तीसरी लैब में जांच कराई जहां उसे हीमोग्लोबिन 10.4 बताया गया। पैथालोजियों की अलग अलग जांचों से परेशान होकर पीडित ने लाइफ केयर सेंटर के संचालक पर गलत रिपोर्ट देकर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।जिस पर पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। हालात इस कदर बेकाबू है कि जांच कराने वाले मरीज की हर पैथालोजी की जांच कुछ अलग ही बीमारी बयान करती है।

कुछ जांचों में इस कदर झोल होता है कि मरीज देखकर ही बेहोश हो जाए। तो कुछ लैबों की जांच मरीज को बिल्कुल सही बताती है। जिस पर होशियार चिकित्सक भी उलझन में पड जाता है। कि जांच सहीं है या फिर उसकी चिकित्सा की डिग्री में कहीं कोई कमी रह गई। यहां के पैथोलाजिस्ट कुशल अनुभवी चिकित्सकों के लिए भी चुनौती बने हुए हैद्य नगर के एक आध को छोडकर किसी भी पैथालोजी पर योग्य जांच चिकित्सक व रेडियोलाजिस्ट नहीं है। जिसके चलते मरीजों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है।

# प्रदेश संगठन महामंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों को दिए सदस्यता अभियान की सफलता के मूलमंत्र

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में चल रहे सदस्यता अभियान 2024 के तहत शक्ति केंद्र सहयोगी बैठक का आयोजन नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के महामंत्री संजय राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शक्ति केंद्र सहयोगियों को संबोधित करते हुए पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत घोषित लक्ष्य के विषय पर विस्तार से बात की तथा शक्ति केंद्र स्तर पर चल रहे सदस्यता अभियान का फीडबैक भी लिया इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और राष्ट्रवादी विचारधारा का पालन करते हुए पार्टी भारत माता को परम वैभव दिलाने के लिए सतत प्रयासरत है इसलिए हम सभी पदाधिकारीयों को अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए चल रहे सदस्यता अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने हैं भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्यों का लक्ष्य रखा है जिसे हमें पूर्ण करना है। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने बताया की सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को पार्टी द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार सदस्यता अभियान के तहत पार्टी के सदस्य बनाने हैं और अपनी पार्टी को बहुत मजबूत करना है कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा ने बताया कि पार्टी ने सदस्यता अभियान के तहत लगातार कार्यशालाएं की हैं जिससे लगभग सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूर्व में ही सदस्यता प्रणाली से पूर्ण तरह अवगत हो चुके हैं अब धरातल पर कार्य करने का समय है इसलिए सभी को अपने घोषित लक्ष्य के तहत पार्टी के सदस्य बनाने हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर की धरती पर सभी अतिथियों का स्वागत एवं वंदन है उन्होंने उपस्थित पार्टी के सभी पदाधिकारी से पार्टी के निर्देश पालन करते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया साथ ही साथ जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारीयों से सीतापुर जनपद को सदस्यता अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए ईमानदारी से मेहनत करने का संकल्प लेने को कहा मंच का संचालन जिला सदस्यता प्रभारी सुधाकर शुक्ला द्वारा किया गया कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से तन मन धन के साथ सदस्यता अभियान में जुटकर अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, पार्टी के जिला प्रभारी नीरज सिंह, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, सिधौली विधायक मनीष रावत, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, विश्राम सागर राठौर संजय मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, अजय विश्वकर्मा, रमेश भार्गव दीपू, जितेंद्र मेहरोत्रा जीतू, उदित बाजपेई जया सिंह, संदीप अवस्थी, सुनील मिश्रा,श्री प्रकाश सिंह, सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में पेड़ से लटके मिले महिला व युवक के शव

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालात में महिला व पुरुष के शव एक ही पेड़ पर फंदे से लटके मिले। महिला का शव पेड़ की पतली टहनी से लटक रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृत युवक के परिजनों ने महिला के परिजनों पर हत्या करने की आशंका जताई है। चर्चा है कि दोनों में करीब 12 सालों से नजदीकियां थीं। महिला के घरवाले से नकछेद का इस बात को लेकर कई बार विवाद हो चुका था। बिजेहरा गांव निवासी सलीमुन (45) व नकछेद (50) के शव गांव के बाहर नकछेद के खेत में लगे पेड़ से फंदे से लटके मिले। इससे हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों शादीशुदा थे। महिला विशेष समुदाय की है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सलीमुन का शव काफी पतली टहनी के सहारे दुपट्टे से बने फंदे से लटका मिला। इसी तरह नकछेद का शव भी कुछ ऊंचाई पर उसकी पेड़ की एक अन्य टहनी से लटक रहा था। ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि यदि दोनों को आत्महत्या करनी होती तो कहीं और भी कर सकते थे। गांव के लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले हुई पंचायत के बाद सलीमुन व नकछेद गांव छोड़कर चले गए थे।

# भगवान गणेश की चतुर्थी के प्रथम दिन बहुत हर्सोल्लास से मनाए गए पूजन कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



महमूदाबाद। भगवान गणेश की जयंती पर नगर में षनिवार को गणेश पूजन के कार्यक्रमों की धूम मच गई। गणेश पूजन महोत्सव समिति के 18वें आयोजन में मनौतियों के राजा व नवीं बाल गणेश समिति तथा नई बाजार दक्षिणी में गणेश पूजन उत्सव समिति महादेवपुरम् में पांचवीं बार बुद्धि के देवता के रुपों में वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन व जयकरों के साथ भव्य पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हुई। भक्तों ने कई दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत षनिवार की सुबह विघ्न विनाषक देव गणेष की आरती के साथ की। नगर की प्राचीन गणेश पूजन महोत्सव समिति ने नहर कॉलोनी स्थित मनोहर लाल में भव्य गणेश प्रतिमा स्थापित करने के साथ रामकुंड चौराहे तक आकर्षक सजावट के साथ अपना 18वां महोत्सव शुरू किया है। मुख्य यजमान प्रेमरत्न कटियार ने धर्मपत्नी बविता कटियार के साथ पुजारी पं. सुरेंद्र शास्त्री व गुड्डू मिश्र ने विधि विधान से वेदी निर्माण के साथ प्रतिमा स्थापना सम्पन्न करायी। राम जानकी मंदिर पर आयोजित नवम् बाल गणेश पूजन कार्यक्रम में पं. राजेंद्र मिश्र ने यजमान राहुल गुप्त सनातनी व मृदुल तिवारी द्वारा वैदिक पूजन-अर्चन के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना करायी। समिति के सत्यम् तिवारी, सुधीर तिवारी सहित बड़ी संख्या में बाल गणेश भक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। नई बाजार दक्षिणी स्थित जिला सहकारी बैंक के निकट पांचवें वर्ष गणेश पूजन उत्सव समिति के सुनील जायसवाल, नितिन शुक्ल, सूरज गुप्त, हिमांशू गुप्त, सोमनाथ गुप्त द्वारा मनौतियों के देवता भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना व वेदी रचना आचार्य श्रवण शास्त्री द्वारा मुख्य यजमान राजेष मिश्र के हाथों से वैदिक विधि-विधान से कराई गई। पूरा दिन नगर भगवान गणेश के गीतों व जयकारों से गुंजायमान रहा।

## भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष ने सौंपा पत्र



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**रेउसा।** विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत सरैंया भटपुरवा में बड़े पैमाने पर किया गया फर्जीवाड़ा व भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिलाध्यक्ष एस के तूफानी व जिला उपाध्यक्ष/संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह के द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित पत्र सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत में किए गए फर्जीवाडे व भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व में खण्ड विकास अधिकारी रेउसा को पत्र सौंप कर जांच व कार्यवाही की मांग की गई थी। और मामला सुर्खियों में भी रहा है लेकिन अभी तक कोई जांच व कार्यवाही नहीं हुई।जिसको लेकर जिलाधिकारी को संबोधित पत्र सौंप कर जांच व कार्यवाही की मांग की गई है। और यह आश्वासन दिया गया है मामले से संबंधित जल्द ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## क्षेत्रीय विधायक व जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण माह का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । सीतापुर। तहसील महोली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक महोली शशांक त्रिवेदी एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने 7वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। यह पोषण माह आगामी 30 सितम्बर तक चलाया जायेगा। उन्होंने 3 बच्चों श्रृष्टि, अक्षिता और बुधांश का अन्नप्राशन करते हुए उन्हें पोषक-आहार, फल, उपहार आदि वितरित किए। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करायी गई। स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता के विजेता पल्लवी, परी एवं प्रिंस को भी पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विधायक महोली ने सभी को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि पोषण अभियान के अन्तर्गत बच्चों एवं महिलाओं में व्याप्त कुपोषण को दूर करने के लिये विभिन्न विभागों के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रस्तावित गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुये अभियान को जनपद में संचालित किया जाये तथा इसमें व्यापक स्तर पर जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कुपोषित बच्चों में सुधार हेतु व्यापक अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की सहायता से इनीमिया जांच हेतु अभियान, वृद्धि निगरानी कर बच्चे एवं गर्भवती महिला के पोषण स्तर की जांच, बच्चों को उपरी आहार दिये जाने के विषय में जागरूकता अभियान, पोषण भी पढ़ाई भी आदि थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन खंडेलवाल, अपर पुलिस अधीक्षक डा.प्रवीण रंजन, उपजिलाधिकारी महोली अभिनव कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गरीबी से लाचार पिता ने बीस हजार में बच्चें को बेचा फर्जी गोदनामा में पांच गिरफ्तार, पुलिस लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जनपद के बरवापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में गरीबी से लाचार पिता ने चार हजार रूपये के लिए दो वर्षीय बच्चें को बेच दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मां फूट-फूट कर रोने लगी। मिली जानकारी के अनुसार बरवापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत दशहवा के भेड़िहारी टोला के लक्ष्मीना पत्नी हरेश पटेल को बुधवार को प्रसव पीड़ा हुई तो उसका पति उसे गांव के निजी अस्पताल में ले गया। जहां महिला ने बेटी को जन्म दिया। वहीं महिला के इलाज आदि में 4 हजार रुपये लगे जिसको चुकाने के लिए गरीब पिता के पास पैसे नहीं थे। मजबूर होकर पिता ने अपने छोटे पुत्र को 20 हजार रुपये में बेच दिया।तथा फिर उन पैसों में से 4 हजार रुपए से हॉस्पिटल का बिल भरा और बंधक बनी अपनी पत्नी को छुड़ाया। अस्पताल से छूटने के बाद जब बच्चे की मां को खबर मिली की उसका बच्चा बेच दिया गया है, तो वह अपने कलेजे के टुकड़े के लिए फुट-फुट कर रोने लगी। इस खबर की जानकारी होने पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा मौके पर पहुँच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। तथा परिवार के लोगों से बात-चीत कर स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया की जब यह सूचना प्राप्त हुई तो पूरी रात अभियान चलाकर के बच्चे को बरामद कर लिया गया है और उसके पिता को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही साथ इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कराकर पांच लोगों को



अभी तक गिरफ्तार कर लिया गया है। इसमें जो बिचौलिया अमरेश यादव उसकी गिरफ्तारी की जा चुकी है। साथ ही साथ जिसको बच्चा दिया था भोला यादव उसको भी पकड़ लिया गया है। एक फर्जी महिला क्लीनिक डॉक्टर तारा कुशवाहा उसको भी पकड़ा गया है। अब तक कुल पांच लोगों की इसमें गिरफ्तारी हुई है और इसमें आगे की कार्यवाही करायी जा रही है। इसमें एक सिपाही का भी नाम आया था उसको भी तत्काल कार्यवाही करते हुए लाइन हाजिर किया गया है।

# पौधरोपण के नाम पर खानापूर्ति, कागजों में सिमटी हरियाली

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

धरती को हरा भरा करने के उद्देश्य से हर वर्ष लाखों की संख्या में पौधे रोपित किये जाते हैं। रखरखाव व उचित देखभाल के अभाव मे उनका अल्पायु में ही दम टूट जाता है फलतः वे धरा पर अपना अस्तित्व खो देते हैं जिससे हर साल सुखी धरा की गोद में सिर्फ और सिर्फ जलवायु परिवर्तन का भयावह रूप ही बचता है जो असामयिक गर्मी व बरसात का कारण बनता है।सरकारी मशीनरी ने पिछले एक दशक मे ही जितने पेड़ रोपित करने का कागजों मे दावा किया उनका दशांश भी यदि धरा पर अस्तित्व मे होता तो पर्यावरण असंतुलन की स्थिति नहीं होती। इस वर्ष भी विभाग द्वारा ग्रामसभाओ के माध्यम से लाखों पेड़ लगाने का दावा है लेकिन धरातल पर दशांश भी नही दिख रहे हैं

वित्तीय वर्ष 2024 -25 में वन विभाग द्वारा नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक में 1 लाख 27 हजार 4 सौ 55 पौधे करदह और खैरटिया शितलापुर पौधशाला से 77 ग्राम पंचायतों को मुहैया कराया गया कागजो में पौधारोपण के लिए तेज गति से गड्ढे तैयार किया गया लेकिन सवाल यह उठता है कि पौधारोपण के बाद इनमें से कितने पौधे अपना अस्तित्व बचा पाएंगे। ऐसी भी आशंका जताई जा रही है कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी पौधरोपण अभियान कहीं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर सिर्फ कागजों में सिमटकर तो नहीं रह जाएगा।

नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक में पिछले एक दशक में हुए पौधारोपण अभियान की स्थिति तो यही बयां कर रही है कि इसमें शासकीय धन की काफी बर्बादी हुई है, जबकि मौके से पौधे नदारद हैं। सुरक्षा इंतजामों के बगैर पौधरोपण कार्यक्रम महज औपचारिकता तक ही सीमित रह जाते हैं। देखा जाए तो गत वर्षों में पौधरोपण तो व्यापक स्तर पर हुए लेकिन पौधों की सुरक्षा के लिए आने वाले बजट का बंदरबांट हो गया। इससे अधिकांश पौधे समुचित देखरेख के अभाव में नष्ट हो गए। हर साल यही प्रक्रिया परंपरागत रूप से सतत चल रही है। वनविभाग द्वारा पौधारोपण किया जाता है, अधिकारी फोटो खिंचवाते हैं , और सोशल मीडिया पर डालकर वाहवाही लूटते हैं लेकिन फिर बाद में इन पौधों के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, जिससे पौधारोपण का औचित्य सार्थक सिद्ध नहीं हो पा रहा है।

पौधरोपण के नाम पर होने वाली खानापूर्ति में बस सरकारी धन का दुरुपयोग ही हो रहा है।क्षेत्र के सिरसिया कला ,बसन्तपुर, पिपरपाती, बरगहा, जईछपरा, पकड़ियार, बिहारी छपरा, मेहदीया, खजुरी बाजार सहित दर्जनों गांवों में पौधरोपड़ की हकीकत धरातल पर देखने पर लक्ष्य के दशांश भी पौधे उच्च नही दिखे ।अब तो जांच के बाद भी पता चलेगा अधिकांश ग्रामपंचायतो में कागजो में लक्ष्य पूरा हुआ है या धरातल पर इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी ने.नौ.उषा पाल ने बताया कि पौधरोपड़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना है धरातल पर जांच करवाकर कार्यवाई की जाएगी।

# टीबी हारेगा, देश जीतेगा आयोजित कार्यक्रम में बोले केशव शुक्ल



जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर

फरेंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक केशव शुक्ला, एल,एसटीएलएस अर्जुन सिंह, टीबीएचबी विमलेश कुमार के नेतृत्व में बीते दिन फरेंदा ब्लॉक सभागार में कुल 20 गांव के 60 सदस्यों को क्षय रोग के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया।यह अभियान आगामी 9 सितंबर शुरू होकर 10 दिनों के लिए चलाया जाएगा। इस अभियान की बैठक में सभी आशा कार्यकत्रियों ने भाग लिया। बैठक में जल्द से जल्द फरेंदा ब्लॉक को क्षय रोग अभियान के जरिए मुक्त करने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक केशव शुक्ला ने कहा कि टीवी हारेगा, देश जीतेगा, उक्त विचारधाराओं पर सभी लोग ध्यान दें। फरेंदा ब्लॉक की आशाओं को क्षय रोग के बारे में जानकारी दी गई तथा उपचार एवं इलाज के बारे में बताया गया। भरण पोषण योजना के तहत मरीजों को प्रति माह 500 रुपए पोषण भत्ता दिया जाता है।आप लोग मरीज को प्रेरित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर और बढ़िया उपचार कराएं।

# सड़क पर किसान का शव रख ग्रामीणों ने लगाया जाम

जन एक्सप्रेस । देवरिया

नगवा गांव में किसान की मौत के मामले में शुक्रवार को परिजनों ने मृतक का शव रख कर सड़क जाम कर दिया। उन्होंने नरायनपुर-असवनपार मार्ग दो घंटे तक जाम रखा। पुलिस द्वारा गांव के ही पांच आरोपियों पर हत्या का अभियोग पंजीकृत होने के बाद ग्रामीणों ने सड़क से आवागमन बहाल होने दिया।

नगवा गांव में किसान की मौत के मामले में शुक्रवार को परिजनों ने मृतक का शव रख कर सड़क जाम कर दिया। उन्होंने नरायनपुर-असवनपार मार्ग दो घंटे तक जाम रखा। पुलिस द्वारा गांव के ही पांच आरोपियों पर हत्या का अभियोग पंजीकृत होने के बाद ग्रामीणों ने सड़क से आवागमन बहाल होने दिया। बृहस्पतिवार को किसान बंधे की तरफ भैंस चराने गया था कि उन पर जानलेवा हमला हो गया। शुरुआत में जंगली जानवर के हमला करने की चर्चा थी। नगवा गांव के रहने वाले रामानंद यादव 65 वर्ष खेती करते थे। उनके पांच बेटे विदेश में रहते है। बृहस्पतिवार को दिन में करीब 11 बजे वह भैंस चराने के लिए राप्ती नदी के किनारे मराछी स्थान के समीप गए थे।

उनके गले से लेकर पेट तक नुकीले धारदार से चोट के निशान बने थे। लोग उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज देवरिया ले गए।

कुछ देर बाद ही किसान की मौत हो गई। पहले ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें किसी जंगली जानवर ने बुरी तरह से घायल कर दिया था, हालांकि किसी ने भी जानवर को नहीं देखा । मृतक के परिजनों ने पुरानी रंजिश में गांव के लोगों पर ही हत्या करने का आरोप लगाया।

बृहस्पतिवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा।

# बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव अनंत चतुर्दशी के दिन प्रतिमाएं होगी विसर्जित

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर षाणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरयाष् के जयघोष से गूंज उठा।

वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन-अर्चन के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं के पट खुले, और पूरा शहर गणेश महोत्सव के रंग में सराबोर हो गया। महाराष्ट्र की तर्ज पर भव्य पंडालों की शोभा इस साल गोरखपुर में भी महाराष्ट्र की तर्ज पर गणेश प्रतिमाओं की भव्य स्थापना की गई है। घासीकटरा, मिर्जापुर चौक, कच्चीबाग, पांडेयहाता, धर्मशाला बाजार, गोरखनाथ, और राजेंद्रनगर जैसे प्रमुख इलाकों में आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जहां 10 दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन पंडालों की सजावट और आयोजन ने पूरे शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया है।



### घरों में भी गणपति की स्थापना, भक्तिमय माहौल'

न केवल सार्वजनिक स्थलों पर बल्कि घर-घर में भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। श्रद्धालु अपने-अपने घरों में गणपति की पूजा-अर्चना और भजन-गीतों में सुबह से डूबे हुए हैं। शहरभर में भक्तों की भीड़ भगवान गणेश के दर्शन के लिए उमड़ रही है, जिससे शहर में एक अद्वितीय भक्ति और उल्लास का माहौल बना हुआ है। गणपति उत्सव की यह धूमधाम गोरखपुरवासियों के लिए आस्था, आनंद और उल्लास का प्रतीक बन चुकी है।

# गौनर में कूड़ा निस्तारण पर बैठक, महिला समूहों को दिया जाएगा स्वच्छता प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

विकास खंड सरदार नगर के ग्राम सभा गौनर में शुक्रवार को कूड़ा निस्तारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिला समूह की करीब दो दर्जन से अधिक महिलाएं शामिल हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में स्वच्छता अभियान को गति देना और कूड़ा निस्तारण के प्रभावी तरीकों पर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कैलाश निषाद ने की। उन्होंने महिलाओं को गांव की स्वच्छता की दिशा में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान यह घोषणा की गई कि सोमवार को समूह की महिलाओं को स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर



विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे गांव में स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकें। गांव में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए यह बैठक एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैठक में कई अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में कुल आए 65 मामले 17 का हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** फरेंदा तहसील सभागार में सीडीओ अनुराज जैन के अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस शनिवार को आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न फरियादियों द्वारा कुल 65 मामले दर्ज कराया। सीडीओ अनुराज जैन ने बारी-बारी से सभी लोगों की फरियाद सुनने के बाद तत्काल प्रभाव से 17 मामले का निस्तारण करते हुए शेष बचे 48 मामलों का सम्बंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही और त्वरित न्याय दिलाने को लेकर टीम बनाकर गठित कर रवाना कर दिया।आयोजित सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में फरेंदा तहसीलदार कर्ण सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल,फरेंदा बीईओ आगनित कुमार व बीडीओ कृष्णकांत शुक्ल,एडीओ पंचायत रामकृष्ण व फरेंदा सर्किल के सभी पुलिसकर्मी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

# समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़े: अजय कुमार दूबे



जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी देवरिया

भाजपा संगठन भाटपार रानी मंडल के ग्राम बड़का गांव में जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे के नेतृत्व में सदस्यता अभियान के अंतर्गत लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक घरों में संपर्क कर लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां से अवगत कराएं और उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए दर्जनों योजनाओं का संचालन की है। जिसका लाभ आम जन को बगैर किसी रोक-टोक के मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की अच्छी स्थिति के कारण ही निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं जिसके कारण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यहां प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जासवाल, सह सदस्यता प्रमुख जितेंद्र जायसवाल, शैलेश कुमार दुबे, अशोक कुमार तिवारी, मोहन यादव, अनिल बारी, रामपति, सुनील पांडेय, सतीश मिश्रा, हरिशंकर पांडेय, रामविलास, विनोद सिंह, सुमन श्रीवास्तव, प्रियंका एवं तान्या उपस्थित थे।

# गांव की चौपाल व्यवस्था में लापरवाही जिम्मेदार अधिकारी नदारद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

सरकार द्वारा गांव की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाने का आदेश जारी किया गया है, लेकिन विकास खंड ब्रम्हपुर में यह योजना धूल फांकती नजर आ रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह अतिमहत्वाकांक्षी योजना सही ढंग से लागू नहीं हो पा रही है।

बीते शुक्रवार को ग्राम सभा महुअरकोल में चौपाल का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होना था। हालांकि, मौके पर न तो चौपाल लगाई गई और न ही कोई सरकारी अधिकारी उपस्थित था। पंचायत भवन पर दोपहर 12 बजे से




2 बजे तक ताला बंद मिला। आस-पास के लोगों ने बताया कि शुक्रवार को कोई बैठक नहीं हुई और न ही चौपाल के संबंध में किसी को कोई जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान महुअरकोल का कहना था कि बैठक प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित की गई थी, लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रिया नंद गुप्ता ने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि उस दिन विद्यालय में कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को तीज और जुमा का दिन था, इसलिए बच्चों को एक बजे के बाद छोड़ दिया गया। गांव के कई लोगों ने भी पुष्टि की कि उस दिन विद्यालय पर कोई चौपाल नहीं लगी थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी चिंता का विषय है, और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# नरकटिया बाजार में शिक्षक दिवस पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन और शिक्षक सम्मान

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

हाटा ब्लाक के गांव नरकटिया में शिक्षक दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन और सेवा निवृत शिक्षको का सम्मान हुआ ।कवियों ने एक से एक बढ़कर अपनी रचनाएं देर रात तक सुनाई और दर्शकों की खूब बाह वाही बटोरी ।कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुआ ।सेवानिवृत शिक्षक राधेश्याम मिश्र,तिलक मिश्र और रामकल्प मिश्र को प्रधान प्रतिनिधि विवेकानंद दुबे,प्रदीप मधेशिया, दीपक मधेशिया द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।कवि सम्मेलन की शुरुवात अश्वनी दुबे के सरस्वती बंदना से हुआ, कवियित्री डा सत्यम वदा ने ,ये पूर्वजों की शान




है मिट्टी हमारी जान है, दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने केतना कमईलस धनवा प्रधनवा , पल्लवी शर्मा ने दिल लगाने की जिद ना करो, महेंद्र वर्मा ने अफवाह है कि मेरी तबियत खराब है । विभव त्रिपाठी ने, सबको मेरी बाते चुभने लगी है , फिरोज अश्क ने खुशी के तलास में निकल कर देखते है ,।चंदेश्वर परवाना,और हास्य कवि बादशाह प्रेमी ने एक से एक हास्य की कविता सुनाकर श्रोताओं को ओत प्रोत कर दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि मधुसूदन पांडे और संचालन मजीबुल्लाह राही ने किया , ।आगंतुकों को आभार आयोजक विवेकानंद दूबे ने ज्ञापित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश्वर, नगर पालिका कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,पूर्व प्रधान मनोज जायसवाल,भाजपा नेता, धनंजय मणि त्रिपाठी,विनोद दुबे,रमेश दुबे,उपेंद्र कुमार, डी के पाण्डे, ओमप्रकाश जायसवाल,ज्ञानवर्धन गोविंद राव, रवि त्रिपाठी घनश्याम सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# इतने शव कि कफन सिलने को टेलर बुलाना पड़ा

## एक साथ 14 जनाजे देख महिला बेहोश, हाथरस हादसे में 5 भाइयों का परिवार खत्म

जन एक्सप्रेस। आगरा



चीख-चीत्कार और मातम। हर तरफ रोते-बिलखते लोग। एक साथ 14 लाशें दफनाई गईं तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। महिला रोते-रोते बेहोश हो गई। इतने शव थे कि कफन कम पड़ गए। इसके बाद टेलर को बुलाना पड़ा। ये सीन आगरा के सेमरा गांव का है। दरअसल, शुक्रवार को हाथरस में मैक्स और जनरथ बस की टक्कर हो गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 14 लोग एक ही परिवार के थे। बाकी 3 लोग रिश्तेदार थे। 2 लोगों को बगल के गांव आमल खेड़ा और 1 को फिरोजाबाद में दफनाया गया। गांव वालों ने कहा, 5 भाइयों के परिवार खत्म हो गए। मैक्स सवार 37 लोग हाथरस के सासनी में चालीसवें में गए थे। कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। मीतई गांव के पास आगरा से अलीगढ़ जा रही बस सामने से मैक्स में आकर भिड़ गई। टक्कर के बाद मैक्स पलटी खाते हुए सड़क किनारे में गड्ढे में जा गिरी। लोग उछल कर 20 फीट दूर जा गिरे। किसी का सिर फूटा तो किसी का हाथ कट कर अलग हो गया। हादसे के बाद बस ड्राइवर फरार हो गया। बस सवार लोगों को हल्की-फुल्की चोट आई। हादसे के वीडियो सामने आए हैं। इसमें दिख रहा है कि हादसे के बाद लोगों खेतों में पड़े हैं। कुछ लोगों ने दम तोड़ दिया है, तो कुछ तड़प रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय लोग घायलों को झाड़ियों से बाहर निकालते हुए नजर आए। शुक्रवार देर रात तक शवों का पोस्टमॉर्टम चला। रात 1 बजे एम्बुलेंस से शवों को सेमरा गांव लाया गया। सुबह 14 कब्रें एक साथ खोदी गईं। दोपहर 12.30 बजे शवों को एक साथ दफनाया।

### मृतकों को 2 लाख व घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद-

हाथरस सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को केंद्रीय मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल, मा.उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मा.विधायक एत्मादपुर डॉ. धर्मपाल ने खंदौली के ग्राम पंचायत सैमरा पहुंचकर बंधाया ढांढस, सुपुर्द ए खाक में हुए शामिल दी सांत्वना दी। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 02-02 लाख तथा घायलों को 50- 50 हजार रुपए के चैक किए प्रदान जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी जी ने खंदौली के ग्राम पंचायत सैमरा व आंवलखेड़ा पहुंचकर ढांढस बंधाया, तथा मृतकों के सुपुर्द ए खाक में शामिल होकर परिजनों को सांत्वना दी।

## विवि में हुई एयर मार्शल डेंजिल कीलोर स्टेट चैंपियनशिप की शुरूआत

जन एक्सप्रेस। आगरा

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, विवेकानंद खंदारी कैंपस स्थित जे.पी. सभागार, आगरा में दो दिवसीय 7 ओर 8 सितंबर को स्पेशल ओलंपिक भारत, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ÷एयर मार्शल डेंजिल कीलोर स्टेट चैंपियनशिप÷ खेलों के उद्घाटन समारोह की शुरूआत हुई। इस खास मौके पर उत्तर प्रदेश के तमाम विशिष्ट स्कूल के बच्चों के लिए हैंडबॉल और स्केटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश से आए अलग अलग शहरों से कुल 300 स्पेशल प्रतिभागियों ने चैंपियनशिप में हिस्सा लिया जिनके साथ 80 प्रसीक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ भीमराव अंबेडकर विश्विद्यालय की माननीय कुलपति प्रो आशु रानी जी थीं। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश स्पेशल ओलंपिक के अध्यक्ष श्री मुकेश शुक्ला और विश्विद्यालय में खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ अखिलेश सक्सेना थे। विशिष्ट अतिथि थे शिवांग तिवारी जो जर्मनी स्पेशल ओलंपिक 2023 में अपना प्रदर्शन बिखेर कर आए हैं। गणेश चतुर्थी के उत्सव पर कार्यक्रम की शुरूआत गणपति जी की वंदना और मां सरस्वती जी के आशीर्वाद के साथ उद्घाटन समारोह की शुरूआत हुई। माननीय कुलपति जी ने सभी प्रतिभागियों और स्पेशल ओलंपिक भारत की पूरी टीम का स्वागत कर एवं ओलिंपिक खेलों का आयोजन विश्विद्यालय प्रांगढ़ में करने के लिए धन्यवाद दिया। शुभकामनाओं सहित बच्चों को प्रेरित किया और कहा हर्ष और जोश के साथ आज आप अपना बेहतरीन प्रदर्शन करें और आने वाले नेशनल स्पेशल ओलिंपिक में अपनी जगह बनाएं। मुकेश शुक्ला ने बताया कि किस तरह स्पेशल ओलंपिक भारत सिर्फ खेलकूद ही नहीं, स्पेशल चाइल्ड के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ पर भी पूरा ध्यान देती है, जिसमे बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पेशल चाइल्ड डेवलपमेंट, स्पीच और बिहेवियर थेरेपी के साथ अन्य सुविधाएं भी प्राप्त कराई जाती हैं। उन्होंने माननीय कुलपति जी से भी निवेदन किया कि अगले सत्र में भी विश्विद्यालय, स्पेशल ओलंपिक भारत के साथ मिलकर काम करें और जिससे आगरा के स्पेशल बच्चों को भी मंच मिले जिसमें वे अपना प्रदर्शन दिखा सकें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शिरोमणि हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिवर



**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बालूगंज स्थित शिरोमणि हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिवर का आयोजन किया गया जिसमें 500 मरीजों से अधिक लोगों का निशुल्क परामर्श किया गया ब स्टैंडर्ड पैथोलॉजी के सौजन्य से डॉक्टर तरुण मिश्रा द्वारा सभी रूटीन जांच मुक्त में की गई। व दवाई भी वितरण फ्री की गई। इस विशाल कैंप में डॉक्टर अशोक शिरोमणि , Dr D.V Sharma,डॉक्टर अमोल शिरोमणि,डॉ नमिता शिरोमणि ,डॉक्टर असीम शिरोमणि ,डॉ नरेंद्र शुक्ला ,डॉक्टर अनुभव जैन, डॉक्टर शरण गुप्ता , मुकुल कुलश्रेष्ठ आदि लोग उपस्थित रहे। इस विशाल चिकित्सा शिवर का आयोजन डॉ अमोल शिरोमणि की मां स्वर्गीय डॉ संगीता शिरोमणि के जन्मदिन की उपलक्ष के शुभ अवसर पर किया गया।

### औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद के औषधि निरीक्षक *शैलेंद्र प्रताप सिंह* द्वारा *मां वैष्णो मेडिकल हाल महरुआ*, *राना फार्मा क्लिनिक भीटी रोड महरुआ* एवम शिवा मेडिकल स्टोर नगपुर जलालपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के रख रखाव एवं औषधियों के अभिलेखों की भी जांच की गई, जांच के दौरान कुछ औषधियों के क्रय अभिलेख नहीं पाए गए जिनको प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। कुछ प्रतिष्ठान पर विक्रय अभिलेख नियमित जारी नहीं किए जा रहे थे जिन्हे नियमित जारी करने का निर्देश दिया गया निरीक्षण के दौरान *नारकोटिक युक्त औषधियों को बिना डॉक्टर प्रेस्क्रिप्शन के न दिए जाने* का भी निर्देश दिया गया।*मां वैष्णो मेडिकल हाल महरुआ भीटी* से *03* संदिग्ध प्रतीत हो रही औषधियों का नमूना संकलित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवाश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ की मारपीट



**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पांच बाइक पर करीब पंद्रह की संख्या में आए दबंगों ने एक युवक को घेर कर पीट दिया। बाइक तोड़ दी। हालांकि किसी तरह पीड़ित भागकर जान बचाने में सफल रहा। पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के रुकनुद्दीन पुर गांव का छात्र हिमांशु यादव नोएडा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। अभी वह गांव आया है। शनिवार दोपहर को हिमांशु बाइक पर अपने एक मित्र के साथ बैठकर घर से अकबरपुर के लिए निकला था। वह कठौवा पुल के पास स्थित 75 की बाग के पास पहुंचा था। कि पट्टी की तरफ से पांच बाइक पर सवार होकर करीब 15 की संख्या में आए दबंगों ने हिमांशु को रोक लिया और घेर कर पीटना शुरू कर दिया। हालांकि इस बीच मौका पाकर हिमांशु अपने दोस्त के साथ जान बचाकर भागने में सफल रहा। गुस्साए दबंगों ने युवक की बाइक तोड़ डाली। हल्ला गुहार पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों को देखकर भागने में सफल रहे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना में आरोपित राज यादव निवासी पकड़ी भोजपुर, अंश यादव उर्फ डब्बू निवासी खपुरा, पप्पू और आयुष यादव निवासी अमरौला का नाम सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
ढ्ढस्न-20240907-ड्ड0045

### नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म करने वाला चाचा गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर।** जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने वाले चाचा को गिरफ्तार कर बसखारी पुलिस ने जेल भेज दिया है। बीते दिनों बसखारी पुलिस से पीड़ित नाबालिग बालिका की माँ ने शिकायत किया था कि उसकी पुत्री के साथ उसके चाचा द्वारा दुष्कर्म किया गया और उक्त बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया गया। बसखारी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित नामज़द 35 वर्षीय अभियुक्त लालचन्द्र पुत्र अभयराज निवासी बेलापरसा थाना बसखारी को ग्राम बेला परसा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### ढाबे पर हुए झगड़े में प्रधान पक्ष ने कराया मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** किरावली के गांव सरसा के ग्राम प्रधान चोब सिंह ने एसीपी अछ्नेरा शिरोमणि उपाध्याय को तहरीर देकर बताया कि तीन माह पूर्व दो जून को में अपने पुत्र शिवा के साथ कोंरई स्थित ओम ढाबा पर शाम 4ः30 पर बाहर खड़ा था। तभी वहाँ गांव के निबासी टिंकू पुत्र भरत सिंह, भूपेन्द्र पुत्र अनेक सिंह, दुष्यन्त पुत्र निरंजन सिंह और कुछ अज्ञात लोगो के साथ वहाँ आ धमके। और बताया कि मुझसे गाली गलौज करते हुए मुझ पर और मेरे पुत्र शिवा पर चाकू और डंडो से हमला किया म हमले में पीड़ित के पुत्र शिवा के चोट आयी और बुरी तरह जख्मी हो गया।

## बांझपन भी टीबी का लक्षण, जांच कराएं- सीएमओ

* आगरा में 9 से 20 सितंबर तक संचालित होगा एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान
* टीबी के संबंध में जानकारी के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री नम्बर 1800116666 जारी किया गया



जन एक्सप्रेस। आगरा

यदि आपको दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रही है या बुखार की समस्या है, बलगम में खून आता है, भूख कम लगती और वजन तेजी से कम हो रहा है, रात में पसीना आता, गले में कोई गांठ (लिम्फनोड) है। ऐसे में एसीएफ अभियान के दौरान घर पर दस्तक देने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीम को जानकारी जरूर दें। आपको टीबी हो सकती है। वह महिलाएं भी अपनी टीबी की जांच कराएं जो बांझपन की समस्या से जूझ रही हैं, ऐसी महिलाओं को भी टीबी होने का खतरा बढ़ जाता है। शनिवार को कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सीएमओ डॉ.अरुण कुमार श्रीवास्तव ने यह बातें बताईं। उन्होंने बताया कि जनपद में 9 से 20 सितंबर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर टीबी रोगियों की खोज करेंगी।
सीएमओ ने बताया कि क्षय रोग यानि टीबी एक गंभीर बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत की संकल्पना की गई है। इसी क्रम में एसीएफ अभियान के दौरान जनपद आगरा की कुल जनसंख्या लगभग 54 लाख की लगभग 21 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 11 लाख 55 हजार को मैप किया जाएगा। अभियान के दौरान स्लम, घनी आबादी वाले क्षेत्र, मलिन बस्तियां, हाई रिस्क जनसंख्या (एचआईवी एवं डायबिटीज) अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार (जेल), मजदूरों, श्रमिक तथा टीबी मुक्त पंचायत जगहों को चिन्हित करते हुए) पर कार्य किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा टीबी के संभावित लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान करते हुये उन्हें लक्षणों के बारे में बताया जायेगा। साथ ही संभावित मरीज के बलगम नमूने एकत्र कर उसकी जांच हेतु निकटतम जांच केन्द्रों पर भेजा जायेगा। जांच में टीबी की पुष्टि होने पर मरीज का गाइडलाइन के अनुसार उपचार किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 81 सुपरवाइजरों के साथ 408 टीमें कार्य कर रही हैं। प्रत्येक टीम में 03 सदस्य रखे गये हैं।
जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने बताया कि जनपद आगरा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लगातार अच्छा कार्य कर रहा है। आगरा टीबी मरीजों को खोजने के मामले में प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को हर माह डीबीटी के माध्यम से दी जाने वाली 500 रुपये की राशि पहुंचाने के मामले में भी आगरा प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा।

## 80 फीट गहरी खाई में गिरे पति-पत्नी, मौत

जन एक्सप्रेस। आगरा

फतेहाबाद थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया। यमुना नदी के पुल पर सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर बैठे महिला और पुरुष पुल से नीचे करीब 80 फीट गहरी खाई में गिर गए। हादसा होते ही मौके पर दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद अर्टिगा कार सवार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना शमशाबाद क्षेत्र के कस्बा में गोपालपुरा के रहने वाले डालचंद (45) अपनी पत्नी संगीता देवी के साथ डिस्कवर बाइक से शनिवार दोपहर तकरीबन 2ः00 बजे फिरोजाबाद अपनी ससुराल जा रहे थे। फिरोजाबाद बॉर्डर पर शंकरपुर घाट पर बने पुल पर जैसे ही वह पहुंचे, तो पुल पर ही सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक का बैलेंस ऐसा बिगड़ा कि बाइक सवार दोनों पति-पत्नी पुल से नीचे तकरीबन 80 फीट गहरी खाई में बाजरे के खेत में जा गिरे। नीचे गिरने से बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई।
बताया जा रहा कि बाइक सवार डालचंद के दो बेटे हैं। एक 15 साल और एक 12 साल का है। मृतक परचून की दुकान पर काम करता था। परिवार की आर्थिक स्थिति ज्यादा ठीक नहीं है। हादसे के बाद मौके पर एसीपी फतेहाबाद फोर्स के साथ पहुंचे। यमुना नदी के पुल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने दोनों मृतक पति-पत्नी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल ने बताया कि बाइक सवार पति-पत्नी शमशाबाद के रहने वाले हैं। बाइक पर सवार होकर फिरोजाबाद अपनी ससुराल जा रहे थे। अर्टिगा कार का चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## शिक्षिकाओं ने स्कूल के बच्चों से लगवाया झाड़ू



जन एक्सप्रेस। आगरा

ब्लॉक खंदौली की ग्राम पंचायत धोरऊ के ग्रामीणों व प्रधान पुष्पेंद्र बघेल द्वारा अपनी पंचायत मे स्थित कंपोजिट विद्यालय का सुबह करीब 8.15 बजे एक वीडियो ब्लॉक प्रमुख खंदौली आशीष शर्मा को भेजा व साथ ही अपने शिकायत पत्र से अवगत कराया कि स्कूल की टीचर्स द्वारा प्रतिदिन स्कूल के बच्चो से स्कूल भवन मे झाड़ू लगवाने का कार्य कराया जाता है और बच्चो द्वारा जब इसका विरोध किया जाता है तब उन्हें डराया व धमकाया भी जाता है, ब्लॉक प्रमुख द्वारा दोषी शिक्षिकाओं का वीडियो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही हेतु भेजा है साथ ही उनका कहना है ऐसे दोषियों को निलंबित करना ही उचित है।

### 100 शिकायतों में से मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** तहसील मुख्यालय पर शनिवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी सचिन राजपूत, तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह एवं नायव तहसीलदार अनिल कुमार ने शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। सर्वाधिक 52 शिकायतें राजस्व विभाग, 9 पुलिस विभाग,20 विकास विभाग, 9 विधुत विभाग और 10 शिकायतें अन्य विभागों की प्राप्त हुईं। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी विधुत विनोद कुमार, खण्ड बिकास अधिकारी फतेहपुरसीकरी बीरेंद्र सिंह, आपूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, अवर अभियंता विधुत अजय शुक्ला एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खनन माफियाओं ने सिपाही को गोली मारी

### पुलिस जीप को ट्रैक्टर लगाकर घेरा, तोड़फोड़ की...भागकर जान बचाई

जन एक्सप्रेस। आगरा

शनिवार सुबह खनन माफियाओं ने सिपाही को गोली मार दी। गोली सिपाही के कान के पास लगी है। पुलिस बालू से भरी अवैध ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर रही थी। तभी बदमाशों ने पुलिस की जीप को घेर लिया। पहले गाड़ी में तोड़फोड़ की, फिर कई राउंड गोली चलाई। जान बचाने के लिए पुलिस को वहां से भागना पड़ा। घटना शनिवार सुबह 8 बजे खेरागढ़ कस्बे में समाध गांव के पास की है। सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई थानों की फोर्स के साथ एसीपी मौके पर पहुंचे। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। खेरागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि अवैध बालू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आ रही हैं। इंस्पेक्टर खेरागढ़ देव करन सिंह ने 5 पुलिस वालों के साथ तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का पीछा किया। इस दौरान बदमाशों ने ट्रॉली को अलग किया और ट्रैक्टर को घनी बस्ती की तरफ मोड़ दिया। वहां पुलिस की गाड़ी को घेरकर पहले जमकर पथराव किया। इसके बाद फायरिंग करने लगे। खुद को घिरता देख पुलिस वालों ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। मौके पर आरोपी फरार हो गए। इस दौरान बदमाशों की एक गोली सिपाही अजय के कान के पास लगी। उन्हें रेनबो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही अउढ इमरान अहमद कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल को सील करके जांच-पड़ताल की जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ करके बदमाशों के पहचान की कोशिश की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बदमाश ट्रैक्टर लेकर किधर भागे हैं। एसीपी इमरान अहमद ने बताया- घायल सिपाही अजय को आगरा के रेनबो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वह खतरे से बाहर हैं। खनन माफियाओं के जिन गुर्गों ने पुलिस पर हमला किया उन्हें पकड़ने के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है।
जिस जगह पर यह घटना हुई वहां आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किया जा रहे हैं। देखा जा रहा है कि वह ट्रैक्टर लेकर किस दिशा में भागे हैं। ट्रैक्टर पर नंबर कहां का है। आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## तेंदुए के लिए जगनेर में हुई कॉम्बिंग

### पुलिस और वन विभाग ने लोगों को किया जागरूक, अरावली के दूसरी तरफ रहते हैं तेंदुए

जन एक्सप्रेस। आगरा

जगनेर के बरगवां खुर्द में पहाड़ी पर दिखे तेंदुए का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग और पुलिस ने रात में कॉम्बिंग की। गांव वाले भी पहरा दे रहे हैं। वन विभाग की टीम ने रात में कैंप किया। तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। वायरल वीडियो तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। बरगवां खुर्द की सीमा राजस्थान से लगती है। यहीं अरावली की पहाड़ियां हैं। वीडियो में तेंदुआ पहाड़ी पर बैठा दिख रहा है। इसका वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। गांव वाले दहशत में हैं। बच्चों को घर से अकेला बाहर निकलने से मना किया गया। गांव वाले खुद भी पहरेदारी कर रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग ने भी वीडियो में दिखे जानवर की पुष्टि तेंदुए की रूप में की है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में एक्टिव हो गई है। जिन गांव वालों ने तेंदुए को देखा, उनसे बात की जा रही है। तेंदुए का वीडियो वायरल होने के बाद एसीपी खेरागढ़ इमरान अहमद भी कॉम्बिंग करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि रात में वन विभाग की टीम के साथ पूरे क्षेत्र का दौरा किया। गांव वालों को अलर्ट रहने को कहा गया है। वन विभाग की टीम लगातार लोगों के बीच में है। रेंजर आयशा नसीम का कहना है कि वीडियो में दिख रहा जानवर तेंदुआ ही है। वो एडल्ट है। राजस्थान की सीमा से जुड़े जगनेर के गांवों में सतर्कता बरती जा रही है। फिलहाल तेंदुआ राजस्थान में ही अपने प्राकृतिक आवास में ही है। आबादी की ओर नहीं आया है। पहाड़ी के दूसरी तरफ तेंदुओं का प्राकृतिक आवास है। इसलिए इस तरफ कभी-कभी दिख जाते हैं। तीन दिन से हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कॉम्बिंग भी कर रहे हैं। लोगों से बात कर रहे हैं, जिससे वो पैनिक न हों। जगनेर के राजस्थान की सीमा से गांव बरगवां खुर्द, रिछोहा, नगला छीतर, खौरपुरा, तुर्कपुरा, भौपूर, थंसेरा गंगापुर आदि में दहशत हैं। इन्हीं गांवों की सीमा अरावली की पहाड़ियों से लगी हुई है।

## हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगना तय

जन एक्सप्रेस। खुर्जा






अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में हरियाणा में चुनाव होगा। चुनाव को लेकर यहां पॉटरी नगरी के भाजपाई बेहद आशान्वित हैं। उनका मानना है कि प्रदेश में भाजपा सरकार की योजनाएं हरियाणा के मतदाताओं पर सिर चढ़ कर बोल रही हैं। उनका दावा है कि इस बार भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेंगी और नायब सैनी दोबारा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।
भाजपा के वरिष्ठ नेता और चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक सवेन्द्र पंडित ने कहा कि हरियाणा के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति बेहद मजबूत है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में लड़े जाने वाले चुनाव में भाजपा को बंपर बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का देश के लोगों को घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि तीसरी बार भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनना तय है। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा के वरिष्ठ नेता अंकित गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के मतदाता विधानसभा के पिछले दो चुनावों में कांग्रेस को नकार चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि इस बार भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी और पूर्व की तरह इस बार भी प्रदेश से कांग्रेस का तंबू उखड़ जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी की सरकार से वहां के लोग खुश हैं। गरीब और जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। और वह खुश हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मानवाधिकार और भ्रष्टाचार निवारण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का हरियाणा में कुछ भी नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार में प्रदेश के लोग खुश हैं। केन्द्र की मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना और घर-घर नल से जल सरीखी कल्याणकारी योजनाएं हरियाणा के मतदाताओं के सिर चढ़ कर बोल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेतृत्व करिश्माई है। भाजपा नेतृत्व जो कहता है वही करता भी है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी और अगले मुख्यमंत्री नायब सैनी बनेंगे। क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी और भारत विकास परिषद कन्या इण्टर कालेज के प्रबन्धक बेहद आशान्वित हैं कि हरियाणा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक लगना तय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाणा की नायब सैनी सरकार का छह माह का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। प्रदेश की नायाब सैनी सरकार ने लोगों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। इससे प्रदेश के मतदाता बेहद खुश हैं और वह भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि दस अक्टूबर तक हरियाणा में तीसरी बार नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन जाएगी।

# घास काटने गए दादा पोते पर सियार ने किया हमला, घायल

- एसडीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह
- हिंसक सियार के ताबड़तोड़ हमलों से ग्रामीणों में दहशत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**पूरनपुर।** खेत पर घास काटने गए दो ग्रामीणों पर गन्ने के खेत में छिपे सियार ने हमला कर लहूलुहान कर दिया।हिंसक सियार आस पड़ोस के खेतों में मौजूद ग्रामीणों के शोर शराबा करने पर गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। गंभीर हालत में दोनों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। शुक्रवार भी सियार ने दो मासूमों सहित तीन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था।सियार के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों डीएम,एसपी, डीएफओ से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर पीलीभीत को संवेदनशील बताते हुए मानव- वन्य जीव संघर्ष कम करने के निर्देश दिए थे।थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में हिंसक सियार के आतंक से खलबली मची हुई है। शुक्रवार गांव रायपुर विचपुरी निवासी वसीउल्ला अपने पोता अमान को साथ लेकर खेत पर घास काटने गए हुए थे।घास काटते समय अचानक गन्ने के खेत से निकले खूंखार सियार ने अमान पर हमला कर दिया। बचाने दौड़े वसीउल्ला पर भी हमला कर नोच डाला।चीख पुकार मचाने पर आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण के और सर्व करने पर सिया आर दादा पोते को छोड़कर गन्ने के खेत में जाकर छुप गया। हमले में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटना की जानकारी पर शनिवार उप प्रभागीय वनाधिकारी सामाजिक वानिकी सुशील कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।गांव पंहुचकर ग्रामीणों से वार्ता की। शाम के समय खेतों पर समूह बनाकर कर जाने की सलाह दी। ताबड़तोड़ हमलों से ग्रामीणों और बच्चों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने सियार को पकड़ने की मांग की है।

> “ रायपुर विचपुरी में सियार हमले की जानकारी नहीं है। जादोपुर में सियार ने तीन लोगों को हमला कर घायल किया था। एसडीओ ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया है। सियार की निगरानी के लिए टीम को लगाया गया है।
> –मनोज कुमार श्रीवास्तव
> रेंजर खुटार

# मनबढ़ो ने बागवानी की भूमि से पेड़ उखाड़ पीलर ढहाया

- मना करने गए ग्राम प्रधान को दौड़ाया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन ब्लाक के इमामपुर गांव में बागवानी की सरकारी भूमि के सीमा की पैमाइश के बाद लगाए गए पीलर और उसके भीतर लगाए गए दर्जनों बृक्षो को गांव के ही आधा दर्जन से अधिक मनबढ़ो ने ढहा कर पौधे उखाड़ दिए। मना करने पहुंचे ग्राम प्रधान तो उन्हें भी लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया। प्रधान ने सात नामजद आरोपितों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। ग्राम प्रधान संतलाल सोनी का आरोप है कि लगभग डेढ़ माह पूर्व उक्त लगभग 5 विश्वा भूमि की पैमाइस के बाद नायब तहसीलदार शाहगंज की मौजूदगी में चारों तरफ सीमा पर आरसीसी का पीलर लगा दिया गया था। उसमें दर्जनों बृक्ष की रोपाई भी करा दी गई। नायब तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार ने भी पौधरोपण किया था। उस पौधे पर उनके नाम का बोर्ड भी लगाया गया है।आरोप है कि शनिवार को गांव के ही सात लोग एकजुट होकर पीलर ढहाने लगे। उसमें लगे कई वृक्ष भी उखाड़ कर फेंक दिए। आरोप है कि मना करने पर मनबढ़ो ने लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। घटना की जांच कर आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# दूसरे संप्रदाय के युवक ने धर्म छिपाकर हिंदू महिला से किया दुष्कर्म

- दूसरे संप्रदाय के तांत्रिक पर प्रेत का साया बताकर महिला से दुष्कर्म करने का आरोप
- पीड़ित महिला ने कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** जेठ के पुत्र के साथ घर आए गैर समुदाय के युवक ने अपने आप को हिंदू समुदाय का बताकर नजदीकिया बढ़ा ली।महिला के साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया।उपचार के बहाने तांत्रिक के पास ले गया।तांत्रिक ने महिला को घर में बंद कर दुष्कर्म किया।महिला को जबरन होटल में ले जाने के दौरान हिंदू संगठन के लोगों ने पकड़ लिया।पीड़ित महिला ने कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। लगभग छह माह पूर्व जेठ के पुत्र के साथ अपने आप को हिंदू बताकर एक युवक घर आया था। युवक ने स्वयं को हिन्दू धर्म से अनुसूचित जाति का बताया। फोन पर बातचीत होने लगी। दोनों के बीच नजदीकी बढ़ गई।आरोप है कि युवक ने कई बार दुष्कर्म किया। चार माह पूर्व महिला की तबीयत खराब हो गई।युवक अपनी जान पहचान के एक दूसरे संप्रदाय के तांत्रिक के पास ले गया। तांत्रिक ने हिंदू महिला पर प्रेत का साया बताकर घर में बंद कर लिया।घर में बंद कर पूरी रात दुष्कर्म किया।आरोप है कि दुष्कर्म के दौरान महिला का अश्लील वीडियो भी बना लिया।शनिवार दोपहर युवक महिला को होटल चलने का दबाव बनाने लगा। महिला ने होटल जाने से मना कर दिया ।आरोप है कि युवक ने धमकाते हुए बताया वह मुस्लिम समुदाय से हैं। युवक ने अपने आप को थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव का निवासी बताया।होटल में जाने का विरोध करने पर अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। जानकारी पर हिंदूवादी संगठन के लोग मौके पर पहुंच गए। पकड़े गए युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित महिला ने कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

> “ महिला की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपों की जांच की जा रही है। आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।
> –राजीव शर्मा
> इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर

# फर्नीचर की दुकान पर सामान खरीदने आए सगे भाइयों से मारपीट, रुपए लूटने का आरोप

- दबंगों ने मौके पर पंहुची पुलिस पर किया हमले का प्रयास
- पीड़ित ने दबंगों पर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** फर्नीचर की दुकान पर सामान खरीद रहे सगे भाइयों के साथ आधा दर्जन दबंगों ने मारपीट की। आरोप है कि मारपीट कर जेब में रखी नगदी भी लूट ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पर हमले का प्रयास किया। पुलिस ने युवक को मौके से पकड़ लिया।अन्य दबंग मौके से फरार हो गए।कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई है। माधोटांडा निवासी वकार खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह शनिवार अपने भाई आमिर के साथ नगर के मुहल्ला चौक में बरकाती ट्रेडर्स की दुकान पर फर्नीचर का सामान खरीद रहा था।इसी दौरान शेरपुर निवासी एक युवक अपने पांच अन्य साथियों के साथ दुकान पर आ गया। दबंगों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी । जेब में दस हजार की एक और बीस हजार की दो नोट की गड्डी निकाल ली। दबंगों की पिटाई में दोनों भाई घायल हो गए। उन्होंने घटना की पुलिस को सूचना दी। दरोगा राहुल शर्मा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। वकार के बताने पर उन्होंने मारपीट करने और रूपये छीनने वाले युवक को पकड़ लिया। दरोगा ने बताया कि पकड़ने के दौरान युवक ने उनपर हमले का प्रयास किया। अन्य दबंग पुलिस को देख मौके से फरार हो गए। पकड़े गए युवक को कोतवाली लाया गया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। इंस्पेक्टर कोतवाली राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों में रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ हो गया था। दोनों पक्षों के बीच वार्ता होने के चलते कार्रवाई नहीं की गई।



# विधायक ने किया पशु चिकित्सालय का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने सिंगरामऊ और घनश्यामपुर में वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए पशु अस्पताल के नये भवन का शिलान्यास किया।0 घनश्यामपुर में राजकीय चिकित्सालय40 लाख रुपये की लागत से तैयार हुआ है वही सिंगरामऊ पशु चिकित्सालय 17 लाख रुपए की लागत से तैयार हुआ है । विधायक ने कहा कि पशुओं की उचित देखभाल और बेहतर इलाज के लिए ताकि गांव के पशु पालकों को समय-समय पर पशुओं की संबंधित बीमारियों और उनकी रोकथाम के लिए उचित परामर्श और दवाइयां मिल सकती है । उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। जिस दिन से विधायक की शपथ ली उसी दिन से मेरा एक ही लक्ष्य है की मैं इलाके के लिए ज्यादा से ज्यादा विकास के काम करवा सकूं। इसका फायदा ये युवा पीढ़ी उठाएगी। इस अवसर जिला पशु चिकित्साधिकारी डा0 ओपी श्रीवास्तव, जिला मंत्री अवधेश यादव, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, ओंकार नाथ मिश्र, बद्री नाथ शास्त्री, अंबुज तिवारी, अंकित तिवारी, विवेक मिश्र, रंजन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# जौनपुर में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद, 57 हजार जुर्माना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने शनिवार को 4 वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 57 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार जिले में मछली शहर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 2 जुलाई 2020 को मुकदमा पंजीकृत करवाया कि 30 जून 2020 को उसकी 11 वर्षीय पुत्री रात 8ः00 बजे घर के पश्चिम दिशा में शौच के लिए गई थी। वहीं कटाहित खास गांव निवासी राहुल पुत्र ब्रह्मदेव आया और उसका मुंह दबाकर सरपतहा पोखरा पर लेकर गया और वहां उसके साथ बलात्कार किया तथा मारा पीटा। वादी पीड़िता को खोजने का प्रयास किया और न मिलने पर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस भी पहुंच कर खोजबीन में लगी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रात 1:00 बजे पीड़िता बदहवास हालत में रोते हुए अपने घर पहुंची।

# जिलाधिकारी ने राधा कृष्ण पशु आश्रय स्थल का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज तहसील कलीनगर क्षेत्र के अन्तर्गत राधा कृष्ण पशु आश्रय स्थल ककरौआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आसरा स्थल में 40 निराश्रित गौ वंशों को संरक्षित किया गया है। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सक को नियमित गौवंशों की देखरेख करने एवं कृत्रिम गर्भाधान बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होने केयरटेकर के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्राम विलगंवा में एक और मुक्तिधाम के विकास की पहल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पीलीभीत।** शहर से सटे ग्राम विलगंवा में एक और मुक्तिधाम के आधुनिकीरण एंव सौर्न्दीयकरण किए जाने का अहम फैसला लिया गया है जिससे शहर के नकटादाना क्षेत्र से जुडी अनेकों कालोनी एंव मौहल्लेवासी को शव का अन्तिम संस्कार करने में असानी होगी। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने इस मुक्तिधाम के निर्माण के लिए पूर्व में भी 30 लाख रूपये की शासन से सहायता दिलाई थी। अब उन्होंने बेनहर कालेज रोड से विलगंवा गॉव तक के मार्ग चौडीकरण के लिए शासन से 65 लाख रूपये की मंजूरी प्रदान कराई गई है जो सड़क विलगंवा से होते हुए वाईपास तक जाकर मिलेगी। राज्यमंत्री श्री गंगवार के जन सहायोग कार्यालय पर उपरोक्त मुक्तिधाम के आधुनिकीरण एंव सौर्न्दीयकरण कराये जाने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुक्तिधाम के आधुनिकीरण एंव सौर्न्दीयकरण कराये जाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई और कई अहम फैसले लिए गये। बैठक में तय किया गया कि उपरोक्त मुक्तिधाम के विकास के लिए एक कमेठी बनाई जायेगी जिसका रजि0 कराया जायेगा। इस कमेठी में ग्राम विलगंवा के प्रधान सहित गॉव के अन्य गणमान्य नागरिक एंव शहर के समाजसेवियों को शामिल किया जायेगा। मालूम रहे कि नगर में पूर्व में ब्रिटिश शासन काल से एक मात्र शमशान भूमि स्थल नौंगवा पकडिया में स्थित है जहॉ शहर भर के लोगों को अपने स्वजनों के शवों के अन्तेयिष्टी के लिए एक मात्र उक्त शमशान भूमि स्थल पर जाना पडता था। अब शहर से ही सटे विलगंवा गॉव में अन्तेयिष्टी स्थल के विकसित होने से इस क्षेत्र की दर्जनों कालौनियों और हजारों आवासों में रहने वाले लोगों को अपने स्वजनों का अन्तिम संस्कार करने के लिए कम दूरी पर जाने की सुविधा मिल सकेगी जबकि पूर्व में लगभग कई कि0मी0 का सफर तय करना पडता है। विलगंवा मुक्तिधाम के विकसित होने से इस क्षेत्र के आवास विकास कालोनी, गोदावरी स्टेट, निरंजन कुंज, संजय नगर, अयोध्यापुरम, संजय रॉयल पार्क, नकटादाना, तिरूपति गोल्डन पार्क कालोनी, राम बिहार, गीता कालोनी, कर्मचारी कालोनी, सहित अनेकों कालोनियों एंव क्षेत्र से जुडे कई गॉव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# नकदी सहित लगभग 15 लाख की कीमत के जेवर चोरी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा गांव के नकबी पुरवा में शुक्रवार की रात छत से आंगन में उतरे चोर कमरें में रखी अलमारी का लाक तोड़ भीतर रखा लगभग 15 लाख के जेवर व 80 हजार रुपए पार कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है। घटनास्थल पर फारेंसिक टीम ने आकर सेंपल इकट्ठा किया। गांव निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र चंद्रिका सिंह का तीन भाइयों का संयुक्त परिवार है। दो भाई परदेश में है। नरेंद्र उनकी पत्नी जूली और पुत्री खुशी घर पर रह रहे हैं। शुक्रवार की शाम गणेश चतुर्थी के व्रत का पूजन कर उनकी पत्नी, पुत्री और वह रात लगभग 11 बजे घर के एक कमरे में लगे एसी को चालू कर सभी लोग सो गए। रात में आये चोरों ने उनके कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दिया। आरोप यह भी है कि चोरों ने उनपर किसी जहरीले पदार्थ का स्प्रे कर दिया। जिससे वे तीनों लोग बेसुध पड़े रहे। चोरों ने आराम से तीन कमरे का ताला चटका दिया। भीतर लोहे की आलमारी का लाक चटकाकर चोर अंदर रखा सोने का हार,बाली 10 सेट,चेन 4 पीस, मंगलसूत्र, अंगूठी 5 पीस,लाकेट 3 पीस तथा चांदी का पायल 7 जोड़ी,मीना 20 जोड़ी तथा पैजनी के अलावा सूटकेस में रखे 80 हजार रुपए उठा ले गए। बाजार भाव से गहनों की 15 लाख से अधिक बताई जाती है। गृहस्वामिनी की सुबह नींद खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया। उसने पति नरेंद्र को जगाकर दरवाजा खोलने को कहा। शोर मचाने पर आस पास के लोग पहुंच कर बाहर से कुंडी खोले। आंगन से जब बगल कमरे को खुला देखे तो वे अवाक रह गए। भीतर आलमारी खुली देख मानो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की सूचना पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने मामले की छानबीन किया। फोरेंसिक टीम ने भी सेंपल इकट्ठा किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हाई टेंशन तार से मृत युवकों के परिजनों को 2 महीने बाद भी नहीं मिला मुआवजा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/ सिंगरामऊ। विद्युत विभाग की लापरवाही से हाईटेंशन तार की चपेट में आने से जौनपुर जिले के सिंगरामऊ में दो युवकों की मौत हो गई थी ।ज्ञात हो की बीते 4 जुलाई को हाई टेंशनतार की चपेट में आने से बछुआर गांव निवासी रविशंकर तिवारी22वर्ष और श्याम सिंह यादव 22 वर्ष का घटनास्थल पर ही तड़प तड़प कर मौत हो गई। घटना के 2 महीने बाद भी परिजनों को नही अभी तक नही मिला मुआवजा और किसी प्रकार की मदद भी नहीं मिली है परिजनों का कहना है कि हमे सिर्फ विद्युत विभाग से आश्वासन मिलता है कि पैसा आज आ जाएगा तुरंत 2 महीने बीत गए अभी तक किसी भी प्रकार की मदद नहीं हुई है मिला है तो सिर्फ आश्वासन।

### मंगेश यादव एनकाउंटर की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के अगरौरा निवासी मंगेश यादव के कथित फर्जी एनकाउंटर मामले में अब आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर भी कूद पड़े हैं। शनिवार को सोशल मीडिया पर अपना बयान जारी करते हुए उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर शहर के ठठेरी बाजार में भरत जी सर्राफ की दुकान में दिनदहाड़े हुई डकैती में संलिप्तता का दावा करते हुए पुलिस ने मंगेश को मुठभेड़ में मार गिराने का दावा किया है। किंतु उसके पिता राकेश यादव तथा अन्य परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने दो सितंबर की रात को उसे अगरौरा गांव से उठाया था। इसके बाद दो दिन रखने के बाद फर्जी मुठभेड़ दिखाकर मार डाला। उन्होंने मामले की शिकायत आयोग में करते हुए कथित मुठभेड़ की जांच व दोषियों के विरुद्ध एफआईआर की मांग की है।

# शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर





जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में शाहगंज के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवही की तो उनकी जांच वरिष्ठ अधिकारियों से कराकर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लेखपाल और कानूनगो से कहा कि पैमाइस वरासत के नाम पर भ्रष्टाचार किया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 182 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 17 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थान्तरित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शाहगंज राजेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक/ लेखपाल व फरियादी आदि उपस्थित रहे।

### तहशील दिवस थाना दिवस पर पीड़ित फरियादियों की नहीं होती सुनवाई: भीम सिंह

तहशील दिवस थाना दिवस पर पीड़ित फरियादियों को न्याय देने को कौन कहे बल्कि बदले में तहशील के अधिकारी कर्मचारी ही पीड़ित करते हैं उक्त बातें विपक्ष का कोई नेता नहीं बल्कि सत्ता दल के भाजपा मंडल अध्यक्ष अरसिया भीम सिंह भोले ने शाहगंज में आयोजित तहशील दिवस पर जिलाधिकारी रबिंद्र कुमार मांदण से कहीं तो वहां मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गये। श्री सिंह यही नहीं रुके जिलाधिकरी से आगे कहा कि पीड़ित फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं होती अधिकारी कर्मचारी सुविधा शुल्क की मांग करते हैं जिससे गरीब मजलूम पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा जिस पर जिलाधिकारी ने श्री सिंह से सबूत मांगा तो उन्होंने तहशील क्षेत्र के दर्जनों मामले को गिनाया तो जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोषी कर्मचारी पर विधिक कार्रवाई करें ।

# बिल्हौर संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम व एसडीएम की अध्यक्षता में 128 शिकायतों की हुई सुनवाई

**दो शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो





बिल्हौर सम्पूर्ण समाधान आयोजित दिवस में पहुंचे एडीएम अशुतोष कुमार दुबे व उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा की अध्यक्षता में फरियादों की जन सुनवाई शुरू हुई जहां पर चौखंडी गांव निवासिनी कई बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें कर चुकी है लेकिन अभी तक कोई भी निस्तारण नहीं हुआ है छिदाना पत्नी श्रीकृष्ण ने आरोप लगाया कि गांव के ही शफीक पुत्र खलील ने मेरे पति का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है जिसके कारण मेरे पति द्वारा 7 बिस्वा जमीन की बिक्री की बात हुई लेकिन शफीक द्वारा गवाहों से सांठगांठ कर सात बिस्वा की जगह 17 बिस्वा जमीन धोखाधड़ी कर लिखा ली गई जबकि महिला द्वारा फोन पर शफीक के पिता खलील से फोन पर बात हुई कि मुझसे गलती हो गई है आपका ज्यादा लिखा हुआ हिस्सा वापस कर दूंगा वहीं प्रार्थनी द्वारा बताया गया कि मुझसे रोज कहते हैं कि आपका हिस्सा ज्यादा लिखा हुआ वापस कर दूंगा जिसकी काल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। चौबिगही शिकोहाबाद गांव निवासिनी रश्मि ने प्रार्थना पत्र में बताया कि राशन कार्ड में दो बच्चों के नाम बढ़ाने के संबंध में 12 फरवरी को ऑनलाइन करवाया था 6 महीने बीत जाने के बाद भी आज भी अभी तक राशन कार्ड में आपूर्त कार्यालय में नहीं जोड़ा गया है जबकि ऑनलाइन की रिसीविंग भी वहां दे चुके है। नदिया खुर्द निवासी सूर्य प्रताप सिंह उर्फ पुजारी ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल रही है भाई चंद्रपाल सिंह की मौत 2015 में हो गई थी। आईआईटी कानपुर निवासी प्रभा बाजपेई पत्नी रितु ने बताया कि राजमार्ग में कानूनगो ओमकांत तिवारी की वजह से मुआवजा नहीं मिला है। देवी दीन पुत्र रामबालक निवासी नेवादा दरिया ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि न्यायालय के आदेश धारा 24 के अनुसार मौके पर नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिस बल के द्वारा पत्थर स्थापना कराया गया था विरोधियों ने 15 दिन का समय मांगा था आज तक कब्जा नहीं मिल पा रहा है और वह धमकी देते हैं कि हरिजन एक्ट में जेल भिजवा देंगे वास्तव में जमीन मालिक पति पत्नी आंखों से अंधे हैं इसके बाद भी अधिकारी कब्जा नहीं दिलवा पा रहे हैं।बिल्हौर सम्पूर्ण समाधान आयोजित दिवस 128 शिकायतों में मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया वहीं मौके पर पहुंचे एडीएम आशुतोष कुमार ने सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए आधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित के शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर पहुंचकर निस्तारण करें ज्यादातर जमीनी सम्बंधित शिकायतें रहीं।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में घर-घर बिराजे गणपति

**बप्पा मोरया की चारों तरफ रही गूंज**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत भक्तो मे गणेशोत्सव का अनोखा रंग देखने को मिला। एक वर्ष बाद बप्पा के आगमन को लेकर भक्तो ने अपने घरो व पंडालों को साज सज्जा कर सजाया। गणपति बप्पा के आगमन के उत्सव मे लोगों ने अपने घरों में बप्पा का स्वागत किया है। देवों के देव महाराज के प्राकट्य के साथ ही घरों व पाडालो मे गणपति बप्पा मोरया की ध्वनि और उत्साह भरा माहौल देखने को मिला। यहां लोग न तो केवल बप्पा के मूर्तियों को सजा रहे हैं, बल्कि उन्होंने भगवान का स्वागत ध्वनि में बप्पा मोरया की गूंज के साथ किया है। घरों के द्वार-दीवार में रंगों की बर्छी, पंडालों में प्रसाद की सुगंध, और श्रद्धालुओं की भावुक भक्ति ने उत्सव को और भी प्रसन्नतम बना दिया है।

इस अवसर पर लोग अपने परिवार के साथ खुशियों का त्योहार मना रहे हैं और बप्पा की कृपा से सबकी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना कर रहे हैं।

इस उत्सव के दौरान गणपति बप्पा की भक्ति और आदर्श विशेष रूप से प्रकट हो रही है, जो सामाजिक एवं धार्मिक संदेश को भी साथ लेकर चल रही है।

# किडनी व लिवर की जांच पांच दिन से बंद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में लगी सेलेक्ट्रा मशीन की मरम्मत के बाद ट्रायल चल रहा है। इससेपांचवें दिन भी मरीजों के सैंपल नहीं लिए गए। किडनी, लिवर और लिपिड प्रोफाइल (खून में कोलेस्ट्रॉल की जांच) कराने पहुंचे 32 मरीजों को लौटना पड़ा। जिला अस्पताल में सोमवार सुबह मशीन में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसके बाद मशीन की मरम्मत न होने से जांचें बंद चल रही हैं। बुधवार को मशीन की मरम्मत कराई गई। इसके बाद मशीन में फिर दिक्कत आ गई। गुरुवार को फिर मरम्मत कराई गई और ट्रायल किया गया। शुक्रवार को जांच के लिए पहुंचे 32 मरीजों के सैंपल नहीं लिए गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने उनसे अगले दिन आने के लिए कहा। सीएमएस डॉ. आरए मिर्जा ने बताया कि मशीन की मरम्मत करा दी गई है, लेकिन ट्रायल के कारण अभी सैंपल नहीं लिए गए हैं।

# करणी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने शिवांश चंदेल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर निवासी करणी सेना के संगठन महामंत्री शिवांश चंदेल को संगठन में दिए गए दायित्व के निर्माण में निर्वहन में पूरी ईमानदारी से किए गए कार्यों का इनाम दिया गया हाल ही में दिल्ली में आयोजित की गई करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शिवांश चंदेल को प्रदेश संगठन मंत्री से पदोन्नति करते हुए उत्तर प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वसम्मत से चुना गया है संगठन के सभी पदाधिकारी की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शालिनी गोयल उद्घोषित करते हुए शिवांश चंदेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की सूचना दी है बैठक के बाद कार्यकारी अध्यक्ष शिवांश चंदेल बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ पदाधिकारी का स्नेह प्राप्त किया जबकि संस्थापक अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू का आशीर्वाद भी प्राप्त किया उनके माननीयों के बाद पूरे औरंगपुरसांभी गांव, बिल्हौर तहसील क्षेत्र में युवाओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है संगठन में पदोन्नति के बाद दर्जनों युवाओं ने मिठाई बांटकर अपना हर्ष व्यक्त किया युवा ने जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया।

# डंपर की टक्कर से श्रमिक की मौत के बाद लगाया जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




चकलवंशी। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर डीहा गांव के पास ट्रैक्टर में डंपर ने टक्कर मार दी। घटना में श्रमिक की मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया। ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। आक्रोशित परिजनों ने गांव के सामने सड़क पर शव रख जाम लगा दिया। सीओ और तहसीलदार ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। तहसीलदार ने मुआवजा दिलाने का आश्वसन दिया लेकिन वह नहीं माने। इस पर पुलिस ने लाठी पटककर सभी को हटाया। करीब एक घंटे लोग जाम से परेशान रहे। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में लिया है।

माखी थानाक्षेत्र के उदितखेडा निवासी सुखवीर (25) पुत्र सुंदर ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम करीब 3:15 बजे बौनामऊ स्थित भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली में ईंट लेकर हरदोई की ओर जा रहा था। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर डीहा गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के परखचे उड़ गए और सुखवीर की मौके पर मौत हो गई। साथी श्रमिक हरेंद्र गंभीर घायल हो गया।

हादसे के बाद मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने घायल को स्वास्थ्य केंद्र भेजा और वाहनों को आगे पीछे कराकर यातायात शुरू कराया। हादसे से गुस्साए परिजनों ने शाम करीब चार बजे सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। दोनों ओर दो किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। सीओ सफीपुर माया राय और सदर तहसीलदार अविनाश चौधरी भी पहुंचे और 10 लाख की आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी जाम न खोलने पर पुलिस ने लाठियां पटक कर भीड़ को तितर-बितर किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस अमानवीय तरीके से शव गाड़ी में रखवाकर ले गई। मृतक सुखवीर पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था। तीन बहनें हैं। बेटे की मौत से मां सियावती व अन्य परिजन बेहाल हैं। थानाध्यक्ष संदीप मिश्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल का उपचार चल रहा है। डंपर चालक कब्जे में है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# ट्रक खराब होने से असोहा-जुनाबगंज मार्ग आठ घंटे जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**असोहा।** जुनाबगंज-असोहा मार्ग पर हुए गड्ढे के कारण एक ट्रक खराब हो गया। इससे मार्ग पर आवागमन बंद हो गया और कुछ ही देर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने खराब ट्रक को हटवाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। करीब आठ घंटे बाद जाम खुल सका। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण होने से भारी वाहनों को दही चौकी से मोहनलालगंज वाया पुरवा और मौरावां डायवर्ट किया जा रहा है। दो माह पहले दही-मोहनलालगंज मार्ग पर पड़ने वाले जबरेला सई नदी पुल के पिलर में दरार आने से उस मार्ग से आने वाले भारी वाहनों को कालूखेड़ा से मोहनलालगंज वाया असोहा और दरेहटा होकर निकाला जाने लगा। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भारी वाहनों के आवागमन से मार्ग ध्वस्त हो गया और सड़क में गहरे गड्ढे हो गए। शुक्रवार सुबह आठ बजे असोहा कस्बे में ध्वस्त सड़क के गड्ढे में ट्रक फंस गया। इसी बीच ट्रक में खराबी आ गई। ट्रक आगे नहीं निकल सका और देखते ही देखते मार्ग पर वाहनों की कतारें लगने लगीं। कुछ ही देर में मार्ग पर भीषण जाम लग गया। पुलिस को जाम खुलवाने में आठ घंटे लग गए। लोगों ने बताया कि इससे पहले तीन दिन लगातार इसी मार्ग पर चंदनखेड़ा के पास ध्वस्त सड़क पर ट्रक फंसने से जाम लगा था। एसओ विमलकांत गोयल ने बताया कि गहरे गड्ढों में वाहन फंस रहे हैं। इससे जाम की स्थिति बनी रहती है। लोक निर्माण विभाग के जेई से गड्ढों की मरम्मत कराने के लिए कहा गया है।

# पागल कुत्ते ने 37 लोगों पर हमला कर किया घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सफीपुर। कस्बे के अलग-अलग मोहल्लों में पागल कुत्ते के हमले से 37 लोग घायल हुए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां सभी को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया और मरहम पट्टी की गई। नगर पंचायत की रेस्क्यू टीम ने खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक कुत्ते को पकड़ा नहीं जा सका।

कस्बे के मोहल्ला सराय सूबेदार से लेकर हाताबाजार, सराय खुर्रम, ब्राह्मण टोला सहित 12 से अधिक मोहल्लों में शुक्रवार को एक पागल कुत्ते ने हमला शुरू कर दिया। एक के बाद एक बाद उसने 37 लोगों को अपना शिकार बनाया। इससे लोग दहशत में आकर घरों में कैद हो गए। हमले में राम स्वरूप का बेटा आर्यन, रामकेवल कुशवाहा (65), सूरज की छह साल की बेटी रितिका, गंगाप्रसाद (85), असगर (21) सहित कुल 37 लोग कुत्ते के हमले से घायल हो गए।

घायल लोगों को सीएचसी में भर्ती करवाया गया। यहां डॉक्टरों ने पहले सभी मरीजों के एंटी रैबीज लगाया। इसके बाद मरहम पट्टी करवाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि एंटी रैबीज के 85 वॉयल उपलब्ध हैं।

वहीं, नगर पंचायत ईओ विनीत श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी मिली है। टीम भेजकर कुत्ते को पकड़वाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जन शिकायतों के निस्तारण में उन्नाव को पहला स्थान




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जन शिकायतों के निस्तारण में उन्नाव को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। जिले के 19 थानों में शिकायतों का शतप्रतिशत निस्तारण किया गया है।

प्रत्येक माह आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण की प्रदेश स्तर से रैंकिंग तय होती है। इसी क्रम में अगस्त माह में जिले के 21 थानों में 19 थानों ने शिकायत निस्तारण में बेहतर प्रदर्शन किया। इससे उन्नाव को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ। बेहटामुजावर व माखी शिकायत निस्तारण में खरा नहीं उतर सका। सदर, बीघापुर, बांगरमऊ व पुरवा सर्किल के सभी थानों ने बाजी मारी।

# धार्मिक स्थलों पर सफाई में लापरवाही मिलने पर ईओ और जेई को नोटिस

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




नगर पालिका अध्यक्षा ने धार्मिक स्थलों पर सफाई कार्य में लापरवाही मिलने पर ईओ और जलकल जेई को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोष जनक जवाब न मिलने पर दोनों अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

गणेश महोत्सव पर शहर के धार्मिक स्थलों के अलावा जगह- जगह प्रतिमा स्थापित कर आयोजन कराएं जाएंगे। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता मिश्रा ने शहर के सभी धार्मिक स्थलों पर समुचित सफाई कराने के निर्देश ईओ और जलकल अभियंता को दिए थे। इसके अलावा चूना और एंटीलार्वा छिड़काव सहित अन्य जरूरी व्यवस्था कराने के लिए कहा था। अधिकारियों ने इस काम में लापरवाही बरती। इससे नगर पालिका अध्यक्ष के पास दो दिन से लगातार शिकायतें आ रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने ईओ संजय गौतम और जलकल अभियंता विवेक वर्मा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया। नगर पालिका अध्यक्षा ने बताया कि दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब संतोषजनक न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सभी धार्मिक स्थलों पर समुचित सफाई कराई जाएगी।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**6 शिकायतो में मात्र 16 का हुआ निस्तारित**

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



मौदहा नगर के तहसील भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज आए एक सैकड़ा से अधिक शिकायती मामलों में केवल एक दर्जन से अधिक मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका।

इस मौके पर क्षेत्र के काछिंन डेरा निवासियों ने अपर जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए अपने डेरा को नगर या किसी ग्रामीण पंचायत से जोड़ने की गुहार लगाई ताकि इन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जांच पड़ताल कर इस समस्या का निदान करने के निर्देश दिए हैं।

नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने की। इस मौके पर 116 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अपर जिला अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक के सामने रख उनके निदान की गुहार लगाई, मौके पर 16 फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर क्षेत्र के काछिन डेरा के दर्जनों निवासियों ने अपर जिला अधिकारी से गुहार लगाई कि उनके मजरे को अभी तक ना तो नगर से जोड़ा गया है नहीं किसी ग्राम पंचायत से जोड़ा गया है जिसके चलते यहां के वाशिंदों को सरकार द्वारा चलाई जा रही किसी भी योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है उन्होंने अपर जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि ग्राम रगौल, सिचौली पुरवा व फत्तेपुर को मौदहा में नगर में जोड़ दिया गया है लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। अपर जिलाधिकारी ने इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच पड़ताल कर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए है इसके अलावा अपर जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले शिकायती मामलों के संबंध में अधिकारियों को आगाह किया कि ऐसे मामलों की जांच पड़ताल कर समय रहते निस्तारण करें।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष यादव, तहसीलदार मनोज कुमार सिंह समेत क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।



## 12वीं की छात्रा को खेतों में खींचने का प्रयास, विरोध पर सिर फोड़ा दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। जिले में स्कूल से घर जा रही छात्रा का रास्ता रोककर शोहदे छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की, जिससे छात्रा बेहोश हो गई। छात्रा को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज, उरई रेफर कर दिया गया। राहगीरों ने दो शोहदों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पिता ने थाने में तहरीर दी है। मझगवां थाने के एक गांव निवासी एक पिता ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी नौरंगा गांव स्थित विद्यालय में कक्षा 12वीं की छात्रा है। वो प्रतिदिन साइकिल से स्कूल आती जाती है। शनिवार दोपहर में छुट्टी होने के बाद छात्रा साइकिल से घर जा रही थी। तभी रास्ते में नौरंगा निवासी युवक रास्ता रोककर छेड़छाड़ करते हुए खेतों की ओर खींच कर ले जाने लगे। बेटी के विरोध करने पर शोहदों ने डंडे से मारपीट कर दी। जिससे सिर में चोट लगने से बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ी। छात्रा के खून से लथपथ देख आरोपी मौके से भागने लगे। राहगीरों ने दीपक व ऋषभ को दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने छात्रा को नौरंगा सीएचसी में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि आरोपियों ने पहले भी छात्रा से छेड़छाड़ की थी। इस पर आरोपियों के घर उलाहना दिया था। मझगवां एसओ नंदराम प्रजापति ने कहा कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लूट की घटनाओं का खुलासा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**अचलगंज।** क्षेत्र में हुई ताबड़तोड़ दो लूट की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया। चार लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए 10 मोबाइल बरामद किए हैं। घटना में इस्तेमाल की गई अपाचे बाइक भी बरामद की है।

हड़हा गांव निवासी अंकुर बाजपेई के साथ एक सितंबर को लूट हुई थी। लुटेरे उनका मोबाइल लूटकर भाग निकले थे। उसके बाद 22 अगस्त को उन्नाव-लालगंज हाइवे पर जंगलेश्वर मंदिर के पास धर्मकांटा कर्मचारी सुनील को लुटेरों ने निशाना बनाया था। दोनों लूट की घटनाओं के बाद पुलिस ने लुटेरों की तलाश में लगी थी। सीसीटीवी तलाशे जा रहे थे। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि लुटेरों की बाइक का नंबर सीसीटीवी में दिखा था। उसी आधार पर लुटेरों तक पहुंचने में सफलता मिली। लूट की घटना का मुख्य आरोपी गंगाघाट कोतवाली के प्रीतमखेड़ा निवासी राजीव है। वह साथियों के साथ घटनाए कर रहा था। बाइक भी उसी की थी। उसे गिरफ्तार करने के बाद जब पूछताछ की गई तो उसने लूट में शामिल कर्मीबिजलामऊ निवासी कुलदीप राजपूत, लखापुर के शिवकुमार के साथ अफजल का नाम बताया। चारों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ राजेश्वर त्रिपाठी, विनय यादव, प्रवीण चौरसिया, ओमनारायण, संजय भाटी और संदीप पाल शामिल हैं।

# गाली गलौज के साथ जमकर मारपीट

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर जिले में भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग गांव में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस के अनुसार रामसजीवन पुत्र भरोसा निवासी ग्राम सुरौली बुजुर्ग को गांव के ही क्षत्रपाल सिंह के मध्य पैसा मांगने को लेकर विवाद हो गया था। क्षत्रपाल द्वारा शराब पीकर रामसजीवन उपरोक्त के साथ गाली गलौज व मारपीट करने की घटना संज्ञान मे आई है। सूचना पर थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# मवेशी से टकराकर आईटीआई छात्र की मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



हमीरपुर जिले के राठ में दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहे बाइक सवार मवेशी से टकरा गए। हादसे में बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दो साथी घायल हो गए। बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने थे। मुस्करा थाने के बसवारी गांव निवासी गयादीन वर्मा ने बताया कि उनका छोटा बेटा अमन कुमार (21) अपने साथी प्रदीप कुमार (20) व ब्रजेंद्र (21) के साथ बाइक से राठ में अपने साथी बंडवा निवासी रमजान के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए थे। शुक्रवार रात आठ बजे हमीरपुर रोड पेट्रोल पंप के पास सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से बाइक टकरा गई। हादसे में तीनों घायलों को एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां अमन की मौत हो गई। मृतक सरीला कस्बे के आईटीआई का छात्र था। पिता के नाम 14 बीघा जमीन है। परिवार में बड़ा भाई करन सिंह, मां कुसमारानी, बहन सुमन व संगीता हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तीजा मेले के कारण किया था डायवर्जन

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर जिले में तीजा मेले को लेकर किए डायवर्जन खुलने पर हाईवे पर जाम लग गया। इसमें स्कूली वाहन, एम्बुलेंस और रोडवेज बसें फंसी रहीं। भरुआ सुमेरपुर कस्बे में तीन दिवसीय तीजा मेले के चलते कानपुर-सागर हाईवे पर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। इसके बावजूद ज्यादातर भारी वाहन हाईवे में ही किनारे-किनारे पार्क होने शुरू हो गए हैं, जिसकी वजह से जाम की स्थिति पैदा हो गई है। शुक्रवार देर रात से ही भारी वाहन हाईवे में फंसे हैं।

कानपुर-सागर हाईवे पर तीन दिनों तक रूट को डायवर्ट किया गया है। महोबा की ओर जाने वाले भारी वाहनों को कुछेछा से छानी-बिवांर की ओर मोड़ा जा रहा है।

# ऑटो चालक की संदिग्ध हालात में मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सोनिक। शिवनगर मोहल्ले में रहने वाले ऑटो चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने करंट से मौत की बात कही। जबकि भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है। मूल रूप से आसीवन थानाक्षेत्र के खैराबाद निवासी देवेंद्र बाजपेई (35) पुत्र करुणाशंकर एक साल से दही थानाक्षेत्र के मोहल्ला शिव नगर में मकान बनवाकर पत्नी और बच्चे के साथ रह रहे थे। वह ऑटो चलाते थे। शुक्रवार दोपहर उन्हें अचेत अवस्था में पत्नी जिला अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर भाई आशीष और अन्य परिजन भी आ गए। पत्नी शोभा ने करंट से मौत की बात बताई, जबकि भाई आशीष ने हत्या का आरोप लगाया। बताया कि राजन की शादी सफीपुर कोतवाली के शकूराबाद निवासी महेश शुक्ला की बेटी शोभा से हुई थी। आशीष ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देश में एक ही संविधान और एक ही पीएमः शाह

**जब तक जम्मू कश्मीर में अशांति, पाकिस्तान से बात नहीं: कांग्रेस पत्थरबाजों को जेल से छुड़ाना चाहती है, ताकि घाटी में फिर आतंक फैले**



*** देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे अपना वोट डालेंगे**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। अमित शाह ने लोगों से कहा कि यह संयोग है कि भाजपा की पहली चुनावी रैली गणेश चतुर्थी के दिन शुरू हो रही है। आगामी चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। देश की आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के मतदाता तिरंगे के नीचे अपना वोट डालेंगे। अमित शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से एक बात कहना चाहता हूं कि आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, हम गुज्जर, बकरवाल, पहाड़ी और दलितों के आरक्षण को छूने नहीं देंगे। जब तक शांति नहीं होगी, पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। रैली में जम्मू कश्मीर के लोगों से बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ। पहली बार जम्मू कश्मीर का मतदाता दो झंडे नहीं, एक तिरंगे के नीचे अपना मतदान करेगा। पहली बार, दो संविधान नहीं, भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। पहली बार, पूरे जम्मू कश्मीर सूबे में प्रधानमंत्री नहीं बैठ सकता, प्रधानमंत्री एक ही होता है। जिसे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की जनता चुन कर भेजती है और वो हैं हमारे प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मैंने एनसी और कांग्रेस के एजेंडे को उजागर किया: शाह

आगे कहा कि हमने घर-घर जाकर इनके (नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस) विभाजनकारी एजेंडे के प्रति लोगों को जागरूक किया है। मैंने एक प्रेस वार्ता कर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के विभाजनकारी एजेंडे को उजागर किया था। लेकिन आज मैं आप सब के सामने आया हूं, क्योंकि मैं मीडिया से ज्यादा भरोसा आप पर करता हूं। क्योंकि मैं भी आपकी जमात वाला हूं, मैं भी बूथ अध्यक्ष रहा हूं।

### इसके बाद कांग्रेस और एनसी पर निशाना साधा

अमित शाह ने कहा कि अनुच्छेद-370 हटने से 70 साल के बाद जम्मू कश्मीर की माताओं-बहनों को अधिकार मिला है। नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस पार्टी ये अधिकार छीनना चाहती है। ये अधिकार आप छीनने दोग। नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस पार्टी पत्थरबाजी व आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छोड़ना चाहती है ताकि जम्मू, पुंछ, राजौरी जैसे क्षेत्र जहां शांति है, वहां फिर से आतंकवाद आए। क्या आप इन क्षेत्रों में आतंकवाद को फिर से आने दोगे? जम्मू-कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होना है, जबकि अन्य दो चरण 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

### 'स्टेट का दर्जा दिलाने पर राहुल बाबा मूर्ख बना रहे'

शाह ने आगे कहा- नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि हम जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। मैं अब्दुल्ला साहब और राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि आप जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा कैसे वापस देंगे? जनता को मूर्ख बना रहे हो आप क्योंकि जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा तो सिर्फ भारत सरकार ही दे सकती है।

### 'हम जम्मू-कश्मीर को ऑटोनॉमी नहीं बनने देंगे'

अमित शाह ने आगे कहा, नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी वाले कहते हैं, हम पहले जैसी व्यवस्था लाएंगे। क्या आप इससे सहमत हो? जिस ऑटोनॉमी की बात ने जम्मू-कश्मीर को आग में झुलसाया, घाटी में 40 हजार लोग मारे गए। ये कहते हैं, हम जम्मू-कश्मीर को ऑटोनॉमी देंगे। मैं आज कह कर जाता हूं, कोई भी ताकत ऑटोनॉमी की बात नहीं कर सकती।

### शाह बोले, पहली बार एक संविधान के तहत वोटिंग

शाह ने कहा- आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ। पहली बार, दो संविधान नहीं, भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। पहली बार, पूरे जम्मू-कश्मीर सूबे में प्रधानमंत्री नहीं बैठ सकता, प्रधानमंत्री एक ही होता है, जिसे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की जनता चुन कर भेजती है और वो हमारे प्रिय नेता पीएम मोदी हैं।

### पुराने सरकारों के मुखिया दिल्ली में कॉफी पीते थे

कश्मीर ने आतंकवाद से बहुत नुकसान उठाया है। कश्मीर में ऐसी सरकारें थीं जिन्होंने आतंकवाद के प्रति आंखें मूंद ली थीं। ऐसे लोग हैं जो शांति होने पर यहां आते और मुख्यमंत्री बन जाते और जब आतंकवाद होता तो वे दिल्ली जाते और कॉफी बार में कॉफी पीते। भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में आतंकवाद को 70त्न कम करने का काम किया है। सालों बाद घाटी में नाइट थियेटर शुरू हुआ, घाटी में ताजिया जुलूस निकाला गया।

### सरकार किसकी बनेगी, ये अब जनता तय करेगी

यहां अफवाह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार बनाने जा रही है। मैं बहुत छोटी उम्र से चुनावी आंकड़े सीख रहा हूं और मैं आपको यह बता रहा हूं कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भाजपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और चुनाव जीतेगी। वो दिन चले गए जब कोई और तय करता था कि किसकी सरकार बनेगी, अब जम्मू-कश्मीर के लोग तय करेंगे कि किसकी सरकार बनेगी।

# राज्य में कम हुई उग्रवाद से जुड़ी घटनाएं

## पुलिस थानों को और जन-केंद्रित बनाने की जरूरत: सीएम सरमा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि राज्य में उग्रवाद से जुड़ी घटनाओं में कमी आने के साथ ही पुलिस थानों को अधिक जन-केंद्रित स्थानों में परिवर्तित किया जाना चाहिए। इस दौरान सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सार्वजनिक सेवा जिम्मेदारियों में पुलिस कर्मियों की सहायता करने में नागरिक समितियों की भूमिका पर भी जोर दिया।

### उग्रवाद पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ- सरमा

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने राज्य के सभी 307 पुलिस थानों की नागरिक समितियों के पहले राज्य स्तरीय सम्मेलन में कहा कि पिछले तीन दशकों से असम उग्रवाद से लड़ रहा था। उग्रवाद विरोधी उपाय पुलिस के लिए फोकस बिंदु थे। मैं यह नहीं कहूंगा कि उग्रवाद पूरी तरह से खत्म हो गया है, लेकिन घटनाएं कम हो रही हैं। इसलिए पुलिस थानों को अधिक जन-केंद्रित स्थानों में तब्दील किया जाना चाहिए।

### 'अक्तूबर से काम करना शुरू करेंगी नई समितियां'

सीएम सरमा ने कहा कि अपराध दर में कमी आ रही है। जिन मामलों में फोरेंसिक राय की आवश्यकता नहीं है, उनमें आरोप पत्र समय पर दायर किए जा रहे हैं। हम अपने फोरेंसिक साइंस विंग में भी सुधार कर रहे हैं ताकि ऐसे मामलों में तीन महीने के भीतर आरोपपत्र भी दाखिल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई समितियां अक्तूबर से काम करना शुरू कर देंगी और 12 सदस्यीय समितियां जनता और पुलिस के बीच सेतु का काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### 'नागरिक समितियों की भूमिका से पुलिस का कम हो सकता है तनाव'

पुलिस कर्मियों की ड्यूटी की लंबी और कठिन प्रकृति को बनाए रखते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक समितियों की भूमिका कर्मियों को नागरिक कार्यों में संलग्न होने में मदद करने से कुछ तनाव भी कम हो सकता है। सीएम सरमा ने कहा कि समाज में सकारात्मकता पैदा करने से धीरे-धीरे लेकिन स्थायी सामाजिक बदलाव आ सकता है और समितियां पुलिस बल को सौंपी गई सार्वजनिक सेवा जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में मदद कर सकती हैं।

### समितियों को पुलिस और जनता के बीच बनाना होग समन्वय: हिमंत बिस्वा सरमा

उन्होंने आगे कहा कि पुलिसिंग के दो पहलू हैं - आपराधिक न्याय का प्रशासन और सार्वजनिक सेवा। पहले पहलू को भारतीय न्याय संहिता की तरफ से निभाया जाता है। आपराधिक न्याय, आपराधिक जांच, आरोप पत्र दाखिल करना पहले पहलू में ऑफिसर-इन-चार्ज की तरफ से निपटाया जाता है; समितियों का इस संबंध में कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, समितियों को पुलिस स्टेशन और जनता के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने होंगे।

## दो दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे यूएई के क्राउन प्रिंस, मुंबई के बिजनेस फोरम में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान जल्द दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्री पर उनका यह आधिकारिक दौरा 9-10 सितंबर को होगा। क्राउन प्रिंस के रूप में अल नाहयान का यह पहला भारत दौरा होगा। इस यात्रा के दौरान अल नाहयान के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापार मंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक, क्राउन प्रिंस नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मिलेंगे और राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद 10 सितंबर को अल नाहयान मुंबई का दौरा करेंग और एक बिजनेस फोरम में शामिल होंगे। जिसमें दोनों देशों के व्यापारिक नेता भाग लेंगे। मंत्रालय ने बताया कि भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से करीब और मित्रवत संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में कई क्षेत्रों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। जिनमें व्यापार, निवेश, राजनीतिक, संपर्क, उर्जा, तकनीक, शिक्षा और संस्कृति शामिल हैं। एमईए ने कहा, क्राउन प्रिंस का दौरा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगा और नए व उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के अवसर खोलेगा।



# मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

**घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या, फिर कुकी-मैतेई के बीच फायरिंग में 4 की जान गई**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफला

मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरिबाम में शनिवार को अलग-अलग दो घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से करीब सात किलोमीटर दूर हुई। संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। मृतक की पहचान कुलेंद्र सिंघा के रूप में हुई। वह घर में अकेले रहते थे। दूसरी घटना इसके बाद हुई। इसमें कुकी और मैतेई समुदायों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। इलाके में सुबह से लगातार गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। इंफाल में मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला, भीड़ ने हथियार लूटने की कोशिश की दूसरी तरफ, इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट में शुक्रवार (6 सितंबर) देर रात भीड़ ने मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। गुस्साई भीड़ सुरक्षाबलों से हथियार लूटना चाहती थी। पुलिस ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने पैलेट गन से कई राउंड फायरिंग की। मॉक बम और आंसू गैस के गोले भी दागे। सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच रातभर संघर्ष चला। 5 लोगों के घायल होने की खबर है। उन्हें जेएनआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक हथियार या गोला-बारूद लूटे जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, दोनों जगहों पर हिंसा में मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

### ताजा हिंसा के बाद राज्य में सभी स्कूल-कॉलेज बंद

राज्य में तनाव को देखते हुए सभी स्कूलों-कॉलेजों को बंद कर दिया गया है। कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी ने कानून-व्यवस्था लागू करने में सरकार की विफलता के विरोध में काम बंद करने और जनता कर्फ्यू का आह्वान किया है। इंफाल में सुबह से सभी दुकानें बंद हैं। सड़कें और बाजार सुनसान पड़े हैं। 7 दिनों में हिंसा की चौथी घटना, 1 सितंबर से अब तक 8 की मौत मणिपुर में 1 सितंबर से अब तक, 7 दिनों के भीतर हिंसा की 4 बड़ी घटनाएं हुई हैं। 7 सितंबर की घटना को छोड़ दें तो अन्य तीन घटनाओं में 3 लोगों की मौत और 12 घायल हुए हैं।

# चीन और पाकिस्तान दोनों सीमाओं पर आर्मी मजबूत और पूरी तरह तैयार: एनएस राजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय सेना के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमनी ने कहा है कि भारतीय सेना पाकिस्तान और चीन दोनों सीमाओं पर मजबूत और किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। सेना उप-प्रमुख शनिवार को चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। इसी दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए उक्त बात कही।

### सेना को मिले 297 अधिकारी

सेना उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमनी ने कहा कि भारतीय सेना हमेशा नई चुनौतियों के लिए तैयार है। दोनों सीमाओं पाकिस्तान और चीन पर हम मजबूत हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। चेन्नई स्थित ओटीए में परमेश्वरन ड्रिल स्कवायर में मिलिट्री परेड के बाद सेना को 297 अधिकारी मिल गए। इनमें से शॉर्ट सर्विस कमीशन के पुरुष अधिकारियों का 118वां बैच और 18वां महिला अधिकारियों का बैच शामिल हैं। पासिंग आउट परेड में मित्रवत देशों के दस कैडेट अधिकारियों और पांच कैडेट अधिकारियों (महिला) ने भी सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया।


### सैनिकों की कमान संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

थल सेना उपप्रमुख ने अपने संबोधन में कैडेट अधिकारी और ओटीए कर्मियों की अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, आपको जल्द ही दुनिया के कुछ बेहतरीन सैनिकों की कमान संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ होगा। ये सैनिक आपकी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं। अब आपको उनके जीवन और कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसलिए, अपनी कमान को युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए कुशल, अनुशासित और धैर्यवान बनाएं।

# हिंडनबर्ग मामले में सेबी प्रमुख को तलब कर सकती है पीएसी

## लंबित के अलावा 161 अन्य मामलों की भी करेगी जांच

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसदीय अधिनियमों के तहत स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा का फैसला किया है। इसके तहत ही समिति अदाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के दावों की जांच को लेकर हितों के टकराव के आरोपों का सामना कर रही सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को तलब कर सकती है। कांग्रेस नेता और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली पीएसी ने स्वत- संज्ञान लेकर अपने एजेंडे में नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा, बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में सुधार, केंद्र प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा जैसे विषयों को शामिल करने का फैसला किया। पीएसी ने अपने कार्यकाल के दौरान जांच के लिए पिछले वर्ष के लंबित मामलों के अलावा 161 अन्य विषय चयनित किए हैं। पीएसी अध्यक्ष वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि समिति आरोपों की जांच के लिए माधबी पुरी को बुलाने पर फैसला लेगी। कांग्रेस ने बुच के पूर्णकालिक सेबी सदस्य बनने के बाद पूर्व नियोक्ता आईसीआईसीआई बैंक से भुगतान लेने पर भी सवाल उठाए हैं और मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की है। वहीं, भाजपा सांसद और समिति के सदस्य निशिकांत दुबे ने इस पर सवाल उठाया कि आरोपों के आधार पर बुच की जांच की जा सकती है।

# कृषि पर असर डाल रहा वायु प्रदूषण

## भारत-चीन में किए परीक्षणों से खुलासा, पैदावार 15 फीसदी तक घटी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन, जंगलों में लगती आग और वायु प्रदूषण का दुष्चक्र न सिर्फ इन्सानी सेहत को, बल्कि कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। यह जानकारी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने नई रिपोर्ट में दी है। डब्ल्यूएमओ की ओर से जारी ताजा वायु गुणवत्ता और जलवायु बुलेटिन में दुनियाभर के जंगलों में लगती आग की घटनाओं के साथ वायु प्रदूषण के फसलों पर पड़ रहे हानिकारक प्रभावों पर विशेष रूप से ध्यान दिया है। यह बुलेटिन विशेष रूप से सात सितंबर को मनाए जाने वाले इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज के मौके पर जारी की गई है। बुलेटिन के अनुसार, खुली हवा में घुला जहर हर साल दुनियाभर में 45 लाख से अधिक जिंदगियों को असमय निगल रहा है। इतना ही नहीं यह कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर भी गहरी चोट पहुंचा रहा है। प्रदूषण के ये कण उन क्षेत्रों में फसलों की पैदावार को कम कर रहे हैं जहां उपज लोगों का पेट भरने के लिए बेहद मायने रखती है। यह समस्या भारत, पाकिस्तान, चीन, मध्य अफ्रीका, और दक्षिण पूर्व एशिया में कहीं ज्यादा गंभीर है, जो इसके प्रमुख हॉटस्पॉट हैं।

### पत्तियों तक पहुंचने वाली सूर्य की रोशनी रुक रही

भारत और चीन में किए परीक्षणों से पता चला है कि बेहद प्रदूषित क्षेत्रों में प्रदूषण के ये महीन कण फसलों की पैदावार को 15 फीसदी तक कम कर रहे हैं। ये पत्तियों तक पहुंचने वाली सूर्य की रोशनी को रोक देते हैं साथ पत्तियों पर मौजूद छोटे-छोटे छिद्रों को अवरुद्ध कर देते हैं। ये छिद्र पौधों को कार्बन डाइऑक्साइड लेने और जल वाष्प छोड़ने में मदद करते हैं। दूसरी तरफ कृषि भी कई तरह से प्रदूषण के इन महीन कणों में योगदान देती है। फसल अवशेषों को जलाने, उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग, मिट्टी की जुताई, कटाई और भंडारण और खाद के उपयोग जैसी गतिविधियों से यह कण व उनके अग्रदूत पैदा होते हैं।

# तैयारी: टीकाकरण की मिलेगी ऑनलाइन जानकारी, गर्भवती महिलाओं-नवजातों के लिए इसी महीने शुरू होगा यूविन पोर्टल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के टीकाकरण को लेकर इसी माह यूविन पोर्टल लॉन्च होगा। यह कोविन प्लेटफॉर्म की तरह कार्य करेगा। अगर कोई गर्भवती महिला या शिशु टीकाकरण से वंचित रहता है तो उसकी जानकारी ऑनलाइन ही संबंधित क्षेत्र की स्वास्थ्य टीम को मिल जाएगी और घर जाकर उसका टीकाकरण किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव डॉ. अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को बताया कि कोरोना महामारी के दौरान कोविन प्लेटफॉर्म के जरिये देश में 200 करोड़ से ज्यादा टीकाकरण हुआ जो पूरी दुनिया में सबसे अधिक है। भारत में पिछले कई साल से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। बीते 2023 में इस टीकाकरण ने करीब 80 फीसदी का लक्ष्य हासिल किया। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि काफी संख्या में गर्भवती महिलाएं और शिशु टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं।

### शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की तैयारी

डॉ. चंद्रा के मुताबिक, इस लक्ष्य को शत प्रतिशत तक ले जाने के लिए यूविन पोर्टल को डिजाइन किया है। करीब एक साल से यह प्लेटफॉर्म देश के कुछ हिस्सों में बतौर पायलट के तौर पर चल रहा है। अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च करने की तैयारी है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, इस माह में लॉन्च होने वाला यूविन प्लेटफॉर्म टीकाकरण का ऑनलाइन प्रबंधन है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तकनीक से देश में हर साल तीन करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और सालाना जन्म लेने वाले लगभग 2.7 करोड़ बच्चों के टीकाकरण और दवाओं का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

### एक ही पोर्टल में संयोजित करने का प्रयास

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय डिजिटल मिशन का एक लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच असमानता को कम करना है। केंद्र सरकार अपनी प्रमुख योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से उसी मॉडल को दोहराना चाहती है। टेलीमेडिसिन, टेलीमानस और ई-रक्तकोष जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पहले से ही कई पोर्टल संचालित हैं, और उन्हें एक ही पोर्टल में संयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## यूएई से वापस लाया गया हत्या का आरोपी, 2005 से केरल पुलिस को थी तलाश, सीबीआई ने जारी किया था रेड नोटिस

*** शमसुदीन पर तलवार से गंभीर हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में वांछित था**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केरल

साल 2005 में केरल के कोझिकोड शहर में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपी खमीस ओथमान अल हम्मादी ओथम को 6 सितंबर को नई दिल्ली लाया गया और केरल पुलिस को सौंप दिया गया। बता दें 2005 में आरोपी ने कोझिकोड में द क्रिमिनल नामक एक दैनिक अखबार के मालिक शमसुदीन पर तलवार से गंभीर हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में वांछित था। केंद्रीय एजेंसी की तरफ से मामले में जारी किए एक विज्ञप्ति में कहा, तीन आरोपियों के एक समूह ने कथित तौर पर 15 जुलाई, 2005 को केपी चंद्रन रोड, कसाबा में एक कार में आए और मोटरसाइकिल सवार शमसुदीन, द क्रिमिनल नामक एक दैनिक के मालिक पर तलवारों से हमला किया था।

### आरोपी ने शख्स पर तलवार से किया था हमला

केंद्रीय एजेंसी की तरफ से मामले में जारी किए एक विज्ञप्ति में कहा, तीन आरोपियों के एक समूह ने कथित तौर पर 15 जुलाई, 2005 को केपी चंद्रन रोड, कसाबा में एक कार में आए और मोटरसाइकिल सवार शमसुदीन, द क्रिमिनल नामक एक दैनिक के मालिक पर तलवारों से हमला किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)